WWW.NAVPRADESH.COM

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर...
2 | देश-विदेश
4 | अभिव्यक्ति
8 | छत्तीसगढ़
11 | खेल/बिजनेस

रायपुर, मंगलवार, 29 जुलाई 2025 शुक्ल पक्ष- पंचमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 166 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

मुख्यमंत्री साय ने हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कर हजारों कांवड़ियों का किया स्वागत

- हर-हर महादेव से गूंज उठा भोरमदेव
- ऐतिहासिक और पुरातात्विक तीर्थ स्थल बाबा भोरमदेव में भक्ति और श्रद्धा की गूंज

रायपुर/नवप्रदेश। सावन मास के तीसरे सोमवार को छत्तीसगढ़ के प्राचीन, धार्मिक, ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व के तीर्थ स्थल बाबा भोरमदेव मंदिर में भक्ति और श्रद्धा की गूंज उस समय चरम पर पहुँच गई जब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हजारों कांवड़ियों और शिवभक्तों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत और अभिनंदन किया।

भोरमदेव कॉरिडोर के लिए 146 करोड़ मंजूर

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत भोरमदेव कॉरिडोर विकास के लिए 146 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी परियोजना को मंजूरी दी गई है। यह परियोजना न केवल मंदिर परिसर का कायाकल्प करेगी, बल्कि मड़वा महल, छेरकी महल, रामचुवा से लेकर सरोदा जलाशय तक एक समग्र धार्मिक-पर्यटन कॉरिडोर के रूप में विकसित की जाएगी।

इस शुभ अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्रीद्वय विजय शर्मा और अरुण साव उपस्थित थे। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब मुख्यमंत्री स्वयं श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए पुष्पवर्षा कर रहे हैं।

पुष्पवर्षा के पश्चात् मुख्यमंत्री श्री साय ने बाबा भोरमदेव मंदिर पहुंचकर मंत्रोच्चारण, विशेष पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक किया तथा प्रदेश की समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

आत्मीय भाव से अभिनंदन

मुख्यमंत्री साय ने मंदिर परिसर में उपस्थित कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं से भेंट कर उनका हालचाल जाना और पूरे आत्मीय भाव से अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सावन मास के तीसरे सोमवार को बाबा भोरमदेव की पावन धरती पर शिवभक्तों के साथ जुड़ना मेरे लिए अत्यंत सौभाग्य और गर्व का विषय शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

बेशक अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा व्यापारी है लेकिन खुद को धंन्ना सेठ समझने वाले डोनाल्ड ट्रंप के धंधे की भारत ने वाट लगा दी है। ट्रंप यह भूल गये हैं कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है। जिससे पंगा मोल लेने की हिमाकत कोई मूर्ख ही करेगा। अब भारत भी एक बड़ा कारोबारी बन रहा है। जिसके गल्ले पर जो बनिया बैठें हैं वे रिश्ते में डोनाल्ड ट्रंप के बाप लगते हैं। इधर ट्रंप टैरिफ टैरिफ भजते रहे और भारत ने इंग्लैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौता कर ट्रंप को जोर का झटका जोर से दे दिया।

19 साल की दिव्या देशमुख ने चेस विमेंस वर्ल्डकप जीता

नई दिल्ली/ए.। 19 साल की दिव्या देशमुख ने चेस का एफआईडीई महिला वर्ल्ड कप जीत लिया है। उन्होंने फाइनल में भारत की ही कोनेरू हम्पी को टाईब्रेक राउंड में हराकर खिताब जीता। वर्ल्ड चैंपियन बनने के साथ वे भारत की 88वीं ग्रैंडमास्टर भी बन गईं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख को फिडे महिला विश्व कप जीतने तथा कोनेरू हम्पी को उपविजेता बनने के लिए बधाई दी है। सोमवार को टाईब्रेक राउंड हुआ, जिसमें दिव्या ने 2.5-1.5 के स्कोर से बाजी मारी।

कर्नल सोफिया मामला: मंत्री कुंवर विजय शाह को सुप्रीम फटकार

नई दिल्ली (आईएएनएस)। मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री कुंवर विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ दिए गए विवादित बयान पर सर्वो'च अदालत ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई के दौरान मंत्री विजय शाह को फटकार लगाते हुए कहा कि आप हमारे धैर्य की परीक्षा ले रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान स्पष्ट शब्दों में कहा कि मंत्री विजय शाह की मंशा पर अदालत को शक है। शीर्ष अदालत ने सवाल किया कि क्या विजय शाह ने अब तक अपने बयान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है।

धर्मांतरण: छांगुर बाबा की बढ़ी मुश्किलें, 5 दिन की ईडी रिमांड में

लखनऊ(आईएएनएस)। धर्मांतरण के मास्टरमाइंड जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छांगुर बाबा को गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया, जहां से उसे पांच दिनों की ईडी रिमांड में भेज दिया गया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने छांगुर बाबा को अदालत में पेश किया और पूछताछ के लिए 7 दिन की रिमांड मांगी थी। कोर्ट ने सुनवाई के बाद छांगुर बाबा को 5 दिन की ईडी कस्टडी में भेजा।

अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस : प्रोजेक्ट टाइगर की उपलब्धियां, अवैध शिकार बनी चुनौती

नई दिल्ली (ए.)। हर साल 29 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस मनाया जाता है। यह दिन न केवल बाघों की घटती संख्या पर चिंता जताने का अवसर है, बल्कि उनके संरक्षण की दिशा में उठाए गए कदमों और भविष्य की योजनाओं को भी रेखांकित करता है। 2010 में रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में हुई टाइगर समिट में हुई थी, जहां बाघ रेंज वाले देशों ने बाघों के संरक्षण के लिए एक साझा संकल्प लिया था।

लोकसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर पक्ष-विपक्ष आमने-सामने

भारत के सैनिक शेर हैं

ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान रक्षामंत्री की पाकिस्तान को दो टूक

नई दिल्ली (आईएएनएस)। लोकसभा में सोमवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि शेर अगर मेंढकों को मारे तो उसका बहुत अच्छा संदेश नहीं जाता। भारत के सैनिक शेर हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा के दौरान कहा, हमारा इतिहास है कि हमने कभी भी किसी की एक इंच जमीन पर कब्जा नहीं किया। शेर अगर मेंढकों को मारे तो उसका बहुत अच्छा संदेश नहीं जाता। हमारी सेना शेर है। पाकिस्तान जैसा, जो अपने अस्तित्व के लिए दूसरों पर आश्रित हो, उससे मुकाबले का मतलब है अपना स्तर कम करना। हमारी नीति है, आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करना। हमारा पाकिस्तान विरोध उनकी आतंकवाद की नीति के कारण है। राजनाथ सिंह ने भगवान राम और कृष्ण का जिक्र करते हुए कहा हमारी प्रवृत्ति भगवान राम और भगवान कृष्ण से प्रेरित है, जो हमें शौर्य भी सिखाती है और धैर्य भी सिखाती है। हमने भगवान कृष्ण से सीखा शिशुपाल की 100 गलतियां माफ की जा सकती हैं, लेकिन अब हमने सुदर्शन चक्र उठा लिया है। इस सीख का हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी विदेश और रक्षा नीति में प्रयोग कर रहे हैं। आज भारत पहले दोस्ती का हाथ बढ़ाता है, लेकिन अगर कोई देश धोखा दे,

तो वह उसकी कलाई भी मरोडऩा जानता है।

नेता विपक्ष ने एक बार भी नहीं पूछा दुश्मन के कितने विमान मार गिराए : राजनाथ सिंह

'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर संसद में विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्षी नेताओं पर करारा हमला बोला। उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा, नेता प्रतिपक्ष हमेशा पूछा कि हमारे कितने विमान पाकिस्तान ने मार गिराए, एक बार भी नहीं पूछा कि दुश्मन के हमने कितने विमान मार गिराए। राजनाथ सिंह ने कहा कि विपक्ष को सवाल जरूर पूछना चाहिए, लेकिन सवाल उद्देश्यपूर्ण और राष्ट्रीय हित में होना चाहिए। शेष पृष्ठ 6 पर

विदेश मंत्री एस जयशंकर बोले- आतंकवाद किसी रूप में स्वीकार नहीं

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद हमने ठोस संदेश दिया। हमें पाकिस्तान को कड़ा जवाब देना था। 23 अप्रैल को हमने बैठक में सिंधु जल समझौता रोका। अटारी चेक पोस्ट को बंद किया गया था। पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजा गया। पाकिस्तान के रक्षा प्रतिनिधि को पाकिस्तान के दूतावास से वापस भेजा गया। पहलगाम हमले के बाद हमने वैश्विक समुदाय को पाकिस्तान के आतंकवाद के बारे में बताया। हम आतंकवाद को किसी प्रकार से स्वीकार

नहीं करेंगे। विदेश मंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। परिषद ने कहा था कि आतंकी घटना को अंजाम देने वालों को उचित दंड दिया जाए।

विदेश मंत्री-मोदी और ट्रंप में कोई बात नहीं हुई, विपक्ष पर भड़के शाह बोले- इन्हें किसी और देश पर भरोसा

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सदन को नौ मई की सुबह अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की फोन कॉल को लेकर जानकारी दी। उन्होंने सदन को बताया कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने कहा कि पाकिस्तानी बड़ा हमला कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे साफ कह दिया कि भारत

मुंहतोड़ जवाब देगा। जयशंकर ने किसी भी तरह की मध्यस्थता से इनकार करते हुए कहा कि सीजफायर की पहल पाकिस्तान की ओर से हुई थी। हमने साफ कह दिया था कि पाकिस्तान अगर युद्ध रोकना चाहता है तो उसके डीजीएमओ हमारे डीजीएमओ से शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने किया सवाल, कहा- आतंकवादी पहलगाम में कैसे आए? आप पीओके कब लेंगे ?

नई दिल्ली (आईएएनएस)। लोकसभा में सोमवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने सरकार से सवाल किया। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि रक्षा मंत्री ने यह नहीं बताया कि आतंकवादी पहलगाम में कैसे आए? कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा के दौरान लोकसभा में कहा, सदन में सच्चाई सामने आनी चाहिए। चाहे वह 'पहलगाम आतंकी हमले' की हो या 'ऑपरेशन सिंदूर' की या फिर 'विदेश नीति' की, सभी सच्चाई सामने आनी चाहिए। राजनाथ सिंह ने आज बहुत सारी जानकारी दी, लेकिन रक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने यह नहीं कहा कि पहलगाम के बैसरन में आतंकी कैसे आए? कैसे

पाकिस्तान से आतंकवादी पहलगाम पहुंचे और 26 लोगों की हत्या कर दी? रक्षा मंत्री भले न बताएं, लेकिन हम विपक्ष में होने के नाते देशहित में सवाल पूछेंगे। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सरकार से सवाल भी किया। उन्होंने कहा, देश जानना चाहता है। 100 दिन बीतने के बाद भी सरकार शेष पृष्ठ 6 पर

ललन सिंह का पलटवार: यूपीए सरकार में पनपा आतंकवाद

केंद्रीय मंत्री और सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने लोकसभा में जवाब दिया। उन्होंने गौरव गोगोई पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस सांसद ने सेना की वीरता, शौर्य और पराक्रम पर एक भी शब्द नहीं कहा।राजीव रंजन सिंह ने लोकसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा के दौरान कहा, आप (गौरव गोगोई) देशभक्ति की बात कर रहे हैं। आप इस पर बात कर रहे हैं कि कितने जहाज गिरे, लेकिन गौरव गोगोई ने एक शब्द भी सेना की वीरता, शौर्य और पराक्रम पर नहीं कहा। 2004 से 2014 तक यूपीए के शासनकाल में आतंकवाद पनपा है, उसे जगह मिली। जब यूपीए की सरकार थी, तब मैं भी सदन का सदस्य था और यूपीए शासन के समय में आतंकी घटनाओं में 615 लोग मारे गए, जबकि 2,006 लोग घायल हुए।

भारत ने पूरे विश्व को दिखा दिया कि संप्रभुता के खिलाफ कितना दृढ़ और निर्णायक : मोदी

- आतंकवादियों के लिए कहीं भी सुरक्षित पनाहगाह नहीं

चेन्नई (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे विश्व को ये दिखा दिया है कि अपनी सुरक्षा और संप्रभुता के खिलाफ किसी भी खतरे को लेकर को लेकर भारत का रूख कितना दृढ़ और निर्णायक है। उन्होंने कहा कि इस अभियान ने ये साफ संदेश भी दे दिया है कि आतंकवादियों और देश के दुश्मनों के लिए कोई भी सुरक्षित पनाहगाह नहीं है।

प्रधानमंत्री ने गंगईकोंडा चोलपुरम में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत के लोगों को नया आत्मविश्वास दिया है और पूरा विश्व इसे देख रहा है। श्री मोदी गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर में आदि तिरूवथिराई उत्सव के मौके पर यहां आये थे जो राजा राजेन्द्र चोल-1 की दक्षिण पूर्व की समुद्रीय यात्रा, उनकी जयंती और राजा द्वारा गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर

के निर्माण के 1000 वर्ष पूरे होने के मौके पर आयोजित किया गया है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि आज का भारत अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा , 'दुनिया ने भारत का उसकी संप्रभुता के विरुद्ध किसी भी खतरे का दृढ़ और निर्णायक जवाब देखा है। ऑपरेशन सिंदूर ने स्पष्ट संदेश भी दिया है कि आतंकवादियों और राष्ट्र के दुश्मनों के लिए कोई सुरक्षित पनाहगाह नहीं है। राजा राजेन्द्र चोल की विरासत का जिक्र करते हुए मोदी ने गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर का उल्लेख किया और कहा कि उन्होंने अपने पिता के सम्मान में इस मंदिर के गोपुरम (मंदिर टावर) की ऊंचाई शेष पृष्ठ 6 पर

राज्यसभा में गतिरोध जारी, कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित

नई दिल्ली(वार्ता)। बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग को लेकर राज्यसभा में सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध सोमवार को भी दूर नहीं हो सका और विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही पहले बारह बजे , फिर दो बजे और अंततः दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। बारह बजे के स्थगन के बाद दो बजे जब सदन की कार्यवाही पुनः शुरू हुई तो पीठासीन उप सभापति भुवनेश्वर कलिता ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रफुल्ल पटेल को समुद्र द्वारा माल वहन विधेयक 2025 पर चर्चा शुरू करने के लिए कहा। श्री पटेल के बोलने के लिए खड़े होते ही विपक्ष के सदस्यों ने आसन के निकट आकर हंगामा शुरू कर दिया।

श्रीनगर में सेना ने चलाया ऑपरेशन महादेव

3 आतंकी ढेर, दावा-पहलगाम हमले का मुख्य आरोपी हाशिम मूसा की भी मौत

सेना का सर्च ऑपरेशन जारी

श्रीनगर/ए.। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर के लिडवास में सेना ने सोमवार को 3 पाकिस्तानी आतंकियों को ढेर कर दिया है। इसकी जानकारी इंडियन आर्मी की चिनार कॉफ्रस ने दी है। सेना ने बताया कि ऑपरेशन महादेव के तहत यह कार्रवाई की गई है। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, मारे गए आतंकियों में पहलगाम हमले का मुख्य आरोपी हाशिम मूसा भी शामिल है। हालांकि सेना ने इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। भारतीय सेना मंगलवार को ऑपरेशन महादेव पर जानकारी दे सकती है। आतंकियों

के पास से अमेरिका निर्मित एम4 कार्बाइन,एके-47, 17 राइफल ग्रेनेड मिले हैं। इनके अलावा और भी कई संदिग्ध सामान बरामद हुए हैं। आर्मी प्रवक्ता ने बताया कि आतंकियों की पहचान करने की कोशिश जारी है। आज शाम तक मीडिया को ऑपरेशन महादेव पर जानकारी दी जाएगी। इंडियन आर्मी के अधिकारियों ने बताया कि खुफिया जानकारी के बाद सुबह सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान दूर से दो बार गोलियां चलने की आवाज सुनी गई।

गरमा - गरम

गांव में तनाव

आक्रोशित भीड़ ने चर्च में की तोडफ़ोड़, गांव में तनाव का माहौल, पुलिस बल तैनात

धर्मांतरित ग्रामीण के शव कफन-दफन पर बवाल

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर जिले के जामगांव में धर्मांतरण का मामला गरमाया हुआ है। धर्मांतरित ग्रामीण की मौत के बाद उनके शव को दफनाने पर दो दिनों से गांव में तनाव की स्थिति है। आज आक्रोशित भी? ने चर्च में घुसकर तोडफ़ोड़ की है. गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है. ग्रामीणों को रोकने की कोशिश की जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ईसाई समुदाय ने गांव की जमीन पर जबरन शव को दफनाया है. इससे आक्रोशित होकर ग्रामीणों ने चर्च में घुसकर तोडफ़ोड़ की है। जामगांव सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया है. ग्रामीणों की मांग है कि दफनाया गया शव बाहर निकालकर ईसाई कब्रिस्तान में दफन शेष पृष्ठ 6 पर

सरपंच ने कहा - जल्द उचित निर्णय ले प्रशासन

जामगांव की सरपंच भगवती उईके ने कहा, मौजूदा स्थिति बेहद तनावपूर्ण है। हम प्रशासन से मांग करते हैं कि समय रहते उचित निर्णय लिया जाए। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है, लेकिन ग्रामीणों की नाराजगी को देखते हुए हालात कभी भी बिगड़ सकते हैं। जिला प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

धर्मांतरण कानून पर मुख्यमंत्री को जानकारी का अभाव: बघेल

छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण को लेकर चल रही चर्चा के बीच मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार धर्मांतरण रोकने के लिए नया कानून लाएगी, जिसका ड्राफ्ट तैयार हो रहा है और जिसे अगले विधानसभा सत्र में पेश किया जाएगा। इस पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मुख्यमंत्री साय को इस मुद्दे पर जानकारी का अभाव है। सोमवार को आईएएनएस से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि 2006 में तत्कालीन रमन सिंह सरकार ने धर्मांतरण पर शेष पृष्ठ 6 पर

मलेशियाई पीएम ने की घोषणा- थाईलैंड-कंबोडिया में सीजफायर

बैंकॉक(आईएएनएस)। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच पिछले कई दिनों से जारी संघर्ष पर अब विराम लग गया है। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने सोमवार को घोषणा की कि दोनों दक्षिण-पूर्व एशियाई पड़ोसी देशों ने तत्काल और बिना शर्त युद्धविराम (सीजफायर) पर सहमति जता दी है। यह फैसला तब आया है जब मलेशिया ने दोनों देशों के बीच मध्यस्थता की पेशकश की थी ताकि सीमा पर लगातार बिगड़ते हालात पर काबू पाया जा सके। अनवर इब्राहिम ने कहा कि यह समझौता दोनों पक्षों द्वारा सीमा संघर्ष को शांतिपूर्वक सुलझाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। पिछले सप्ताह से शुरू हुए इस संघर्ष में थाईलैंड और कंबोडिया ने एक-दूसरे पर झड़प की शुरुआत करने के आरोप लगाए। इसके बाद दोनों पक्षों ने भारी तोपखाना और हवाई हमले तक कर डाले। मलयेशियाई पीएम की पहल पर हुए इस युद्धविराम से क्षेत्र में शांति बहाल होने की उम्मीद बढ़ी है। बता दें कि थाईलैंड और कंबोडिया के बीच हमले में अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है। इसके साथ ही, इंफ्रास्ट्रक्चर को भी नुकसान पहुंचा है। इससे पहले थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में सोमवार को एक भीषण गोलीबारी की घटना सामने आई, जिसमें कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और दो महिलाएं घायल हुईं। स्थानीय मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, 61 वर्षीय हमलावर ने बाजार में अचानक गोलीबारी शुरू कर दी और फिर अंत में खुद को भी गोली मार ली।

उपग्रह खराब मौसम, बादलों और बारिश के बावजूद दिन-रात पृथ्वी की स्पष्ट तस्वीरें लेने में सक्षम होगा

इसरो-नासा का संयुक्त उपग्रह 30 जुलाई को होगा लॉन्च, आपदा प्रबंधन में मददगार

■ चंद्रयान-4 मिशन के प्रति भी उत्साह

नई दिल्ली/आईएएनएस। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मिलकर एक अत्याधुनिक पृथ्वी अवलोकन उपग्रह विकसित किया है, जिसे 30 जुलाई 2025 को लॉन्च किया जाएगा। इस उपग्रह को भारत में निर्मित जीएसएलवी-एफ16 रॉकेट के जरिए 740 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थापित किया जाएगा। यह उपग्रह खराब मौसम, बादलों और बारिश के बावजूद दिन-रात पृथ्वी की स्पष्ट तस्वीरें लेने में सक्षम होगा। इसका उपयोग भूस्खलन, प्राकृतिक आपदाओं के प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन की निगरानी के लिए किया जाएगा।

सूर्य से जुड़े अहम डेटा इसरो को भेजे

इसरो अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने चेन्नई हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में बताया कि यह उपग्रह केवल भारत और अमेरिका ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए उपयोगी होगा।

उन्होंने बताया कि इसरो फिलहाल 55 उपग्रहों का संचालन कर रहा है और आने वाले चार वर्षों में इन्हें तीन अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित करने की योजना है। नारायणन ने सूर्य के अध्ययन के लिए भेजे गए आदित्य एल1 मिशन की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह उपग्रह 26 जनवरी को 1.5 किलोग्राम वजन के साथ लॉन्च किया गया था और इसने सूर्य से जुड़े अहम डेटा इसरो को भेजे हैं, जिनका वैज्ञानिक विश्लेषण जारी है।

चंद्रयान-4 मिशन के प्रति भी उत्साह

इसरो प्रमुख ने चंद्रयान-4 मिशन के प्रति भी उत्साह जताया। यह मिशन चंद्रमा की सतह से नमूने लाने के लिए होगा और इसरो इसे पूरी तरह सफल बनाने को प्रतिबद्ध है। इसके बाद चंद्रयान-5 मिशन भारत और जापान का संयुक्त प्रोजेक्ट होगा, जो चंद्रमा की सतह पर 100 दिनों तक काम करेगा।

श्रीहरिकोटा में पहला प्रक्षेपण

मानव मिशन की तैयारियों पर बात करते हुए नारायणन ने बताया कि इस साल दिसंबर में एक मानवरहित मिशन लॉन्च किया जाएगा। अगर यह सफल होता है, तो अगले साल दो और मानवरहित मिशन भेजे जाएंगे। प्रधानमंत्री की ओर से घोषित योजना के अनुसार, मार्च 2027 में भारत का पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन लॉन्च किया जाएगा, जिसके लिए श्रीहरिकोटा में पहला प्रक्षेपण वाहन तैयार किया जा रहा है।

■ न्यूज गैलरी

कर्नाटक : एक साल में 981 किसानों ने की आत्महत्या

बेंगलुरु (आईएएनएस)। कर्नाटक में किसानों की आत्महत्या का संकट थमने का नाम नहीं ले रहा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2024 से जुलाई 2025 के बीच

राज्य में 981 किसानों ने आत्महत्या की। 1 साल 4 महीने के वक्त में इतनी खुदकुशी किसानों की दयनीय स्थिति को उजागर करती है। यह स्थिति राज्य में कृषि संकट और अपर्याप्त समर्थन की गंभीर तस्वीर पेश करती है। हवेरी जिला इस सूची में सबसे ऊपर है, जहां 128 किसानों ने आत्महत्या की। इसके बाद मैसूरु (73), धारवाड़ (72), और बेलगावी (71) का नंबर आता है। वहीं, बेंगलुरु शहरी, बेंगलुरु ग्रामीण, उडुपी, और कोलार जिलों में कोई भी किसान आत्महत्या दर्ज नहीं हुई।

केंद्र सरकार लोकतंत्र को कमजोर करने का काम कर रही

बिहार में एसआईआर के जरिए वोटिंग का अधिकार छीनने की साजिश : खड़गे

नई दिल्ली (आईएएनएस)। बिहार विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर देश की सियासत गरमा गई है। सोमवार को विपक्षी दलों के सांसदों ने इस मुद्दे पर संसद परिसर में जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव सहित इंडी अलायंस के कई बड़े नेता और सांसद शामिल हुए।

कमजोर वर्गों से वोटिंग का अधिकार छीनना : सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर विरोध-प्रदर्शन से जुड़ा एक वीडियो शेयर करते हुए खड़गे ने पोस्ट में लिखा, संसद में इंडी गठबंधन जनता के अधिकारों की आवाज उठाता रहेगा। पूरे देश में एसआईआर लागू करवाकर एक साजिश के तहत कमजोर वर्गों से वोटिंग का अधिकार छीनना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोकतंत्र और संविधान पर हम आरएसएस-भाजपा की मनुवादी मानसिकता हावी नहीं होने देंगे।

मतदाता सूची को शुद्ध करने जरूरी कदम : एसआईआर को लेकर जारी सियासी संग्राम के बीच विपक्ष के आरोपों को नकारते हुए चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है।

एसआईआर लोकतंत्र पर सीधा प्रहार

यह विरोध-प्रदर्शन संसद के मकर द्वार के पास आयोजित किया गया, जहां विपक्षी नेता एक बड़ा बैनर लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। बैनर पर लिखा था- 'एसआईआर- अटैक ऑन डेमोक्रेसी'। यानी एसआईआर लोकतंत्र पर सीधा प्रहार है। केंद्र सरकार लोकतंत्र को कमजोर करने का काम कर रही है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने एसआईआर के खिलाफ नारे लगाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) एकतरफा और पक्षपातपूर्ण तरीके से किया जा रहा है, जिससे निष्पक्ष चुनाव की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। विपक्षी सांसदों ने यह भी मांग की कि एसआईआर जैसे गंभीर मुद्दे पर संसद में व्यापक चर्चा कराई जाए।

सुप्रीम कोर्ट में 'श्री बांके बिहारी मंदिर प्रबंधन अध्यादेश 2025' को चुनौती

नई दिल्ली(आईएएनएस)। मथुरा के वृंदावन में स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। श्री बांके बिहारी मंदिर प्रबंधन समिति ने यूपी सरकार के अध्यादेश 'श्री बांके बिहारी जी मंदिर ट्रस्ट अध्यादेश, 2025' को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि सीजेआई अब यह तय करेंगे कि इस मामले की सुनवाई कौन सी बेंच करेगी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की

पीठ ने श्री बांके बिहारी मंदिर प्रबंधन समिति की याचिका पर सुनवाई करते हुए मामले को मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के समक्ष भेजने का निर्देश दिया है। जस्टिस सूर्यकांत की बेंच में बताया गया कि इससे जुड़ी एक और याचिका दूसरी बेंच में लंबित है।

श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें : धामी

श्रद्धालुओं की संख्या नियंत्रित करते हुए चरणबद्ध व्यवस्था सुनिश्चित की जाए

देहरादून (आईएएनएस)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह

धामी ने सोमवार को सचिवालय में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों हरिद्वार स्थित मनसा देवी, चंडी देवी मंदिर, टनकपुर स्थित पूर्णागिरि धाम, नैनीताल के कैंची धाम, अल्मोड़ा के जागेश्वर मंदिर, पौड़ी स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर सहित अन्य प्रसिद्ध मंदिरों में श्रद्धालुओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। सीएम पुष्कर धामी ने कहा कि इन मंदिरों में भीड़ प्रबंधन, श्रद्धालु पंजीकरण, पैदल मार्गों और सीढ़ियों का चौड़ीकरण, अतिक्रमण हटाने और अन्य सभी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को सुगम एवं सुरक्षित दर्शन अनुभव प्राप्त हो। उन्होंने निर्देश दिए कि दोनों मंडलों के आयुक्तों की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया जाए। इस समिति में संबंधित जिलों के जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, विकास प्राधिकरणों के उपाध्यक्ष एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सदस्य के रूप में शामिल किया जाए।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम शुभा — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202507100400315/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका शुभा आ./पति श्री ललित कुमार निवासी खपरी तमोरा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उतई प.ह.न. 52 तह. व जिला दुर्ग	227/3	0.0132 हें वर्गफीट 1418.41	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम आशीष कुमार वर्मा — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202507100400317/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका आशीष कुमार वर्मा आ./पति श्री शिशुपाल वर्मा निवासी उतई तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उतई प.ह.न. 52 तह. व जिला दुर्ग	179/2 179/3	0.0120 हें 0.0120 हे 2620.57 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम रेणु सिंह — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202507100400291/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका रेणु सिंह आ./पति श्री कमलेश कुमार सिंह निवासी प्रगति नगर रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 52 तह. व जिला दुर्ग	224/92	0.0079 हें वर्गफीट 854.68	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम शिव कुमार चंद्राकर — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202507100400306/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका शिव कुमार चंद्राकर आ./पति स्व. देवीप्रसाद चंद्राकर निवासी धनोरा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग	119/52	0.0246 हें वर्गफीट 2644	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम श्रीमती शांति देवी — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202507100400323/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती शांति देवी आ./पति श्री एम.एम तिवारी निवासी चंद्रनगर अयप्पा नगर कोहका भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तह. व जिला दुर्ग	2461	0.060 हें वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम वेदप्रकाश साहू अन्य-1 — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202507100400368/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका वेदप्रकाश साहू अन्य 01 आ./पति श्री प्रेमराम साहू निवासी प्रगति नगर रिसाली भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 52 तह. व जिला दुर्ग	240/11	0.020 हें वर्गफीट 2400	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.202506100400055 /वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती कमला बाई देवांगन आ0/पति स्व. सीताराम देवांगन निवासी सुपेला भिलाई दुर्ग द्वारा ग्राम दुर्ग प. ह. नं. 19/47 खसरा नं 737/6, रकबा 0.012 हे. दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित व्यावसायिक प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुनर्निर्धारण हेतु छ0ग0 भू0रा0सं0 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2) (5) के तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उ?द्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति दावा स्वयं अयया अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति- दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202507103800016 /अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक श्रीराम साहू पिता स्व. फुल्ल सिंह, निवासी वार्ड 16 सिकोलाबस्ती दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग नजूल स्थित भूमि शीट क. 71 ए. भूखण्ड क. 72/3, रकबा 112.00 वर्गमीटर धारक फूल्ल सिंह आ. साधुराम के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 03.08.2022 को हो चुकी है व उनकी पत्नि की भी मृत्यु हो चुकी है उल्लेखित है। धारक के मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा उनके वारिसान पुत्र-पुत्री श्रीराम, कन्हैया साहू(मृत), राजेश साहू, खिलावन, मानकुंवर साहू, रमला साहू, कांति बाई साहू, निर्मला साहू सुमित्रा साहू दुर्गा बाई साहू व सुखदेव साहू आ. फुल्लसिंह के संयुक्त नाम पर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30.07.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.07.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम ओम प्रकाश — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202507100400301/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका ओमप्रकाश आ./पति श्री जगनूराम ध्रुवें निवासी केलाबाड़ी कसारीडीह दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग	60/24	0.0180 हें वर्गफीट 2000	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र./202507100700142 /अ-06/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका मीरा सिन्हा पिता/पति स्व. सुंदरलाल सिन्हा निवासी ग्राम वार्ड 42 कसारीडीह दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 767/193 रकबा 0.008 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार सुंदरलाल सिन्हा की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11.08.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18.07.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता मुकेश चतुर्वेदी पिता-श्री लखन लाल चतुर्वेदी, उम्र 34 वर्ष, निवासी-329/ख, वार्ड नं.-15, गंगा नगर, डुमरडीह, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) शपथपूर्वक कथन करता हूँ :- यह कि, मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ। यह कि, मेरे पुत्र करण कुमार (KARAN KUMAR) का जन्म 03/05/2014 को स्थान सामु. स्वा. केन्द्र उतई, जिला दुर्ग में हुआ है, जिसका पंजीयन कं.-1325 दिनांक 09/05/2014 को ऑफलाईन जारी हुआ है, जिसमें त्रुटिवश पिता का नाम मुकेश कुमार दर्ज हो गया है जबकि पिता का सही नाम मुकेश चतुर्वेदी (MUKESH CHATURVEDI) है तथा माता का नाम महेश्वरी (MAHESHWARI) है जो कि सही व सत्य है। यह कि, मेरे पुत्र करण कुमार (KARAN KUMAR) के जन्म प्रमाण पत्र में सुधार कर पिता का सही नाम मुकेश चतुर्वेदी (MUKESH CHATURVEDI) दर्ज करवाकर ऑनलाईन जारी करवाना चाहता हूं, जिस बाबत् यह शपथ पत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है। अत: यह शपथपत्र उक्त की प्रमाण स्वरूप पेश है।

शपथकर्ता मुकेश चतुर्वेदी पिता श्री लखन लाल चतुर्वेदी, निवासी-329/ख, वार्ड नं.-15, गंगा नगर, डुमरडीह, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती प्रभा डेढसेना पिता/पति गणेशराम डेढसेना निवासी अछोली तहसील डोगरगढ़ जिला राजनांदगांव के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 726/29 एवं 726/1 रकबा 0.004, 0.004 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/ वसीयतकर्ता श्रीमती प्रभा रानी सिन्हा के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 10.08.1999 को पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत/ अपंजीकृत वसीयतनामा के अधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.07.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18.07.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202507100700137 /अ-06/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण हक प्राप्तकर्तागण अल्फीया बेगम पति स्व. इरशाद अहमद खान, ना.बा. जीशान अहमद खान पिता स्व. इरशाद खान वली माता अल्फीया बेगम पति स्व. इरशाद अहमद खान निवासी म.नं.45 तकियापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग प.ह.नं. 19 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1041/106 रकबा 0.0012 हे. 139.33 वर्गफीट 12.95 वर्गमीटर लगान अभिलेखानुसार भूमि हकत्याग की जाने वाली सम्पत्ति का बाजार मूल्य 1,55,000/- रूपये भूमि को हक त्यागकर्ता अल्तमस अहमद खान पिता स्व. इरशाद अहमद खान निवासी न म.नं.-45, तकियापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग से पंजीकृत हकत्याग पत्र दिनांक 01/07/2025 को हकप्राप्तकर्तागण के पक्ष में निष्पादित किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत हकत्याग पत्र के आधार पर हक प्राप्तकर्तागण के पक्ष में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.08.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.07.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202507101000237 /अ-06/ सन्- 2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक / दानप्राप्तकर्ता - बेंजमिन बेनामिन पिता जोसेफ बेंजमिन निवासी 93, शिवा कॉलेज के पास, अय्यपा नगर सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45, रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख0नं0 2322 रकबा 0.0200 हे. / 2400 वर्गफीट, भूमि को रजिस्टर्ड दान पत्र के आधर पर दानकर्ता श्रीमती व्याकुलम पति जे. वेन्जनामिन निवासी - सुपेला भिलाई से दानप्राप्त किया है, कि नामांतरण किये जाने बाबत् आवेदन पत्र मय दानपत्र की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को दानप्राप्तकर्ता के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 11.08.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 21.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अनिता गायकवाड़ पति परमेश्वर गायकवाड़, उम्र 38 वर्ष, निवासी सिरसा रोड कोहका भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) वर्तमान पता- शहीद भगत स्कुल के पास तितुरडीह दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) की हूं। मेरे पुत्री सुमन साहू की जन्मतिथि 03.04.2012 है उसके जन्म प्रमाण पत्र सहित समस्त शैक्षणिक दस्तावेज में पिता का नाम संतराम साहू माता का नाम अनिता साहू अंकित है तथा उसके आधार कार्ड नंबर-2990 8340 8276 में पिता का नाम परमेश्वर गायकवाड़ अंकित है तथा वर्तमान में नाबालिक है। यह कि, भविष्य में मेरी पुत्री सुमन साहू के जन्म प्रमाण पत्र सहित समस्त शैक्षणिक दस्तावेज में पिता का नाम संतराम साहू एवं माता का नाम अनिता साहू विलोपित कर समस्त शैक्षणिक, शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अन्य अभिलेखों / दस्तावेजों में परिवर्तित /संशोधित नाम सुमन गायकवाड़ पिता का नाम परमेश्वर गायकवाड़ माता का नाम अनिता गायकवाड़ रख लिया है एवं इसी नाम से जाना, पहचाना एवं पुकारा जाता है। अत: मेरी पुत्री सुमन साहू के जन्म प्रमाण पत्र सहित समस्त शैक्षणिक दस्तावेज में पिता का नाम संतराम साहू एवं माता का नाम अनिता साहू नाम विलोपित कर समस्त शैक्षणिक, शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अन्य अभिलेखों / दस्तावेजों में परिवर्तित / संशोधित नाम सुमन गायकवाड़ पिता का नाम परमेश्वर गायकवाड़ माता का नाम अनिता गायकवाड़ लिखना चाहती हूं।

शपथकर्ती अनिता गायकवाड़ पति परमेश्वर गायकवाड़, निवासी सिरसा रोड कोहका भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) वर्तमान पता- शहीद भगत स्कुल के पास तितुरडीह दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202504101000034 /अ-06/ सन्- 2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.कं योगेन्द्र प्रताप सिंह पिता एच.पी. सिंह निवासी इंदिरा नग 202504101000034/1-6/वर्ष 2024-25 में आवेदिका/आवेदक सुपेला मिलाई द्वारा ग्राम - कुरूद प.ह.न. 11 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा न 274 रकबा 0.160 है. है। जो भूमिस्वामी नीलम सिंह पति योगेन्द्र प्रताप सिंह के नाम पर दर्ज है। जिसमें भूमिस्वामी नीलम टि पति योगेन्द्र प्रताप सिंह की मृत्यु दिनांक 10.08.2003 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदनमय दस्तोवज बी-01 की नकल, मृत्यु प्रमाण पत्र, ऋष्ा पुस्तिका की छ्या प्रति आ प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि फौती नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 14.08.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 25.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अनिता गायकवाड़ पति परमेश्वर गायकवाड़, उम्र 38 वर्ष, निवासी सिरसा रोड कोहका भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) वर्तमान पता शहीद भगत स्कुल के पास तितुरडीह दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) की हूं। मेरे पुत्र मानव कुमार साहू की जन्मतिथि 03.04.2012 है उसके जन्म प्रमाण पत्र सहित समस्त शैक्षणिक दस्तावेज में पिता का नाम संतराम साहू माता का नाम अनिता साहू अंकित है तथा उसके आधार कार्ड नंबर-8941 9979 2517 में पिता का नाम परमेश्वर गायकवाड़ अंकित है तथा वर्तमान में नाबालिक है। यह कि, भविष्य में मेरे पुत्र मानव कुमार साहू के जन्म प्रमाण पत्र सहित समस्त शैक्षणिक दस्तावेज में पिता का नाम संतराम साहू एवं माता का नाम अनिता साहू विलोपित कर समस्त शैक्षणिक, शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अन्य अभिलेखों / दस्तावेजों में परिवर्तित /संशोधित नाम मानव गायकवाड पिता का नाम परमेश्वर गायकवाड माता का नाम अनिता गायकवाड़ रख लिया है एवं इसी नाम से जाना, पहचाना एवं पुकारा जाता है। अत: मेरे पुत्र मानव कुमार साहू के जन्म प्रमाण पत्र सहित समस्त शैक्षणिक दस्तावेज में पिता का नाम संतराम साहू एवं माता का नाम अनिता साहू नाम विलोपित कर समस्त शैक्षणिक, शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अन्य अभिलेखों / दस्तावेजों में परिवर्तित /संशोधित नाम मानव गायकवाड पिता का नाम परमेश्वर गायकवाड माता का नाम अनिता गायकवाड़ लिखना चाहती हूं।

शपथकर्ती अनिता गायकवाड़ पति परमेश्वर गायकवाड़, निवासी सिरसा रोड कोहका भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) वर्तमान पता- शहीद भगत स्कुल के पास तितुरडीह दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं निलेश पराजिया आत्मज स्व. विजय कुमार पराजिया उम्र 42 वर्ष, जाति- सोनार, निवासी-मकान नंबर-ई.डब्लू.एस. 148, वैशाली नगर भिलाई, तह0 व जिला-दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं। मेरी जन्मतिथि 23.09.1982 है मेरा आधार कार्ड नंबर 9157 2328 1041 है, मेरी जाति-सोनार है जो अन्य पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत आता है, जो कि सत्य व सहीं है।

मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरी जाति गुजराती त्रुटि एवं भूलवश अंकित है, गुजराती जाति भारत देश के किसी भी प्रदेश में उल्लेखित नहीं है जबकि मेरे पिता जी स्व0 विजय कुमार पराजिया के दाखिला खारिज एवं स्थानांतरण प्रमाण पत्र में सहीं जाति सोनार अंकित है।

मेरे पुत्र जतिन पराजिया का जन्मतिथी 30.03.2011 एवं आधार कार्ड नंबर-3496 0448 9582 है जो नाबालिक है जिसके शैक्षणिक प्रमाण पत्र, टी.सी. दाखिला खारिज में जाति-सोनार अंकित है। मेरे पुत्र जतिन पराजिया के जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए पिता अर्थात मेरी जाति संबंधी टी.सी., दाखिला पंजी की मांग की गयी है जिसमें मेरी जाति टी.सी., दाखिला पंजी में गुजराती लिखी होने से एवं मेरे पुत्र जतिन पराजिया के जाति तथा मेरे स्वर्गीय पिता स्व0 विजय कुमार पराजिया के टी.सी., दाखिला में जाति-सोनार होने से विरोधाभाष हो रहा है। उक्त परिस्थिति में मेरे टी.सी., दाखिला पंजी में जाति-गुजराती को सुधार कर सही जाति-सोनार लिखना चाहता हूं।

शपथकर्ता निलेश पराजिया आत्मज स्व. विजय कुमार पराजिया उम्र 42 वर्ष, जाति- सोनार, निवासी-मकान नंबर-ई.डब्लू.एस. 148, वैशाली नगर भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202507103800027 /अ-20(4)/ वर्ष 2024-25

आवेदक देवी प्रसाद गुप्ता आ. स्व. गणेशी लाल गुप्ता निवासी शनिचरी बाजार दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित नजूल भूमि शीट कमांक 29 डी भूखड क0 134 सदर बाजार दुर्ग के संबंध मे तात्कालिक नजूल अधिकारी व्दारा रा0प्र0कं0 456 अ/20 (1) वर्ष 68-69 में कार्यवाही की जाती रही है। मृतक गणेशी लाल गुप्ता व्दारा प्रस्तुत आवेदन का निराकरण लंबित रहने की जानकारी होने पर उसके वारिसान देवी प्रसाद गुप्ता व्दारा प्रकरण की अग्रिम कार्यवाही किये जाने तथा भूखण्ड का प?ट्टा प्रदान किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। गणेशीलाल की मृत्यु दिनांक 30.04.2010 को हो चुकी है। नेशनल लोक अदालत समझौतानामा खण्डपीठ कमांक 2 दुर्ग द्वारा व्य.वाद कं. 0001 ए/2015 में पारित पंचाट पारित दिनांक 14.12.019 अनुसार उभय पक्ष द्वारा प्रस्तुत राजीनामा आवेदन एवं समझौतानामा के आधार पर प्रश्नाधीन भूखण्ड में स्वयं का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.08.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.07.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202507103000020 /अ-06/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेश कुमार पिता रामचरण उम्र 50 वर्ष निवासी - ग्राम शंकर नगर डुण्डेरा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक के पिता रामचरण पिता कलानाथ के नाम से सामिलात खाता में मौजा- उमरपोटी प.ह. नं. 52 रा.नि.मं. उतई स्थित भूमि खसरा नंबर 935 रकबा 0.4100 हे. भूमि स्थित है। आवेदक के पिता रामचरण पिता कलानाथ की मृत्यु दिनांक 22/04/2022 को हो चुकी है आवेदक एवं स्व. रामचरण की पत्नि कामती देवांगन, उपरोक्त संपत्ति का विधिक पुत्र एवं उत्तराधिकारी है। आवेदक अपने पिता की मृत्यु पश्चात् अपने पिता रामचरण पिता कलानाथ की स्वामित्व की भूमि को नामांतरण के माध्यम से स्वयं एवं अपनी माता के नाम नामांतरित करना चाहता है। मौजा उमरपोटी प.ह.नं. 52 रा.नि. मं. उत्तई स्थित भूमि खसरा नंबर 935 रकबा 0.4100 हे. भूमि रामचरण पिता कलानाथ का फौती आदेश दर्ज कर उक्त भूमि का नामांतरण आवेदक के नाम पर दर्ज किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14.08.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.07.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता संजीव कुमार ठाकुर आ. रामस्वरुप ठाकुर, उम्र-53 वर्ष निवासी-निवासी वार्ड क-06, हाई स्कूल रोड, बजरंग पारा, ए.सी.सी. जामुल, तहसील-भिलाई-03, जिला दुर्ग (छ.ग.) निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक पेश करती हूँ यह कि, मेरा उपरोक्त वर्णित नाम व पता शपथपत्र के सिरनामा में दर्शाये अनुसार है। यह कि, मेरे आधार कार्ड पेनकार्ड के दस्तावेजों में मेरा नाम संजीव कुमार ठाकुर आ. राम स्वरुप ठाकुर दर्ज है, जो कि सत्य व सही है। मुझे पूर्व में मौखिक रुप से घर के नाम सनत कुमार सेन के नाम से पुकारा जाता था, जिस कारण मेरे भारतीय जीवन बीमा निगम के बांड में मेरा नाम सनत कुमार सेन दर्ज हो गया है, जो कि गलत नाम है। उक्त नाम को मैंने अपने समस्त उपरोक्त अभिलेखों में विलोपित कर दिया है और वर्तमान में मेरा नाम संजीव कुमार ठाकुर आ. राम स्वरुप ठाकुर जाना एवं पहचाना जा रहा है। यह कि, संजीव कुमार ठाकुर व सनत कुमार सेन दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं के नाम है। यह कि, मैं अपने सभी दस्तावेजों में अपना सही व पूरा नाम संजीव कुमार ठाकुर आ. राम स्वरुप ठाकुर दर्ज कराना चाहता हूँ। जिस हेतु यह शपथ-पत्र माननीय महोदय के समक्ष प्रस्तुत है। भविष्य में मुझे सही / पूरा नाम संजीव कुमार ठाकुर आ. राम स्वरुप ठाकुर के नाम से जाना पहचाना व पढ़ा-लिखा व संबोधित किया जावें। अत: यह शपथ-पत्र मैं अपने नाम परिवर्तन के संबंध में गजट प्रकाशन हेतु शासकीय मुद्रणालय राजनांदगाँव (छ.ग.) के सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु निष्पादित कर रहा हूँ।

शपथकर्ता संजीव कुमार ठाकुर निवासी-वार्ड 6, हाईस्कूल रोड, बजरंग पारा, ए.सी.सी. जामुल, तहसील-भिलाई-03, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक/दानप्राप्तकर्ता विवेक सोना अन्य आ. स्व. ओंकार सोना साकिन मैत्रीकुंज रिसाली द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.नं. 49 रा.नि.मं. रिसाली तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 96/2 रकबा 0.020 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से दानकर्ता मनोरमा पति स्व. ओंकार सोना से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के अधार पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.07.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.07.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

सावन और हरियाली पर्व

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ की महिला इकाई 'प्रयासम' का आयोजन

रायपुर /नवप्रदेश । सावन मास की हरियाली और सांस्कृतिक समरसता को समर्पित एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ की महिला इकाई प्रयासम प्रगतिशील सखी मंच द्वारा किया गया। इस अवसर पर महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। कार्यक्रम की प्रमुख संयोजक अरुणा यादव, स्मिता यादव एवं रिंकी यादव रही, जिनके नेतृत्व में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अरुणा स्मिता, रिंकी, किरण, विद्या यादव, सीमा यादव, नीतू, अनुराधा, जया, मालती यादव, आकांक्षा यादव, सुनीता राजकमल यादव, मंजू यादव, अनिता यादव (सुनिता भाभी), आरती यादव, अनीता, कुसुम, किरण, भारती यादव, बेबी यादव, पूनम अहिर भाभी, अंजू दीप नीति यादव, नेहा पांडे, नम्रता यादव, सुनीता कमल यादव, मनीषा यादव, सुधा यादव, श्वेता यादव, और सुजाता यादव की सक्रिय सहभागिता उल्लेखनीय रही।

ऐश्वर्या की शिक्षा की राह अब होगी और आसान

■ सामाजिक संगठन ने तकनीकी शिक्षा के लिए प्रतिभाशाली छात्रा को दिया लेपटाप

रायपुर/नवप्रदेश । संकल्प, समर्पण और सहयोग जब एक साथ मिलते हैं, तो किसी की जिंदगी बदल सकती है। ऐसा ही प्रेरणादायक उदाहरण आज धमतरी में देखने को मिला, जब एक गरीब लेकिन प्रतिभाशाली छात्रा ऐश्वर्या गंगबेर को उसकी पढ़ाई की निरंतरता बनाए रखने के लिए एक लैपटॉप प्रदान किया गया।

ऐश्वर्या गंगबेर एक गरीब परिवार से हैं, लेकिन कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने शिक्षा को अपना लक्ष्य बना रखा है। वर्तमान में वह रुद्री स्थित भोपालराव पवार पॉलिटेक्निक कॉलेज में सिविल इंजीनियरिंग के द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। ऐश्वर्या के पिता मूर्ति बनाने का काम करते हैं। किसी तरह अपनी बेटी की पढ़ाई का खर्च उठा रहे हैं। परंतु, तकनीकी शिक्षा के इस दौर में लैपटॉप जैसे आवश्यक संसाधन की कमी ऐश्वर्या की प?ाई में बाधा बन रही थी।जब यह बात जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर के संज्ञान में आई, तो उन्होंने छात्रा की मदद के लिए तत्परता दिखाई। 'साथी समूह' के माध्यम से समाजसेवियों ने छात्रा की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया। आज सोमवार को कलेक्टर की उपस्थिति में साथी समूह के सक्रिय सदस्य आकाश कटारिया, अंकित लाठ एवं श्री निश्चल बोहरा के सहयोग से ऐश्वर्या को एक नया लैपटॉप प्रदान किया गया। यह केवल एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण नहीं, बल्कि ऐश्वर्या के सपनों को उ?ान देने का माध्यम बन गया है।

पहल केवल एक छात्रा की मदद भर नहीं है, बल्कि यह सामाजिक सहयोग, मानवीय संवेदना और शिक्षा के प्रति हमारे दायित्व का जीता-जागता उदाहरण है। ऐसे सामाजिक प्रयास से हर प्रतिभा को उसका हक मिल सकता है।' इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि ऐसे होनहार बच्चों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी केवल शासन की नहीं, बल्कि समाज के हर सक्षम व्यक्ति की भी है। उन्होंने कहा कि ''प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती, बस सही समय पर थोड़ा सहारा मिलने से बड़ी उड़ान भर सकती है।

संक्षिप्त खबरें

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंजारीडाड का किया आकस्मिक निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज मनेंद्रगढ़ जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंजारीडाड का निरीक्षण कर मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई, डॉक्टरों की उपस्थिति और उपचार की गुणवत्ता की समीक्षा की। स्वास्थ्य मंत्री ने मरीजों और परिजनों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना और चिकित्सक तथा मेडिकल स्टाफ को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंत्री जायसवाल ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उपचार और मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा। उन्होंने मरीजों के परिजनों से भी चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों से संवाद कर मरीजों की देखभाल में और अधिक संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिए। मंत्री जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार सभी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शासकीय अस्पतालों की सुविधाओं में लगातार विस्तार किया जा रहा है ताकि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके।

मराठी को क्यों नहीं बनाया ज्ञान की भाषा : रणजीत सावरकर

रायपुर /नवप्रदेश । महाराष्ट्र में चल रहे भाषा विवाद के चलते स्वातंर्त्य वीर विनायक दामोदर सावरकर के पोते रणजीत विक्रम सावरकर ने कहा कि जो लोग अपने ही पिता व चाचा के सिद्धांतों को भूला चुके हैं, वे मराठी भाषा को लेकर विवाद खड़ा कर रहे हैं। अगर इतना ही मराठी से प्रेम था तो जब वे सत्ता पर थे, उस समय मराठी को ज्ञान की भाषा क्यों नहीं बनाया। इस अवसर पर रणजीत सावरकर का अभिनंदन महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने सूत माला, शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंटकर किया। रणजीत सावरकर ने कहा कि देश के विरोधियों को समझ में आ गया है कि अगर देश को तोड़ना है तो महाराष्ट को तोड़ना होगा। क्योंकि महाराष्ट में देश की आर्थिक राजधानी मुंबई है। इसी के चलते महाराष्ट्र में भाषा विवाद चल रहा है। मैं मुंबई से आया हूं, वहां का स्थानीय मराठी यह बिल्कुल नहीं मानता कि यहां रहने वालों को मराठी आनी ही चाहिए।

प्रदेशभर के तहसीलदार-नायब तहसीलदारों का धरना प्रदर्शन

○ 3 दिन तक कामकाज होंगे प्रभावित

रायपुर/नवप्रदेश । प्रदेशभर के तहसीलदार और नायब तहसीलदार अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले आज से चरणबद्ध आंदोलन के तहत धरना-प्रदर्शन करने जा रहे हैं।संसाधन नहीं तो काम नहीं÷ के नारे के साथ किए जा रहे इस आंदोलन का आज पहला दिन है. जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिले के तहसीलदास और नायब तहसीलदार अवकाश लेकर प्रदर्शन कर बैठे है।

मांगों की अनदेखी

छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंह ने कहा की यह प्रदर्शन शासन द्वारा लंबे समय से लंबित कार्यक्षमता से जुड़ी समस्याओं, संसाधनों की कमी, पदोन्नति एवं संरचनात्मक सुधार की मांगों की अनदेखी के विरोध में किया जा रहा है। इसकी आज से जिला स्तर से रूप में हुई है. आज रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल सहित सभी जिलों में किया जा रहा है. पूरे प्रदेश में करीब से 550 के करीब तहसीलदार की संख्या है. कल 29 जुलाई को संभाग स्तर पर और 30 जुलाई को प्रांत स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

जानिए क्या है 17 सूत्रीय मांग

सभी तहसीलों में स्वीकृत सेटअप की पदस्थापना

सभी तहसीलों में कंप्यूटर ऑपरेटर, डब्ल्यूबीएन-केजीओ नायब नाजिर, माल जमादार भृत्य, वाहन चालक. आदेशिका वाहक राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों की पदस्थापना की जाए। यदि संभव न हो तो संबंधित तहसील को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित समय-सीमा की बाध्यता से मुक्त किया जाए।

तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नति प्रक्रिया

सीधी भर्ती और पदोन्नति का अनुपात पूर्व की भांति 50-50 रखा जाए और पूर्व में की गई घोषणा का तत्काल क्रियान्वयन किया जाए।

नायब तहसीलदार पद को राजपत्रित करने की मांग

इस आशय की पूर्व घोषणा का तत्काल क्रियान्वयन किया जाए।

ग्रेड पे में शीघ्र सुधार

तहसीलदार और नायब तहसीलदार के लंबित ग्रेड पे सुधार को शीघ्र किया जाए।

राजस्व मंत्री ने मुलाकात में सभी बातों को सुना

इसके पहले तहसीलदार और नया तहसीलदारों ने राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा के साथ मुलाकात की तहसीलदारों ने कहा कि राजस्व मंत्री ने मुलाकात में सभी बातों को सुना है। उन्होंने कहा कि तहसीलदारों की मांग जायज है सरकार जल्द इस पर निर्णय लेगी। लेकिन निर्णय लेने पर आज से निरंतर आंदोलन की शुरुवात की जा रही है।

राजधानी रायपुर में 1 साल में बनेंगे 7 नए ओवरब्रिज

■ ट्रैफिक समस्या-हादसों में आएगी कमी :मंत्री अरुण साव

■ विकास की रेखा और दिशा हैं सड़कें

रायपुर./नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर को 7 नए ओवरब्रिज की सौगात मिलने जा रही है. 25 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहर में एक साल के भीतर लोक निर्माण विभाग इन ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पूरा कर लेगा. इन प्रोजेक्ट्स के लिए बजट भी मंजूर कर दिया है. ओवरब्रिज बनाने के लिए उन सड़कों की पहचान की गई है, जहां सबसे ज्यादा ट्रैफिक जाम और हादसे होते हैं. पीडब्ल्यूडी ने इसी सर्वे के आधार पर तय किया गया कि किस सड़क पर नया ओवरब्रिज बनना है. नए ओवरब्रिज के निर्माण से ट्रैफिक जाम-हादसों में कमी आएगी और हर सड़क पर जनता के 20 मिनट बचेंगे।लोक निर्माण विभाग के मुताबिक, राजधानी में सबसे पहले ओवरब्रिज कालीबाड़ी चौक से पुलिस लाइन गेट और अमलीडीह चौक, केनाल लिंकिंग रोड पर द्रोणाचार्य स्कूल के पास बनेगा. अधिकारियों की योजना है कि इस ब्रिज के साथ ही गुढ़ियारी स्थित शुक्रवारी बाजार से स्टेशन की तरफ आने वाली सड़क पर भी ओवरब्रिज बनाने पर काम किया जा रहा है. इसके कारण इस इलाके को सीधे एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जा सकेगा. लोक निर्माण के अफसरों का दावा है कि नए ओवरब्रिज के लिए मुख्यालय से भी सहमति बन गई है।

मंत्रिमंडल विस्तार -जब ज़रूरत होगी मुख्यमंत्री तय करेंगे : विजय शर्मा

रायपुर /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चल रही अटकलों पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सधे हुए अंदाज़ में प्रतिक्रिया दी है। रायपुर में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि कुछ ना कुछ पद तो खाली होते ही हैं, जब ज़रूरत होगी, मुख्यमंत्री तय करेंगे। डिप्टी सीएम शर्मा ने आगे कहा मंत्रिमंडल बना है और कामकाज सुचारू रूप से चल रहा है। इसमें इतनी छटपटाहट क्यों है? किसी को छटपटाने की आवश्यकता नहीं है।

घुसपैठ रोकने के लिए पंचायतों में 'पलायन पंजी' की तैयारी

गृहमंत्री विजय शर्मा ने यह भी बताया कि राज्य सरकार पंचायत स्तर पर घुसपैठ पर अंकुश लगाने के लिए एक नई व्यवस्था लागू करने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि फिलहाल निर्णय नहीं हुआ है, लेकिन इस पर गंभीर चर्चा चल रही है।

अधिकारियों के गलत व्यवहार पर होगी सख्त कार्रवाई

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा नारायणपुर में अधिकारियों पर जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा करने के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दो टूक कहा, अगर कोई अधिकारी जनप्रतिनिधियों या आम नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार करता है, तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बल्कि सामान्य जन के साथ भी यदि कोई अधिकारी अनुचित व्यवहार करता है तो सरकार उसे गंभीरता से लेगी और निर्णय लेकर कार्रवाई करेगी।

तोमर बंधुओं पर कार्रवाई जारी

तोमर बंधुओं के दफ्तर पर हुई बुलडोजर कार्रवाई को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कार्रवाई अभी पूरी नहीं हुई है। यह तो सिर्फ शुरुआत है, तोमर बंधुओं के खिलाफ आगे और भी कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि न्यायालय द्वारा तय किए गए मापदंडों का पूरी तरह पालन किया जाएगा और उसी के अनुरूप आगे की कार्रवाई होगी।

वित्त मंत्री चौधरी ने किया पुसौर में उप पंजीयक कार्यालय का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। पुसौरवासियों को अब जमीन की रजिस्ट्री के लिए रायग? जिला मुख्यालय की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने आज जनपद पंचायत पुसौर परिसर में नवीन उप पंजीयक कार्यालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह कार्यालय शासन की जन-केन्द्रित सेवाओं की प्रतिबद्धता और त्वरित, पारदर्शी व्यवस्था का प्रतीक बनेगा।

चौधरी ने कहा कि यह केवल एक भवन का उद्घाटन नहीं, बल्कि ग्रामीण जनता को सुलभ, सस्ती और ते? रजिस्ट्री सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। स्थानीय स्तर पर सुविधा मिलने से समय, ऊर्जा और धन की बचत होगी। यह कार्यालय क्षेत्रवासियों को 65 प्रकार की रजिस्ट्री सेवाएं प्रदान करेगा, जिनमें विक्रय विलेख, दानपत्र, बंटवारा, हक त्याग, वसीयत और केसीसी बंधक जैसी प्रक्रियाएं शामिल हैं। इस कार्यालय में एक उप पंजीयक, दो ऑपरेटर और एक एमटीएस की नियुक्ति की गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के तुरंत बाद किसानों को दो साल का बोनस दिया गया।

प्रदेश में अब तक 595.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 595.2 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 934.5 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 303.1 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।रायपुर संभाग में रायपुर जिले मे 547.6 मि.मी., बलौदाबाजार में 536.5 मि.मी., गरियाबंद में 452.8 मि.मी., महासमुंद में 510.7 मि.मी. और धमतरी में 462.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 645.8 मि.मी., मुंगेली में 638.7 मि.मी., रायगढ़में 760.2 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 832.0 मि.मी., कोरबा में 660.0 मि.मी., गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 615.6 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 567.9 मि.मी., सक्ती में 706.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

दिमाग को कुछ न कुछ काम दो, तो मोबाइल पर नहीं जाएगा ध्यान: नितिन

■ शिक्षाविद् डा. नीति सिंह यदुवंशी बोलीं- शरीर का सर्केडियन रिदम सही होना जरूरी

रायपुर /नवप्रदेश। आप सभी से एक जिन्न की कहानी सुनी होगी। इसमें जिन्न आपके बताए कार्यों को करता है। इस कहानी का आगे का भाग कुछ ऐसा है कि जिन्न ने कहा मेरे पास कोई काम नहीं होगा, तो मैं तुम्हें यानी अपने आका को मार दूंगा। ऐसे में आप अपने मन के अंदर के जिन्न को कुछ न कुछ काम दें। अगर काम नहीं दोगे, तो वो आपको मोबाइल की ओर ले जाएगा जो आपके लिए नुकसान दायक है।

बच्चों के मोबाइल एडिक्ट होने के बारे में इस आशय के विचार साइकोलाजिस्ट, काउंसलर और मेडिटेशन शिक्षक नितिन श्रीवास्तव ने रखे। छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन और महाराष्ट मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वर्कशाप और छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले रायपुर निवासी प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान का यह अवसर था। श्रीवास?तव ने कहा कि आजकल के बच्चों में एक मिनट का भी धैर्य नहीं है। इसलिए वे एक मिनट के रील्स को सिर्फ पांच या 10 सेकंड में देखकर मोबाइल को स्क्राल कर देते हैं।

कोई आपकी गलती बताएं तो उसे सुनकर उसका विश्लेषण करें और सुधार करें

सुनना ही हमारे सुधरने का द्वार : मनीष सागर

अपनी गलती को सुनना भी बड़ी उपलब्धि

रायपुर /नवप्रदेश। टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में रविवार को विशेष प्रवचनमाला में परम पूज्य उपाध्याय भगवंत युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने कहा कि अपने इगो को हटाना होगा। आप जब सुनना शुरू कर दोगे तभी सुधार होगा। सुनना ही हमारे सुधरने का द्वार है। कोई आपकी गलती बताएं तो उसे सुनकर उसका विश्लेषण करें और सुधार करें। ऐसा करने वाला व्यक्ति जीवन में आगे बढ़ सकता है। इगो एक पहाड़ के समान होता है इगो को ध्वस्त करना पड़ेगा। उम्र के साथ परिपक्वता ब्, गंभीरता बढ़े, पद बड़े, प्रतिष्ठा बढ़े लेकिन इगो को घटाना होगा। जीवन में आप आगे बढ़ो लेकिन इगो को घटाते जाओ।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि व्यक्तित्व ऐसा बनाओ कि घर में हर छोटे और बड़े अपनी बात बगैर किसी घबराहट के आपसे खुलकर कह सकें। सुखी होने का फार्मूला यही है। कोई भी आपसे कहे तो आप सुन सको। घर वालों से पूछो कि मेरे को क्या सुधार करना चाहिए। यदि वे नहीं बोल सके तो बोलने लायक बनाना पड़ेगा। अपनी गलती को दिमाग में रखकर सुधारने का अभ्यास करें। हो सकता है फिर भी गलती होगी लेकिन आत्मविश्वास मजबूत रखें। आत्मविश्वास खोकर सुधार संभव नहीं है। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि कोई भी इस संसार में पूर्ण नहीं है। यदि मेरी अपूर्णता किसी ने बताई है तो मानो यह अच्छी बात है और सामने वाले ने आपको वह ध्यान दिया है और इस पर सुधार का कार्य करें। सुनना बहुत जरूरी है। सही सुनना, सुधार की बात को सुनना, अपनी बात को सुनना ये भी ब?ी उपलब्धि है। किसी की गलती देखें तो तुरंत ना टोके। उचित समय,उचित स्थान को देखकर धैर्य पूर्वक समझाएं। अपमान करने की भावना से किसी की गलती ना बताएं।जीवन की पहली पाठशाला, समाज की सबसे छोटी इकाई और हमारी सबसे छोटी दुनिया परिवार है। इस पाठशाला की परीक्षा में हमें उत्तीर्ण होने का पुरुषार्थ करना है। आज सभी जीवन की पहली पाठशाला में फेल हो जाते हैं। इस कारण ही परिवार में कलह, क्लेश और अशांति होती है और परिवार बिखर जाते हैं। उन्होंने कहा कि सबसे पहले खुद में सुधार की आवश्यकता है।

सुविचार

ये जिंदगी है जनाब जो हमे मंजिल का लालच दिखाकर पूरी उम्र सफर करने पर मजबूर करती है। - अज्ञात

विपक्ष की पाकिस्तान को क्लीन चिट

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिंदूर चलाकर उसे करारा सबक सिखाया था। अब संसद के मानसून सत्र में इस पर चर्चा के लिए समय तय कर दिया गया है किन्तु संसद के सत्र में इस पर चर्चा शुरू होने से पहले ही विपक्षी नेताओं ने सदन से बाहर इस पर विवादास्पद बयानबाजी करके एक तरह से पाकिस्तान को क्लीन चिट देनी शुरू भी कर दी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी.चिदंबरम ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर सवाल किया है कि इस घटना को अंजाम देने वाले आतंकवादी पाकिस्तान से ही आये थे इसका सरकार ने कोई सबूत नहीं दिया है। पी.चिदंबरम सबूत मांगकर पाकिस्तान की ही भाषा बोल रहे हैं। गौरतलब है कि पाकिस्तान ने अभी तक यह बात नहीं कबूल की है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीछे उसका कोई हाथ है। पाकिस्तान तो हर आतंकी हमले से इंकार करता रहा है। यदि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ नहीं होता तो भारत उसके खिलाफ बड़ी सैन्य कार्यवाही क्यों करता और उसके आतंकी अड्डों को नेस्तनाबूत करके लगभग सौ आतंकवादियों को जहन्नूम रसीद क्यों करता। पी.चिदंबरम की तरह ही कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने भी सवाल उठाया है कि आतंकवादी कौन थे कहां से आये थे और कहां चले गये। इसका सरकार जवाब दे। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने तो और भी बड़ा बोल बोला है उनका कहना है कि क्या आतंकवादी ऐयरलिफ्ट कर दिये गये हैं। समाजवादी पार्टी के सुप्रिमो अखिलेश यादव ने भी इसी तरह का बयान दिया है। इससे स्पष्ट है कि विपक्ष संसद के मानसून सत्र में इस मुद्दे पर चर्चा के दौरान अपना अलग ऐजेंडा चलायगा। जबकि सरकार चाहती है कि इस पर संसद में सार्थक चर्चा हो। किन्तु आज संसद शुरू होते ही फिर से विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया और उनके हंगामें के कारण प्रश्नकाल स्थगित करना पड़ा इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गहरी नाराजगी जताई और कहा है कि जब सरकार आपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए तैयार है और इसके लिए लोकसभा में 16 घंटे का समय निर्धारित कर दिया गया है तो इसके बाद भी विपक्ष हंगामा करके सदन की कार्यवाही में अवरोध उत्पन्न क्यों कर रहा है। विपक्षी नेताओं के इन बयानों पर पलटवार करते हुए भाजपा के सांसद अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस हमेश पाकिस्तान को बचाती रही है। बहरहाल बेहतर होगा कि सत्ता पक्ष और आरोप प्रत्यारोप से परे जाकर इस मुद्दे पर सार्थक बहस करें।

ड्रॉ मैच में टीम इंडिया के आत्मबल की जीत

भारत और इंग्लैंड के बीच हुआ चौथा टेस्ट मैच ड्रॉ हो गया किन्तु इस मैच में भारतीय बल्लेबाजों ने जो धैर्य दिखाया और दो दिनों तक बल्लेबाजी करके इंग्लैंड के गेंदबाजों के छक्के छुड़ा दिये वह काबिले तारीफ है। दूसरे शब्दों में कहें तो इस ड्रॉ मैच में टीम इंडिया के आत्मबल की जीत हुई है। चौथे दिन जब टीम इंडिया दूसरी पारी खेलने के लिए मैदान में उतरी थी और शून्य स्कोर पर भी टीम इंडिया के दो बल्लेबाज पवेलियन लौट गये थे तब इंग्लैंड की टीम ने मैदान पर जश्न मनाना शुरू कर दिया था और वे यह मानकर चल रहे थे कि चौथे दिन ही इंग्लैंड के गेंदबाज टीम इंडिया को ऑल आउट करके एक दिन शेष रहते भारतीय टीम को एक पारी से हरा देंगे। भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों की धडकने भी तेज हो गई थी और उन्हें भी यह लग रहा था कि भारत यह मैच हारकर सीरिज हार जाएगा। क्योंकि इंग्लैंड पहले ही 2-1 से आगे है। किन्तु शुभमन गिल और केएल राहुल ने 188 रनों की भागीदारी कर टेस्ट में भारत की वापसी करा दी। शुभमन गिल ने शानदार शतक जड़ा और केएल राहुल ने अर्धशतक बनाया। उनके आउट होने के बाद पांचवें दिन रविन्द्र जडेजा और वाशिंटन सुंदर ने 203 रनों की अविजित साझेदारी की और दोनों ने ही शतक जड़कर इंग्लैंड के मनसूबों पर पानी फेर दिया। रविन्द्र जडेजा का प्रदर्शन तो पूरी सीरिज में शानदार रहा है। पिछले पांच मैचों में उन्होंने चार अर्ध शतक और एक शतक लगाया है। कुल मिलाकर टीम इंडिया ने शानदार खेल दिखाकर मैच ड्रॉ कराया और पांचवें और आखरी टेस्ट मैच में टी इंडिया के जीत की संभावना जगाई है यदि भारत पांचवां मैच जीत जाएगा तो यह सीरिज 2-2 से बराबर हो सकती है।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆तुम्हारी दृढ़ निष्ठा गुरुगोविंद के चरणों में हो और इच्छा हो जाए कि ठाकुर को हीरे की पालकी पर बैठाना है तो बैठा दोगे।

◆ प्रेम 'स्वतंत्रता' देता है, प्रेम 'बाँधता' नहीं है। सच्चा प्रेम कभी किसी को बांधता नहीं, पंख देता उड़ने का ! उड़ो !!

◆ अज्ञानता पाप है, मत रहो अज्ञानी! पाप दुख का कारण है, मत रहो दुखी !

अज्ञानता का समूल नष्ट करने के लिए करोड़ों सूर्य के समान अज्ञान तिमिर को नष्ट करने के लिए गुरु की वाणी का पालन ही काफी है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1655 नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम में विश्व का सबसे बड़ा टाउनहाल खुला। 1786 पहला अख़बार पश्चिम के एललेघनी, पिट्स गैजेट में प्रकाशित हुआ। 1899 न्यूयॉर्क में पहली मोटरसाइकिल रेस का आयोजन हुआ। 1899 पहले हेग कन्वेंशन, पहले औपचारिक बयानों के बीच अंतरराष्ट्रीय कानून में युद्ध और युद्ध अपराधों के कानूनों पर हस्ताक्षर किए गए थे। 1993 इजरायल कोर्ट ऑफ अपील ने जॉन डेमजॉजुक के विश्वास को (5-0) पलट दिया। इसने कहा है कि वह पर्याप्त प्रमाण नहीं है, एकाग्रता शिविर इवान द टेरिबल। 1957 संयुक्त राष्ट्र ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) का गठन किया। 1958 अमेरिकी कांग्रेस ने अपनी अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) की स्थापना के लिए विधेयक पास किया। 2013 फ्रांस के कांस के एक होटल से 10.3 करोड़ यूरो के हीरे की चोरी हुई। 1983 पहले चालक रहित विमान 'मिनी' ने सफलतापूर्वक उड़ान भरी।

सांपों के प्रति समर्पण की सांस्कृतिक परंपरा है नाग पंचमी

योगेश कुमार गोयल

त्रेता युग में शेषनाग ने भगवान श्रीराम के छोटे भाई लक्ष्मण के रूप में धरती पर जन्म लिया था और द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम भी शेषनाग के अवतार माने गए हैं। वैसे वैज्ञानिक दृष्टिकोण से नागों को कृषक मित्र जीव माना गया है। दरअसल ये खेतों में फसलों के लिए खतरनाक जीवों, चूहों इत्यादि का भक्षण कर फसलों के लिए मित्र साबित होते हैं लेकिन वर्तमान समय में नागों या सांपों की खाल, जहर इत्यादि चीजों से बड़े व्यापारिक लाभ के लिए बड़ी संख्या में इन्हें मारा और बेचा जाता है। इसी कारण वन्य और जीव-जंतु विभाग तथा सरकारों द्वारा नागों को संरक्षित करने के लिए सांपों को पकड़ने और उन्हें दूध पिलाने पर रोक लगाई जाती है।

श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी को प्रतिवर्ष देशभर में नाग पंचमी का त्योहार मनाया जाता है, जो इस वर्ष 29 जुलाई को मनाया जा रहा है। हालांकि कुछ राज्यों में चैत्र तथा भाद्रपद शुक्ल पंचमी के दिन भी 'नाग पंचमी' मनाई जाती है। ज्योतिष के अनुसार पंचमी तिथि के स्वामी नाग हैं, इसीलिए मान्यता है कि नाग पंचमी के दिन भगवान शिव के आभूषण नाग देवता की पूजा पूरे विधि-विधान से करने से घर में सुख, शांति और समृद्धि के अलावा आध्यात्मिक शक्ति, अपार धन और मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है और सर्पदंश के भय से भी मुक्ति मिलती है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार नाग पंचमी इस बार हस्त नक्षत्र के शुभ संयोग में मनाई जाएगी। नाग पंचमी के दिन कुछ स्थानों पर 'कुश' नामक घास से नाग की आकृति बनाकर दूध, घी, दही इत्यादि से इनकी पूजा की जाती है जबकि कुछ अन्य स्थानों पर नागों के चित्र या मूर्ति को लकड़ी के एक पाट पर स्थापित कर मूर्ति पर हल्दी, कुमकुम, चावल, फूल चढ़ाकर पूजन किया जाता है और पूजन के पश्चात् कच्चा दूध, घी, चीनी मिलाकर नाग मूर्ति को अर्पित की जाती है। मान्यता है कि ऐसा करने से नागराज वासुकि प्रसन्न होते हैं और पूजा करने वाले परिवार पर नाग देवता की कृपा होती है।

कुछ धर्म ग्रंथों में नागों को पूर्वजों की आत्मा के रूप में भी माना गया है। हिन्दू धर्म की मान्यताओं के अनुसार नागों को पौराणिक काल से ही देवता के रूप में पूजा जाता रहा है और नाग पंचमी के दिन नाग पूजन करने का तो काफी ज्यादा महत्व माना गया है। भारत में कई स्थानों पर नाग देवता के कई प्राचीन मंदिर हैं और नागालैंड, नागपुर, अनंतनाग, शेषनाग, नागवनी, नागारखंड, भागसूनाग इत्यादि देश में कई स्थानों का तो नाम ही नागों के नाम पर ही रखा गया है। नागालैंड को तो नागवंशियों का मुख्य स्थान माना गया है और कुछ ग्रंथों में कश्मीर को भी नागभूमि कहा गया है। भारत में दक्षिण भारत के पर्वतीय इलाकों के अलावा उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम इत्यादि में नाग पूजा प्रमुखता से होती है। जिस प्रकार हमारे कुल देवताओं में देवी-देवता शामिल होते हैं, ठीक उसी प्रकार विभिन्न क्षेत्रों में नागों को भी 'स्थान देवता' माना जाता है। कई जगहों पर तो नागों को कुल देवता, ग्राम देवता और क्षेत्रपाल भी कहा जाता है। हमारे धर्म शास्त्रों के अनुसार कुल 33 कोटि देवी-देवता हैं, जिनमें नाग भी शामिल हैं।

नागों की उत्पत्ति और उनके पाताललोक वासी होने को लेकर महाभारतकालीन एक कथा प्रचलित है। वराहपुराण के अनुसार, महर्षि कश्यप की तेरह पत्नियां थी, जिनमें से एक थी राजा दक्ष की पुत्री कद्रू, जिसने महर्षि कश्यप की बहुत सेवा की, जिससे प्रसन्न होकर महर्षि ने कद्रू को वरदाने मांगने के लिए कहा। कद्रू ने उनसे एक हजार तेजस्वी नाग पुत्रों का वरदान मांगा। महर्षि कश्यप के वरदानस्वरूप कद्रू से ह नाग वंश की उत्पत्ति हुई लेकिन जब इन नागों ने धरती पर लोगों को डसना शुरू किया तो नागों से रक्षा के लिए सभी ने ब्रह्माजी से प्रार्थना की। तब ब्रह्माजी ने सभी नागों को श्राप देते हुए कहा कि जिस तरीके से तुम लोगों पर अत्याचार कर रहे हो, अगले जन्म में तुम सभी का नाश हो जाएगा। यह श्राप सुनकर नाग भयभीत हो गए और उन्होंने कातर स्वर में ब्रह्माजी से प्रार्थना की कि जिस प्रकार मनुष्यों के रहने के लिए उन्हें पृथ्वी दी गई है, उसी प्रकार उन्हें भी इस ब्रह्माण्ड में कोई अलग स्थान दिया जाए, जिससे इस समस्या का भी समाधान हो जाएगा। तब ब्रह्माजी ने उन्हें रहने के लिए पाताल देते हुए कहा कि अब से तुम सभी भूमि के अंदर पाताललोक में ही रहोगे। उसके बाद सभी नाग पाताललोक में निवास करने लगे। माना जाता है कि ब्रह्माजी ने मनुष्यों की नागों से रक्षा के लिए जिस दिन उनके पाताल में रहने की व्यवस्था की, उस दिन सावन महीने की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि थी और तभी से इसी तिथि पर नागों की पूजा के लिए 'नाग पंचमी' त्योहार मनाया जाने लगा।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार नाग भगवान शिव के गले का हार तो हैं ही, भगवान विष्णु भी समुद्र में शेषनाग की शैया पर विश्राम करते हैं और यह भी मान्यता है कि हमारी धरती इन्हीं शेषनाग के फन पर टिकी है। त्रेता युग में शेषनाग ने भगवान श्रीराम के छोटे भाई लक्ष्मण के रूप में धरती पर जन्म लिया था और द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम भी शेषनाग के अवतार माने गए हैं।

वैसे वैज्ञानिक दृष्टिकोण से नागों को कृषक मित्र जीव माना गया है। दरअसल ये खेतों में फसलों के लिए खतरनाक जीवों, चूहों इत्यादि का भक्षण कर फसलों के लिए मित्र साबित होते हैं लेकिन वर्तमान समय में नागों या सांपों की खाल, जहर इत्यादि चीजों से बड़े व्यापारिक लाभ के लिए बड़ी संख्या में इन्हें मारा और बेचा जाता है। इसी कारण वन्य और जीव-जंतु विभाग तथा सरकारों द्वारा नागों को संरक्षित करने के लिए सांपों को पकड़ने और उन्हें दूध पिलाने पर रोक लगाई जाती है।

मतदाता सूची मामले में देश को गुमराह कर रहा विपक्ष

डॉ. आशीष वशिष्ठ

राहुल गांधी पिछले कई दिनों से चुनाव आयोग पर तल्ख, अमर्यादित और अनर्गल टिप्पणियां कर रहे हैं। आयोग पर भाजपा से मिलीभगत का आरोप लगा रहे हैं। असल में राहुल गांधी चुनाव आयोग और चुनाव मशीनरी को दबाव में लेना चाहते हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुले मंच से यह घोषणा कर चुकी हैं कि वे बंगाल में एसआईआर नहीं होने देंगी। विपक्ष के कई दूसरे नेता भी एसआईआर का विरोध कर रहे हैं। ये वही लोग हैं जो लोकसभा चुनाव के दौरान मोहब्बत की दुकान, संविधान की रक्षा और संविधान की कॉपियां लेकर देशभर में घूमते थे। और भाजपा पर संविधान विरोधी होने और संविधान बदलने का आरोप लगाते थे। यही इनका मूल चरित्र है। 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने भाजपा के सत्ता में आने के बाद 'संविधान बदलने का खतरा' होने का मुद्दा उठाया था। इससे कांग्रेस को अच्छी सफलता मिली थी।

बिहार में चुनाव आयोग द्वारा चलाया गया विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर पूरा हो चुका है। बिहार विधानसभा से लेकर संसद तक एसआईआर का विरोध जारी है। हालांकि विपक्ष के तीखे विरोध के बीच चुनाव आयोग ने यह स्पष्ट कर दिया है कि एसआईआर बिहार तक ही सीमित नहीं रहेगा। अगले साल पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और असम राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। सिर्फ असम में भाजपा सरकार है। शेष राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें हैं। वे अभी से चौकन्नी हो गई हैं और एसआईआर को एक राष्ट्रीय मुद्दा बना देना चाहती हैं।

वास्तव में विपक्ष रणनीति के तहत एसआईआर पर देशवासियों को गुमराह कर रहा है। सड़क से संसद तक वो एसआईआर का विरोध कर रहा है, और चुनाव आयोग पर अमर्यादित बयानबाजी से लेकर आरोप तक लगा रहा है। जबकि तस्वीर का दूसरा पक्ष यह है कि बिहार में एसआईआर का विरोध कर रही पार्टियों ने भी अपने बूथ लेवल एजेंट यानी बीएलए को बढ़-चढ़कर काम में लगाया था। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 23 जून को एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के पहले कांग्रेस ने केवल 8586 बीएलए लगाए थे। लेकिन 25 जुलाई को प्रक्रिया समापन के वक्त कांग्रेस के 17549 बीएलए नियुक्त रहे। कांग्रेस ने एसआईआर प्रक्रिया का विरोध करने के बावजूद इसके लिए 105 फीसदी बीएलए बढ़ाए।

भाजपा के 53338 बीएलए प्रकिया का हिस्सा बने। राष्ट्रीय जनता दल के 47506 बीएलए प्रक्रिया में शामिल हुए। जनता दल यूनाइटेड के 36550 बीएलए शामिल हुए। लेफ्ट पार्टियों ने एसआईआर प्रक्रिया की शुरुआत में दिलचस्पी नहीं दिखाई लेकिन आखिर तक इन पार्टियों ने भी बीएलए की संख्या बढ़ाई। बिहार में 12 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के कुल 1 लाख 60 हजार 813 बीएलए गहन मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया का हिस्सा बने। किसी तरह की अनियमितता होने पर विपक्षी दलों के कार्यकर्ता तुरंत अपना विरोध कर सकते हैं, लेकिन अब तक एक भी ऐसा मामला सामने नहीं आया है जहां विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं ने इसकी शिकायत की हो। केवल विपक्ष के नेता ही इस तरह की बात कर सनसनी पैदा करने की

कोशिश कर रहे हैं। विपक्ष का असली चेहरा और चरित्र यही है। वो एक और देशवासियों को गुमराह करने और संवैधानिक संस्थाओं की साख को धूमिल करने का कुकृत्य करता है, तो वहीं दूसरी और कानून प्रक्रियाओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा भी लेता है।

बिहार ही नहीं देशभर में फर्जी और अयोग्य मतदाताओं को हटाने के मांग राजनीतिक दल समय समय पर उठाते रहे हैं। बिहार के सीमांचल के इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला वर्षों से सामने आ रहा है। पिछले 30 वर्षों में पूरे सीमांचल का समीकरण बदल गया है। किशनगंज, अररिया, कटिहार और पूर्णिया में अल्पसंख्यकों की आबादी 40 फीसदी से 70 फीसदी तक हो चुकी है। यही कारण है कि वर्षों से इस इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों की रोक की मांग उठती रही है। कई इलाकों से हिंदुओं के पलायन की भी खबर उठी थी। केंद्र सरकार ने जब पूरे देश में एनआरसी लागू करने की बात कही थी तो बिहार में इस इलाके से भी विरोध के सुर उठे थे। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, बिहार के 99.8 फीसदी यानी 7.23 करोड़ मतदाता इस रिवीजन प्रक्रिया में कवर हो चुके हैं। दावा किया जा रहा है कि पुनरीक्षण में बिहार में कम से कम 61 लाख मतदाताओं के नाम कट सकते हैं। इसमें 21.6 लाख मतदाताओं का निधन हो चुका है। 31.5 लाख मतदाता स्थाई तौर पर दूसरे स्थानों-शहरों में बस गए हैं। हैं। लगभग सात लाख मतदाताओं के नाम दो स्थानों की मतदाता सूची में दर्ज हैं।

बिहार में विधानसभा की 243 सीटें हैं। विधानसभाओं में कुछ सौ मतदाताओं का अंतर ही जीत-हार पर असर डाल देता है। साल 2020 के विधानसभा चुनावों में करीब बीस प्रतिशत सीटों पर जीत और हार का अंतर महज ढाई फीसद तक ही था। इनमें से 17 सीटों पर जीत तो एक प्रतिशत के कम वोट से ही हुई थी। अगर गहन पुनरीक्षण में इन मतदातओं के नाम नहीं काटे गए तो उनके नाम पर चुनावी नतीजों को बदला जा सकता है।

राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव चुनाव बहिष्कार की धमकी दे रहे हैं। हालांकि देश की राजनीति के लिए यह कोई पहली बार नहीं है जब किसी राजनीतिक दल ने चुनाव बहिष्कार की धमकी दी हो। इससे पहले भी जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर के राज्यों में अनेक बार कुछ राजनीतिक दलों और अतिवादी संगठनों ने चुनाव के बहिष्कार की धमकी दी। आपातकाल के बाद भी प्रमुख विपक्षी दलों ने चुनाव के बहिष्कार करने की बात की थी। हालांकि इसके बावजूद वहां चुनाव हुए और उन सभी लोगों ने चुनाव में हिस्सा भी लिया और जीत हासिल की।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बिहार में मतदाता सूची के एसआईआर का मुद्दा अपनी स्टाइल में उठा रहे हैं। वो केंद्र की बीजेपी सरकार पर 'वोटों की चोरी' का आरोप लगा रहे हैं। वोटिंग में गड़बड़ी का इल्जाम तो राहुल गांधी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद से ही लगाने लगे थे, लेकिन अब ज्यादा जोरदार तरीके से उसे उठा रहे हैं। राहुल गांधी महाराष्ट्र और कर्नाटक में वोटिंग में गड़बड़ी के आरोप लगा रहे हैं, लेकिन बाकी चुनावों के मामले चुप्पी साध लेते हैं।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

राख तन होना

राख तन होना चिर नींद में .. श्मशान तक ही साथ रिश्तों में फिर किस तरफ- क्या- कौन- क्यों पाले गुमाँ हैं कौन जो अहम इतना नहीं मालिक खुद की देह तक के जाती अकड़ फिर भी नहीं आती समझ फिर भी नहीं अंजाम एक ही है हर देह का विधान एक ही है संसार का जो आया वो ही गया, भागा न कोई मृत्यु से जीता न कोई जन्म से है कर्म ही खुद का हुनर कर कर्म अच्छे रख सबर बोली बदल, कुछ ढंग बदल क्या हो कभी कुछ क्या खबर जो वक्त है कर कुछ अभी कुछ शांति दे खुद को कभी - **मधुलिका शुक्ला**

घायल हुआ सवेरा

घायल हुआ सवेरा है, हौसला रखो। चारों तरफ अँधेरा है, हौसला रखो।। हिस्से में जो दोष मिला, स्वीकारो भी। कुछ तेरा कुछ मेरा है, हौसला रखो।। हमने ही तो सौंपी है, सारी प्रभुता। राजा बना लुटेरा है, हौसला रखो। चलते-चलते रुकना मत, कोई रोके। आगे रैन-बसेरा है, हौसला रखो।। स्वार्थ भरा संसार यही, सब संत कहे। सबने ही मुँह फेरा है, हौसला रखो।। टल जाएगा बुरा समय, धीरज धरना। सुख कम, दर्द घनेरा है, हौसला रखो।।
- **दिनेश रोहित चतुर्वेदी**

कविता उस भूख की तरह होती

कविता उस भूख की तरह होती है जो गहरे से गहरे दुख और असहनीय पीड़ा अवसाद में भी लग जाती है फिर चाहे पीड़ा की गहनता मृत्यु जैसी ही क्यों ना हो दो कौर ही सही आदमी खाता है इसी तरह कविता भी रच जाती है भूख की तरह चाहे दो पंक्तियों की ही क्यों ना हो जबकि कवि मन के बाहर का समाज इसे असंवेदनशीलता भी समझता होगा। जबकि यह कवि मन की गहरी पीड़ा होती है। - **अनामिका चक्रवर्ती अनु**

दिन चमके जैसे सुनहरी आस हर किरण

दिन चमके जैसे सुनहरी आस हर किरण में हो उम्मीद का प्रकाश रात आए चुपचाप सी बातों में तारों की चादर हो सपनों में, दिन दे हौसला कर्म की बात रात दे सुकून और मीठी बात यूँ ही चलते रहें ये सिलसिले रात-दिन संग बुनें जीवन के ताने-बाने। - **मधुबाला मौर्या**

वही पुराना खेल फिर, वही पुरानी

वही पुराना खेल फिर, वही पुरानी चाल। संसद में होने लगा, बेजा पुनः बवाल।। संसद मे करते वही, नाजायज व्यवहार। जनता के धन से नहीं ,जिन्हे तनिक भी प्यार।। बना रहा है बेवजह, तिल का मुआ पहाड़। मर्यादा से कर रहा, संसद की खिलवाड़।। - **रमेश शर्मा**

बहुत पहले के मां बाप ये

बहुत पहले के मां बाप ये सोचकर डरते थे कि हमारे बच्चे कहीं प्रेम विवाह ना कर लें।उसके बाद के समय में मां बाप डरते थे कि हमारे बच्चे कहीं किसी गलत इंसान से शादी करके ना आ जाए।अब के मां बाप डरते हैं कि हमारे बच्चे कहीं शादी ना करने का फैसला तो नही ले लेंगे।अब तो ये भी डर लगता है कि लड़का लड़का से और लड़की किसी लड़की से शादी ना कर ले। सही है ना दोस्तों? - **प्रीति श्रीवास्तव**

हमारे पास में जो था किया

हमारे पास में जो था किया सर्वस्व अर्पण है। समझ जिसको नहीं उसको दिखाना ब्यर्थ दर्पण है।। मिले गर भाव न मन के "अभिज्ञ" दूरी बना लेना। समझ लेना उसी दिन से किया वह भाव तर्पण है।। - **अजय मिश्रा अभिज्ञ**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज आपकी महात्त्वकांक्षाओ की पूर्ती में अड़चने आने से हताश हो सकते है। फिर भी भले-बुरे का विवेक रहने से मानसिक रूप से परेशान नहीं होंगे।

वृषः आज दिन का पूर्वार्ध नयी उलझने लाएगा। हठी प्रवृति रहने से व्यापार में हानि एवं प्रियजनों से दूरी बढ़ सकती है।

मिथुनः आज आपको प्रतिकूल फल मिलने से मन में नकारात्मकता रहेगी।

कर्कः आपका आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा। कार्यो की असफलता अथवा किसी महत्त्वपूर्ण अनुबंध के निरस्त होने से स्वभाव में चिड़चिड़ा पन आ सकता है।

सिंहः आज दिन का प्रारंभिक भाग सुख-शांति से बितायेंगे। मन खुश रहने से आसपास का वातावरण भी हास्यमय बनाएंगे।

कन्याः आज के दिन आपको प्रत्येक कार्य में सावधानी रखने की सलाह है।

तुलाः आज भी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहने से लाभ के कई अवसर मिलेंगे परन्तु अज्ञान की स्थिति अथवा गलत सलाह के कारण लाभ होना संदिग्ध ही रहेगा।

वृश्चिकः आज दिन का पूर्वार्ध आशा से अधिक शुभ रहेगा। आज के दिन आकस्मिक घटनाएं अधिक घटित होंगी चाहे वो आर्थिक या पारिवारिक हों।

धनुः आज के दिन धन की कमी रहने पर भी खुश रहने का सफल प्रयास करेंगे। परिजनों से भावनात्मक सम्बन्ध रहने से मन को शान्ति मिलेगी।

मकरः आज भी दिन विपरीत फल देने वाला रहेगा। स्वयं अथवा किसी पारिवारिक सदस्य के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी।

कुंभः आज भी दिन का अधिकांश समय शांति से व्यतीत होगा।

मीनः आज आप उदासीनता युक्त जीवन जीयेंगे। पेट सम्बंधित शिकायत रहने एवं अन्य शारीरिक कष्ट के कारण शरीर शिथिल रहेगा।

सूर्योदय : 05:52, सूर्यास्त : 07:13, चन्द्रोदय : 08:49, चन्द्रास्तः :21:30, अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : वर्षा, शक सम्वतः : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), मास : श्रावण, पक्ष : शुक्ल, तिथि : पञ्चमी, नक्षत्र : उत्तराफाल्गुनी, योग : शिव, प्रथम करण : वणिज (10:57 तक), द्वितीय करण : विष्टि (23:24 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कर्क, चंद्र : कन्या (23:57 से), मंगल : कन्या (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मिथुन (अस्त, पश्चिम, मार्गी),शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) ओकावांगो डेल्टा किस देश में स्थित है?

2) किस कंपनी ने भारत का पहला निजी सैटेलाइट तारामंडल लॉन्च किया है?

3) सशक्त पंचायत नेत्री अभियान किस मंत्रालय ने शुरू किया है?

4) सौरमंडल के बाहरी ग्रहों का अध्ययन करने के लिए कौन सा अंतरिक्ष यान लॉन्च किया गया था?

5) हाल ही में चर्चा में रही नारायणपटना बकरी भारत के किस राज्य की मूल प्रजाति है?

उत्तरमाला- (1) बोत्सवाना (2) पिक्सल (3) पंचायती राज मंत्रालय (4) वॉयेजर (5) ओडिशा

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -123

सावन के तीसरे सोमवार को महापौर रामू रोहरा ने रुद्रेश्वर महादेव मंदिर में की गंगा आरती

■ बोल बम समिति के विशेष आमंत्रण पर पहुंचे रूद्री - शिवमय हुआ वातावरण

धमतरी/नवप्रदेश। सावन मास के तीसरे सोमवार को रूद्री स्थित पवित्र रुद्रेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित गंगा आरती में नगर निगम धमतरी के महापौर श्री रामू रोहरा जी ने सहभागिता की।

यह कार्यक्रम बोल बम समिति के द्वारा अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। गंगा आरती की दिव्य ज्योति और ÷हर हर महादेव÷ के गूंजते जयघोष से सम्पूर्ण वातावरण शिवमय हो गया।

शिवभक्तों की भीड़, डमरू की ध्वनि, और गंगा जल की पावन छटा ने सभी भक्तों को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

इस अवसर पर महापौर श्री रामू रोहरा जी ने कहा - "सावन मास शिव उपासना का सबसे श्रेष्ठ काल है। 'बोल बम' जैसे आयोजन समाज को भक्ति, ऊर्जा और संस्कारों से जोड़ते हैं। भगवान शिव की आराधना से समस्त कष्टों का निवारण होता है। इस पावन आयोजन का हिस्सा बनकर मैं स्वयं को धन्य मानता हूँ।" गंगा आरती के बाद महापौर जी ने श्रद्धालुओं से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया एवं समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

आंगनबाड़ी ने कलेक्टर को सौंपा 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

■ मध्यप्रदेश की तर्ज पर प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत मानदेय बढ़ाने की मांग

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका कल्याण संघ ने आज कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से मुलाकात की। संघ के पदाधिकारियों ने 13 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर और जिला कार्यक्रम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ की जिलाध्यक्ष सरोज चंद्राकर ने कलेक्टर और महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री जटवार को सौंपे ज्ञापन में कहा कि लंबे समय से जिले के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका कल्याण संघ के द्वारा समय- समय पर अपनी लंबित मांगों को शासन प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत करते आए हैं, लेकिन बहुत सी हमारी मांगें जो आज भी लंबित है। जिस पर विचार करना आवश्यक है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए, और तब तक प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत मानदेय मध्यप्रदेश की तर्ज पर वृद्धि की जाए। साथ ही पर्यवेक्षक भर्ती तत्काल निकाले जाए, और आयु सीमा बंधन हटाते हुए 50 प्रतिशत में पदोन्नति दी जाए। उन्होंने कहा कि सहायिकाओं को शत प्रतिशत पदोन्नति किया जाए, और उम्र का बंधन समाप्त किया जाना चाहिए। विभाग द्वारा जारी पोषण ट्रेकर एप में कार्य करने के लिए कार्यकर्ताओं को 5जी मोबाइल और नेट खर्च व आने वाली समस्याओं का निराकरण किया जाए एवं कार्यकर्ताओं का मानदेय ना काटा जाए और ना ही किसी प्रकार का दबाव बनाया जाए। ऑफलाइन प्रशिक्षण की व्यवस्था किया जाना चाहिए। इसी तरह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं की सेवा समाप्ति पर 10 लाख दिया जाए। इसके अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका को गंभीर बीमारी होने पर मेडिकल छुट्टी के साथ मानदेय दिया जाए, जिससे कि सभी को एक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो। प्रभार में दिये गये कार्यकर्ता व सहायिका को प्रोत्साहन राशि दिया जाए। छ.ग महिला कोष से कार्यकर्ता व सहायिका को ऋण उपलब्ध कराई जाए। ईंधन की राशि समय पर उपलब्ध कराई जाए, जिसे कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में गुणवत्तापूर्ण 1 सिलेंडर व 1 चुल्हा उपलब्ध कराई जाए।

बोलबम कांवरियों का भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा की

महासमुंद/नवप्रदेश। बम्हनी के श्वेतगंगा से जल लेकर गंधेश्वर महादेव सिरपुर के लिए जाने वाले शिव भक्त कांवरियों का भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अनेक स्थानों पर स्वागत सेवा करते हुए उन्हें जलपान और स्वल्पाहार कराया। भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, कृषि बीज विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी की उपस्थिति में भाजपा पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं ने श्वेतगंगा बम्हनी से लेकर नगर के शारदा मंदिर तक विभिन्न स्थानों में बोलबम कांवरियों की सेवा के लिए लगाए गए स्टाल, पंडालों में भक्तिमय गीत संगीत और भजनों के कार्यक्रम के बीच मिष्ठान,जलपान, स्वल्पाहार में सहयोग प्रदान किया। इस सेवा कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल उपाध्यक्ष राजेंद(राजू) चंद्राकर, महामंत्री मीना वर्मा, आनंद साहू, पंकज चंद्राकर सहित स्थानीय गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

उपमुख्यमंत्री साव ने किया पुस्तक दिव्यांगता अधिकार, अवसर और आशा का विमोचन

■ जिले की शिक्षिका सम्मानित

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के शिक्षा जगत के लिए गर्व का क्षण उस समय आया जब राज्य स्तरीय पुस्तक 'दिव्यांगता : अधिकार, अवसर और आशा' का विमोचन 26 जुलाई को रायपुर स्थित होटल सोलिटेयर में उपमुख्यमंत्री अरुण साव जी के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पुस्तक दिव्यांगजन और उनके परिवार के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगी। शिक्षकों के इस नवाचारी प्रयास की सराहना कर कहा कि ÷जब भी मेरी जरूरत हो, मैं हमेशा आपके साथ रहूँगा।÷ साथ ही पुस्तक में योगदान देने वाले सभी शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस ऐतिहासिक और बहुपयोगी पुस्तक में राजिम के शासकीय रामबिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट विद्यालय की शिक्षिका व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ को उनके रचनात्मक एवं शोधपरक योगदान के लिए प्रतीक चिन्ह भेंट सम्मानित किया गया। व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ ने बताया कि इस पुस्तक में दिव्यांगजन से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियों के साथ-साथ शासन से मिलने वाली सुविधाओं, आवेदन प्रक्रिया, संपर्क सूत्रों तथा संसाधनों को सरल भाषा में प्रस्तुत किया गया है। पुस्तक में विशेष रूप से क्यूआर कोड्स जोड़े गए हैं, जिन्हें स्कैन करने पर छात्र वीडियो सामग्री देख सकते हैं जो पाठ्यवस्तु को सरल और रोचक ढंग से प्रस्तुत करते हैं। इसके अतिरिक्त, यह पुस्तक दृष्टिबाधित बच्चों के लिए ऑडियो फॉर्मेट में भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि वे भी समान रूप से विषयवस्तु को समझ सकें। यह संसाधन सामान्य विद्यार्थियों के साथ-साथ दिव्यांग (विशेष रूप से दृष्टिबाधित) विद्यार्थियों के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। पुस्तक की प्रधान संपादक राष्ट्रपति पुरूस्कृत शिक्षिका के. शारदा, तकनीकी व भाषा संपादक धर्मानंद गोजे व वसुंधरा गोजे, पुस्तक प्रभारी प्रीती शांडिल्य एवं लेखन कार्य राज्य के 33 जिलों के चुनिंदा समर्पित शिक्षकों द्वारा किया गया है। जिनमें प्रमुख रूप से जिले के संतोष कुमार तारक, अनिल कुमार अवस्थी, खोमन सिन्हा सहित प्रदेश भर के जिलों से शिक्षक के शारदा, वसुंधरा गोजे,प्रीती शांडिल्य, धर्मानंद गोजे, चंचला चन्द्रा, महेन्द्र कुमार चन्द्रा, मंजू पाठक,समता सोनी, अनामिका चक्रवर्ती, संतोष कुमार पटेल, सुप्रिया शर्मा, अमरदीप भोगल, बिसे लाल, परवीनबेबी दिवाकर, डॉ. कृष्णपाल राणा, ममता सिंह, हिम्कल्यानी सिन्हा, वीरेंद्र कुमार, पोषण मारकण्डे, रजनी शर्मा, शिवकुमार बंजारे, सईदा खान, रिंकिल बग्गा, लक्ष्मण बांधेकर, देवेंद्र कुमार देवांगन, कलेश्वर साहू, चानी ऐरी, संतोष कुमार कर्ष, रश्मि वर्मा, बलराम नेताम, ब्रजेश्वरी रावटे, यशवंत कुमार पटेल, श्याम सोनी, ज्योति सराफ सम्मिलित हैं। दिव्यांगजन के लाभार्थ और समावेशी शिक्षा में शिक्षिका के इस प्रयास के लिए गरियाबंद के जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर, डीएमसी शिवेश शुक्ला, एपीसी मनोज केला, एडीपीओ बुद्धविलास सिंह, एपीसी विल्सन थामस, विद्यालयीन प्राचार्य संजय एक्का, संकुल समन्वयक भारती नामदेव, बी.एल.ध्रुव, सागर शर्मा, अजयगिरी गोस्वामी, यशवंत साहू, नंदलाल साहू, कंचन शर्मा, कमल सोनकर, गोपाल देवांगन, पूजा मिश्रा, राजेश कंसारी, हेमंत तिवारी, प्रीती तिवारी, धर्मेंद्र ठाकुर, संजय कुमार सिन्हा, जितेन्द्र कुमार साहू, एन एल साहू,एल के साहू, मधु गुप्ता, साक्षी जपे, सरिता साहू,नीता यादव, राकेश साहू, कैलाश साहू, जितेन्द्र साहू, संदीप बनौधे सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने शुभकामनाएं दी है।

तहसीलदारों का 17 सूत्रीय मांगों को लेकर तीन दिवसीय हड़ताल शुरू

■ हड़ताल से राजस्व का काम काज रहेगा ठप

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले संसाधन 'नहीं तो काम नहीं' सहित 17 सूत्रीय मांग को लेकर जिले के तहसीलदार व नायब तहसीलदार आज से तीन दिवसीय हड़ताल पर हैं। जिससे राजस्व का काम लगभग ठप हो गया है। आज लोहिया चौक पर बैठे महासमुंद तहसीलदार जुगल किशोर पटेल, सरायपाली तहसीलदार श्रीधर पंडा व अन्य ने बताया कि छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा पूर्व में भी तहसील कार्यालयों में पदस्थ तहसीलदारों को संसाधनों की अत्यंत कमी, मानवीय संसाधन, तकनीकी सुविधाएं, सुरक्षा, शासकीय वाहन एवं प्रशासनिक सहयोग की अनुपलब्धता से कार्य निष्पादन में गंभीर कठिनाइयों के संबंध में विभाग एवं शासन को समय-समय पर विभिन्न समस्याओं से शासन का ध्यान आकर्षित कराया गया है और 26 जुलाई तक मांगें पूरी न होने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी थी पर शासन ने ध्यान नहीं दिया। आज जिलास्तरीय हड़ताल है, 29 को संभाग स्तर पर एवं 30 को प्रांत स्तर पर हड़ताल पर रहेंगे। तहसीलदारों का कहना है कि 30 जुलाई को शासन से हमारा प्रतिनिधिमंडल मुलाकात करेगा, उसके बाद आगे की रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी तहसील में स्वीकृत सेटअप की पदस्थापना, तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर पर पदोन्नति प्रक्रिया में 50-50 अनुपात रखा जाए।

बाईपास के बाद भी शहर में कम नहीं हुआ भारी वाहनों का दबाव

धमतरी/नवप्रदेश। बाई पास रोड बनने के बाद लोगों को लगा था कि शहर के अंदर सड़क हादसे कम हो जाएंगे । लेकिन ऐसा नही हुआ क्योंकि शहर में भारी वाहनों का दबाव पहले की तरह बना हुआ है । आज सुबह ही गोकुलपुर भटगांव चौक में ट्रक और कार के बीच भिड़न्त के बाद सड़क जाम हो गया । दोनों तरफवाहनों की लम्बी कतार लग गई । ट्रेफिक पुलिस के आने के बाद ही स्थिति सामान्य हुई । इसके लिए पुलिस को आधे घंटे मशक्कत करनी पड़ी। चौक के आसपास के दुकानदारों व लोगों ने बताया कि दिनभर में कई बड़ी बड़ी ट्रकें भटगाँव मार्ग पर आती जाती है । जब ये ट्रकें चौक के पास मुड़ती है तब जगह कम होने की वजह से काफी समय लग जाता है। ट्रक के निकलते तक ट्रेफिक जाम रहता है । इसकी वजह से दुर्घटनायें भी होती रहती है। लोगों का कहना था कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की अवाजाही पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए तभी इससे राहत मिल सकती है । चौक में कुछ दिनों पहले भी यही स्थिति पैदा हुई थी।

सहसामुदायिक भवन का भूमिपूजन

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण मद से रंगमंच सहसामुदायिक भवन नांदगांव पटेलबाहरा में निर्माण का भूमि पूजन सोमवार को किया गया। इस अवसर पर सरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का आभार व्यक्त किया गया। भूमिपूजन के अवसर पर सरपंच भारत गेंड्रे, योगेश कुमार पटेल, मनमोहन पटेल, ओंकार पटेल, मैकुलाल पटेल, व्यास धीवर, ठाकुर राम धीवर, धनेश्वर तारक मुकेश पटेल, मुकेश चंद्राकर, टोमन धीवर, अजीत पटेल, विजय पटेल, शंकर पटेल, हसदेव धीवर समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे।

सभी को मिलेगा गुणवत्तापूर्ण चावल : संदीप

छुरा/ नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप शर्मा ने अपने पदभार संभालने के बाद कहा कि मुझे सरकार ने गरीबों को गुणवत्तपूर्ण राशन उपलब्ध कराने तथा जांच परीक्षण के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्य का निर्वाहन करूगा, हर गरीब एवं प्राथमिकता वाले परिवारों को गुणवत्तापूर्ण चावल मिले, यह हर हाल में सुनिश्चित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में लोगों को संवैधानिक अधिकार दिए हैं। हमारे अनेक मूलभूत अधिकारों में भोजन का अधिकार भी एक अधिकार है। देश में कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे कोई भी व्यक्ति रात में बिना भोजन के न सोए, इसकी चिंता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने की है, कोरोना काल में लोगों के भोजन के लिए अनाज की व्यवस्था की गई। कोरोना काल समाप्त होने के बाद भी केंद्र सरकार की यह योजना निरंतर चल रही है हमारी सरकार गरीबों की चिंता करने वाली सरकार है। प्रदेश में निरंतर अनाज उत्पादन बढ़े, इसके लिए लगातार सरकार ने किसानों के लिए काम किया। जिस समय हमारे प्रदेश में अनाज का उत्पादन निरंतर बढ़ा, उसके पीछे रमन सिंह की सरकार ने बहुत काम किया, आज किसानों को उनके अनाज का उचित मूल्य मिल रहा है, धान का पैसा एकमुश्त मिल रहा है। 13 हजार करोड रुपए प्रतिवर्ष प्रदेश सरकार किसानों को दे रही है, जिसकी वजह से खाद्यान्न उत्पादन तेजी से बढ़ रहा है।

पदभार संभालने के बाद ऑफिस पहुँच कर भगवान सत्यनारायण की पूजा कर क्षेत्र व प्रदेश वासियो के लिए निरंतर बेहतर काम करने का भरोसा दिलाया व प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की, पदभार ग्रहण कार्यक्रम में गरियाबंद जिला के कार्यकर्ताओं ने शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी बने।

भाजपा संगठन की नई टीम घोषित, आशीष शर्मा बनाए गए महामंत्री

■ संगठन में संतुलन और समर्पण का समावेश

गरियाबंद। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ ने गरियाबंद जिला संगठन के पदाधिकारियों की बहुप्रतीक्षित घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय और गरियाबंद जिलाध्यक्ष अनिल चंद्रकार की अनुशंसा पर कुल 17 पदाधिकारियों की सूची जारी की गई है। यह घोषणा प्रदेश भाजपा कार्यालय से आधिकारिक रूप से की गई। जिसमें जिला आशीष शर्मा महामंत्री, चन्द्रशेखर साहू, कोषाध्यक्ष अजय रोहरा (अज्जू), प्रवक्ता राधेश्याम सोनवानी, उपाध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी, प्रीतम सिन्हा, ईश्वर लाल साहू, पदुलोचन जगत, केशरी ध्रुव, सरिता ठाकुर, मंत्री सुरेन्द्र सोनटेके, जगदीश यादव, सुरसती साजी, श्रुति ध्रुव, मनीष सिन्हा, वृत्ति बनर्जी बनाए गए हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि ÷भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है। हमने ऐसे समर्पित और जमीनी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियाँ दी हैं, जो संगठन को हर बूथ तक मजबूत करेंगे। यह टीम भाजपा की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को घर-घर पहुँचाने का काम करेगी। हमारी पूरी टीम मिशन 2028 की तैयारी में जुट चुकी है।

इस कार्यकारिणी में महिला कार्यकर्ताओं को भी प्रमुख स्थान दिया गया है, जो पार्टी के महिला सशक्तिकरण÷ के दृष्टिकोण को दर्शाता है। साथ ही अनुभवी और युवा नेताओं का संतुलन संगठन को नई दिशा देगा।

कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम में शामिल हुई अंगिरा ध्रुव

धमतरी/नवप्रदेश। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद धमतरी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने शहीदो के छाया चित्र पर फूल अर्पित कर श्रंद्धाजलि अर्पित की और कहा कि हमारी भारतीय सेना शौर्य और पराक्रम की प्रतीक है। देश के बहादुर सैनिकों के अदम्य साहस और बलिदान को नमन करती हूं। राष्ट्र के प्रति उनकी निःस्वार्थ सेवा और समर्पण पर सभी देशवासियों को गर्व है देश के वीर जवानों ने दुर्गम पहाड़ियों, ऊंचे चोटियों , बर्फीले जैसे इलाके में मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रतिनिधि श्री उमेश साहू , जनपद पंचायत सभापति देहुती साहू , भाजपा नेता जय हिंदुजा एवं अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सैनिक उपस्थित थे।

गंभीर चूक... कांवरियों व ग्रामीणों की सुरक्षा में गंभीर चूक प्रशासन की लापरवाही

सिरपुर में कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन पूरी तरह नाकाम : अमर

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर अरूण चंद्राकर ने जिला प्रशासन पर सिरपुर में कांवरियों व ग्रामीणों की सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने में गंभीर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सावन के तीसरे सोमवार को भगवान गंधेश्वर नाथ के जलाभिषेक करने सिरपुर में रविवार तक 15 हजार से अधिक कांवरियां पहुंचे थे। लेकिन, इन कांवरियों व ग्रामीणों की सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन की बड़ी विफलता देखी गई। ऐतिहासिक पुरातत्व नगरी की सुरक्षा में इस तरह की लापरवाही प्रशासन की गंभीर चूक है। घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। रविवार को दोपहर में विधायक समेत भाजपा के जिला स्तर के नेता भी सिरपुर पहुंचे थे। उसके बाद भी प्रशासन द्वारा पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई। इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए प्रशासन सिरपुर में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम तत्काल करें। शाम 7 बजे तक गंगा आरती में अपर कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार सहित पुलिस के आला अधिकारी तथा काफी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी रही। लेकिन, गंगा आरती होते ही समस्त प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस बल वहां से रवाना हो गए।

अमर अरूण ने बताया कि रविवार रात गंगा आरती के बाद रात 12 बजे तक रामायण कार्यक्रम चल रहा था। रात 10 बजे के आसपास कांवरियों में विश्राम करने के लिए जगह को लेकर विवाद हुआ। इस बीच वहां समझाने आए ग्रामीणों व कांवरियों के बीच बहस हो गई तथा मामूली विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। यदि पुलिस बल गंधेश्वर नाथ मंदिर के आसपास मौजूद रहते तो यह घटना नहीं होती। वहीं, पुलिस द्वारा मंदिर के आसपास पेट्रोलिंग भी नहीं की गई। यहां तक 112 की ड्यूटी भी नहीं लगाई गई थी। रविवार रात को हुए बलवा में बागबाहरा के तीन कांवरिये गंभीर रूप से घायल हो गए तथा सिरपुर के 5 ग्रामीणों को भी गंभीर चोटें आई है। इन घटनाओं का जवाबदार जिला प्रशासन है। जिला प्रशासन द्वारा ना ही पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई ना ही एंबुलेंस की व्यवस्था थी। 112 टीम की तैनाती भी नहीं की गई थी। गंभीर रूप से घायल कांवरियों व ग्रामीणों को 2 घंटे तक घायल अवस्था में रहना पड़ा। 2 घंटे बाद एंबुलेंस आने पर पहले तुमगांव सीएससी ले जाया गया। उसके बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए महासमुंद जिला अस्पताल में रेफर किया गया।

अमर ने कहा कि प्रशासनिक लचर व्यवस्था के चलते यह घटना घटी। शासन - प्रशासन जान-बूझकर अनजान बने रहे। हजारों कांवरियों की भीड़ तथा ग्रामीणों में इस तरह से झड़प होना प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न चिन्ह है। श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रशासन द्वारा सिरपुर में स्वास्थ्य विभाग की टीम तैनात करना था। उन्होंने बताया कि बागबाहरा के एक 27 वर्षीय कांवरिया, 14 वर्ष का एक बालक के सिर व एक अन्य कांवरिया के जांघ में चोंट आई है। वहीं, सिरपुर के युवकों पर प्राण घातक हमले हुए हैं। कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस प्रशासन व जिला प्रशासन पूरी तरह असफल दिखा।

सहस्त्र जलधारा आयोजन में झूम कर नाचे विधायक

नवापारा नगर/ नवप्रदेश। नगर के राधाकृष्ण मंदिर में तीसरे श्रावण सोमवार को पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम के पश्चात सहस्त्र जलधारा का आयोजन किया गया।

सबसे पहले सुहागन स्त्रियां मंत्रोच्चार के बीच महानदी से जल भरकर भगवान भोलेनाथ दरबार मे कतार बद्ध होकर अभिषेक करने चल पड़ी, इसी के साथ हजारों नर नारियां, स्कूली बच्चे, हर समाज के भक्तगण एक दूसरे के हाथ मे जल की बाल्टी देते हुये मंदिर तक जल पहुंचाने लगे। मंदिर के गर्भ गृह में शिव परिवार का पंडित देवेंद्र दुबे एवम संतोष मिश्रा ने विधि विधान से अभिषेक प्रारम्भ करवाया जिसमे यजमान भूपेंद्र मीनाक्षी मिश्रा रायपुर, आकाश शिवांगी अग्रवाल महासमुंद उपस्थित थे। दुध, दही, पंचामृत, शहद, घी, गंगाजल एवम महानदी के जल से मंदिर में लगे घड़े के हजारों छिद्र से अभिषेक होने लगा। इधर सालासर समिति के नेमी साहू, अरुण पैगम्बर, करण साहू, गायत्री दुबे ने जब भजन गाना शुरू किया तो भक्त झूमने नाचने लगे। इसी दरम्यान विधायक इंद्रकुमार साहू भी इस आयोजन में पहुंचे और इस आयोजन की भव्यता एवम भजनों को सुनकर अपने आप को रोक नही पाए। गिरधारी अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, मनमोहन अग्रवाल, राजू काबरा, संतोष अग्रवाल, नागेंद्र वर्मा, संजय साहू, प्रेम साधवानी, गोविंद मोहन अग्रवाल के साथ जप जप भोला, छोटे छोटे रुख्वा कदम के, चल रे कांवरिया शिव के धाम में बहुत देर तक झूम झूम नाचने लगे। इसी बीच मंदिर के सर्वराकार मोहन अग्रवाल ने पुष्पहार से विधायक एवम नगरपालिका अध्यक्ष का स्वागत किया। विधायक को गोपाल गौशाला के अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल, सचिव राजू काबरा, चंदू कंसारी ने गौशाला में लगी आग के बारे में बताया। विधायक इंद्रकुमार ने आज मंदिर परिसर में ही गोपाल गौशाला नवापारा के लिए हजारों भक्तों के बीच 5 लाख रुपये विधायक निधि से देने की सहर्ष घोषणा की, जिसे सुनकर सबने करतल ध्वनि से स्वागत किया। आज की भीड़ ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिया। इसके बाद सभी भक्तों के लिए विशाल भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई।जिसमे विधायक के साथ नगरपालिका अध्यक्ष एवम सभी गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

न्यूज गैलरी

मानदेय वृद्धि की मांग को लेकर रसोइयों की तीन दिवसीय हड़ताल

खैरागढ़। भाजपा सरकार द्वारा मध्यान्ह भोजन रसोइया संघ के मानदेय में वृद्धि सहित अन्य मांगो को घोषणापत्र में शामिल करने के बाद अब तक कार्यवाही न होने पर रसोइया संघ ने तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन शुरू किया। जिला मुख्यालय में अंबेडकर चौक पर धरना प्रदर्शन के पहले दिन बड़ी संख्या मे रसोइये जुटे और अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। रसोइया संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि भाजपा सरकार ने रसोइयों का मानदेय बढ़ाने का वादा किया था। सत्ता में आने के बाद अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। काफी कम मानदेय में विपरीत परिस्थितियों में कार्य करते हुए रसोइये अपना व परिवार का भरणपोषण कर रहे हैं। रसोइयों को अधिकतम ढाई हजार तक ही मानदेय दिया जा रहा है। संघ ने रसोइयों का मानदेय 18 हजार प्रतिमाह करने, नियमित सामाजिक सुरक्षा पेंशन, स्वास्थ्य सुविधा सहित अन्य भत्ते देने की मांग की।

योगासन प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने जीते 2 गोल्ड, 4 सिल्वर

बालोद। छत्तीसगढ़ राज्य योगासन स्पोर्ट्स संघ द्वारा आयोजित 6 वीं राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी रायगढ़ में किया गया। प्रतियोगिता में बालोद जिले से जूनियर वर्ग में युवाकांत सिन्हा अर्जुन्दा से सिल्वर मैडल, सीनियर वर्ग में धीरज शर्मा बालोद से सिल्वर मैडल व सीनियर ब वर्ग में तोषण कुमार भीमकन्हार डौंडी लोहारा ने गोल्ड मैडल जीतकर बालोद जिले का नाम रोशन किया है। ये खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपना जौहर दिखाएंगे व छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित खिलाड़ियों ने डोंडी लोहारा में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित होने के बाद बालोद जिले का प्रतिनिधित्व किया था। उपलब्धि पर महासचिव डॉ मेजर सिंह, भोजेन्द्र साहू, जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, कोषाध्यक्ष सौरभ शर्मा, सहा. क्रीड़ा अधि. स्वप्न जेना ने बधाई दी।

तीसरे सोमवार को भोरमदेव मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा

हर-हर महादेव, बोल बम के जय घोष के साथ कावड़ियों और श्रद्धालुओं का किया स्वागत

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरुण साव ने सावन माह के तीसरे सोमवार को बाबा भोरमदेव मंदिर में आने वाले हजारों कावडियों पर हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा करते हुए भव्य स्वागत-अभिनंदन किया। सैकड़ों किलोमीटर पदयात्रा कर कांवडिये हर-हर महादेव और बोलबम के जयघोष के साथ जलाभिषेक करने आए थे। इस दौरान बाबा भोरमदेव मंदिर परिसर में श्रद्धा, भक्ति का नजारा देखने मिला।

यह लगातार दूसरा वर्ष है जब मुख्यमंत्री स्वयं श्रद्धालुओं का पुष्प वर्षा के माध्यम से स्वागत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री शर्मा और साव के साथ भोरमदेव बाबा भगवान शिव का दर्शन कर मंत्रोच्चारण के साथ विशेष पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक किया और प्रदेश की समृद्धि व खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में बोल-बम कावड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं से मुलाकात कर हाल चाल पूछा।

मंदिर परिसर में बोल-बम कावड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शिव भक्त कावडियों और श्रद्धालुओं से कहा कि आज सावन मास के तीसरे सोमवार को बाबा भोरमदेव की पावन धरती पर आकर शिवभक्तों के साथ जुड़ना अत्यंत सौभाग्य और गर्व का विषय है। हजारों श्रद्धालु सैकड़ों किलोमीटर की पदयात्रा कर भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने यहां पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री ने अमरकंटक से 151 किलोमीटर पदयात्रा कर भोरमदेव मंदिर में जलाभिषेक करने वाली पंडरिया विधायक भावना बोहरा को भगवा वस्त्र और श्रीफल भेंट किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत भोरमदेव कॉरिडोर विकास के लिए 146 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी परियोजना को मंजूरी दी गई है। यह परियोजना न सिर्फ मंदिर परिसर का कायाकल्प करेगी, बल्कि आसपास के धार्मिक और पर्यटन स्थलों को भी जोड़कर एक समग्र आध्यात्मिक अनुभव देगी। इसमें पुरातत्व महत्व के स्थल मड़वा महल, छेरकी महल, रामचुवा से लेकर सरोदा जलाशय तक पर्यटन कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ से अमरकंटक जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मध्यप्रदेश के अनुपपुर में 5 एकड़ भूमि आबंटित की प्रक्रिया जारी है, जहाँ एक भव्य श्रद्धालु के लिए भवन बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज हेलीकॉप्टर से भोरमदेव मंदिर में पुष्पवर्षा भी किए है। उन्होंने सावन मास के लिए सभी भक्तजनों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नपाप अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधियों ने भी भोरमदेव बाबा भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

अमरकंटक से भोरमदेव तक 151 किमी की पदयात्रा करने पर सीएम साय ने किया विधायक भावना का अभिनंदन

पवित्र सावन मास के अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्राचीन और ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर में विशेष श्रद्धा, आस्था से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भोरमदेव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद अमरकंटक से 151 किलोमीटर की पदयात्रा कर जलाभिषेक करने वाली पंडरिया विधायक भावना बोहरा का अभिनंदन किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरुण साव उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने श्रद्धा, संकल्प और साधना की प्रतीक इस पदयात्रा के लिए विधायक बोहरा को भगवा वस्त्र और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसी आस्था पूर्ण यात्राएं छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखती हैं और जनमानस में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करती हैं। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा समाज के लिए प्रेरणा है। भक्ति, दृढ़ निश्चय और जनसेवा का अद्वितीय संगम है। उन्होंने भावना बोहरा को श्रद्धा, समर्पण और सामाजिक चेतना का प्रतीक बताया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में बड़ी संख्या में कांवरिए, श्रद्धालु और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं को सावन की शुभकामनाएं दी और प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए भगवान भोरमदेव से प्रार्थना की।

6 दिनों में पूरी हुई 151 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा

पंडरिया विधायक भावना बोहरा और उनके साथ 300 से अधिक कांवडियों ने 21 जुलाई को माँ नर्मदा मंदिर अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक 151 किलोमीटर की यात्रा शुरू की। 27 जुलाई को भोरमदेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना और जलाभिषेक के साथ पूर्ण हुई। छत्तीसगढ़ वासियों की सुख-समृद्धि और प्रदेश की खुशहाली की कामना हेतु यह कांवड़ यात्रा पंडरिया विधायक भावना बोहरा के नेतृत्व में शुरू की गई और 7 दिनों में घने जंगलों, पर्वतों, बीहड़ रास्तों, उफनती नदियों और घनघोर बारिश को पार करते हुए डोंगरिया महादेव और भोरमदेव मंदिर में शिवजी के जलाभिषेक के साथ पूरी हुई। यात्रा के अंतिम दिन पंडरिया विधायक भावना बोहरा और कांवड़ यात्रियों ने सुबह 7 बजे बोड़ला से अपनी यात्रा प्रारंभ की और दोपहर 12 बजे भोरमदेव मंदिर पहुंची। इस दौरान बोड़ला में हजारों की संख्या में शिवभक्तों, सामाजिक व हिन्दू संगठनों, भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने पुष्पवर्षा करके उनका भव्य स्वागत किया। हर हर महादेव और बोल बम के नारों के साथ पूरा कवर्धा शिवभक्ति में लीन और भगवामय हो गया। भोरमदेव मंदिर में लगभग 15000 से अधिक शिवभक्तों ने मंदिर आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया। ढोल-बाजे और भक्तिमय गीतों, पुष्पवर्षा से भावना बोहरा और उनके साथ पधारे कांवड़ यात्रियों का सभी ने अभिनंदन किया। भोरमदेव मंदिर में भंडारा और महाप्रसादी वितरण का भी आयोजन किया गया जिसमें 15000 से अधिक शिवभक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने भी भोरमदेव मंदिर में दर्शन करने हेतु पधारे श्रद्धालुओं और कांवड़ यात्रियों का अभिनंदन किया और प्रसाद वितरण किया। भावना बोहरा ने कहा कि प्रदेश की समृद्धि के लिये संकल्प और कामना लेकर 21 जुलाई से यह यात्रा प्रारंभ की थी।

विधायक दीपेश के प्रयासों से बेमेतरा क्षेत्र को मिली 26 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र में विधायक दीपेश साहू के निरंतर प्रयासों से लगातार विकास कार्यों की सौगात क्षेत्रवासियों को मिल रही है। क्षेत्र की आवागमन व्यवस्था को सुदृढ़ और सुगम बनाने के उद्देश्य से कुल 26 करोड़ 80 लाख 26 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। तीन प्रमुख सड़कों के निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किये जाएंगे। मुड़पार कला तेलगा भरदा मार्ग (लंबाई 5.80 किमी) का निर्माण कुल 776.83 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। कुम्हि तेलगा बलौदीकला मार्ग (लंबाई 9.10 किमी) 13 करोड़ 20 लाख रुपए, और मुड़पारकला भरदा भेरवा मार्ग (लंबाई 4.20 किमी) का निर्माण 5 करोड़ 83 लाख 18 हजार की लागत से किया जाएगा। बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि लंबे समय से ग्रामीणजन इन सड़कों की खराब स्थिति से परेशान थे। अब यह मार्ग न केवल सुगम और सुरक्षित होंगे, बल्कि क्षेत्र में कृषि, व्यापार, परिवहन और शिक्षा क्षेत्र में भी तेज़ी से विकास सुनिश्चित करेंगे।

आज से शहर में दो बार पानी सप्लाई

राजनांदगांव। मोहारा शिवनाथ नदी में पर्याप्त पानी होने के कारण आज से शहर में दोनो समय पेयजल आपूर्ति की जाएगी। इस साल ग्रीष्म ऋतु में प्रारंभ से ही नदी का जल स्तर अत्यंत कम होने के कारण जल संग्रहण में कमी आई, जिससे शहर की पानी टंकियों को भरने में काफी समय लग रहा था। इसके कारण शहर में दोनो समय पानी सप्लाई करने मे कठिनाई आई। दो दिन में तीन बार शहर में पेयजल सप्लाई की जा रही थी। वर्तमान में मोहारा नदी में पर्याप्त पानी होने पर दिन में दो बार पेयजल आपूर्ति की जावेगी। पेयजल सप्लाई के संबंध में महापौर मधुसूदन यादव ने बताया कि मोहारा शिवनाथ नदी एनीकट निर्माण के बाद नदी के सिल्ट की सफाई न होने के कारण एनीकट के 40 प्रतिशत हिस्से में सिल्ट जमा हो गया है। इसके कारण जल भण्डारण क्षमता में कमी आ गई थी।

मोहड़ खदान में अवैध उत्खनन पर खनिज विभाग ने नहीं की कार्रवाई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले के सबसे चर्चित रेत के अवैध उत्खनन मामले में खनिज विभाग के अफसरों ने अब तक मौन साध रखा है। मोहड़ रेत खदान में अवैध उत्खनन करने के लिए पूरी तैयारी के साथ रेत माफिया रैंप बनाने का काम कर गए। नदी की दिशा बदलने की पूरी तैयारी की गई। मामले का भंडाफोड़ होते ही पुलिस ने लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन करने के लिए मौके पर कार्रवाई की। इस बीच खनिज विभाग ने इस मामले में अब तक झांक कर भी नहीं देखा, जिसके कारण रेत माफिया को खनिज विभाग से खुली छूट मिली। मामले में अब तक खनिज विभाग कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं कर पाया है।

11 जून को मोहड़ के रेत खदान में रेत माफिया ने अवैध उत्खनन करने की पूरी प्लानिंग कर ली थी। बाकायदा खदान में पूजा पाठ कर रेत उत्खनन के लिए नदी के बीचो-बीच रास्ता बनाया गया।

रैंप बनाकर नदी से बड़ी मात्रा में रेत तस्करी करने प्लानिंग की गई। रेत उत्खनन शुरू होने से पहले ग्रामीणों ने हल्ला बोल दिया, जिसके कारण रेत माफिया ने ग्रामीण पर गोलियां चला दी।

इस मामले में राजनांदगांव पुलिस कार्रवाई कर रही है। पुलिस में खदान में गोली चलाने वाले लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन, रेत के अवैध उत्खनन को लेकर खनिज विभाग ने अब भी मौन साध रखा है। खनिज विभाग में खनिज अधिनियम के तहत रेत माफियाओं के खिलाफ जांच शुरू की गई है या उन पर कोई कार्रवाई तय की गई है, इसे लेकर भी अधिकीर चुप्पी साधे हुए हैं।

खनिज विभाग ने नहीं दी रिपोर्ट

मोहड़ रेत के अवैध उत्खनन मामले में खनिज विभाग को खदान से अवैध रूप से रेत निकासी किए जाने के मामले की पूरी जानकारी थी। लेकिन तत्कालीन खनिज अधिकारी ने नदी से छेड़छाड़ किए जाने और रेत तस्करी के लिए रैंप बनाए जाने के मामले में कोई भी जांच नहीं की और न इसकी रिपोर्ट तैयार की। खनिज विभाग को इस मामले में सबसे पहले कार्रवाई करना था।

नए अधिकारी ने नहीं किया ज्वाइन

मिली जानकारी के अनुसार तत्कालीन खनिज अधिकारी प्रवीण चंद्राकर पर राज्य शासन ने कार्रवाई कर उन्हें तत्काल निलंबित कर दिया था। इसके बाद नए खनिज अधिकारी सनत कुमार को जिले का चार्ज लेना था लेकिन, अब तक उन्होंने ज्वाइन नहीं किया है।

इसके कारण रेत उत्खनन के मामले में अब तक खनिज विभाग की कार्रवाई शुरू ही नहीं हो पाई है।

माफियाओं को मिल रहा संरक्षण : महेंद्र

कांग्रेस नेता महेंद्र यादव ने आरोप लगाया है कि मामले में शामिल लोगों को बचाने के लिए ही सरकार ने खनिज अधिकारी को सस्पेंड किया है। अगर पूरे मामले में खनिज विभाग और पुलिस विभाग दोनों विभागों की कार्रवाई होती तो कोर्ट में मामला मजबूत होता और दोषियों को कड़ी सजा मिलती।

मीडिया से बात करने के लिए अधिकृत नहीं हूं : भरत बंजारे

रेत उत्खनन के मामले में मीडिया के सवालों पर सहायक खनिज अधिकारी भरत बंजारे का कहना है कि वे मीडिया से बात करने के लिए अधिकृत नहीं है। नए खनिज अधिकारी के आने के बाद ही इस मामले पर चर्चा करेंगे।

विधायक यशोदा ने मुआवजा वितरण को लेकर अधिकारियों को लगाई फटकार, कहा प्रभावितों को देंगे हरसंभव मदद

पिछले साल बाढ़ से प्रभावित परिवारों को अब तक नहीं मिला मुआवजा

खैरागढ़/नवप्रदेश। शनिवार को शहर मे आई बाढ़ से प्रभावित हुए इतवारीबाजार सहित अन्य बाढग्रस्त इलाकों में प्रभावितों से मिलने पहुँची विधायक यशोदा वर्मा के सामने प्रभावितों का दर्द छलक पड़ा।

पिछले साल 10 सितंबर को आई बाढ़ के बाद इन प्रभावितों को हुए नुकसान का स्थानीय प्रशासन द्वारा सर्वे किया गया था। आधे से ज्यादा लोगों को अभी तक मुआवजा या अन्य राहत नहीं मिल सकी है।

रविवार को विधायक यशोदा वर्मा ने मिशन संडे टीम के सदस्यों के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। विधायक वर्मा ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित दुकानदारों, प्रभावितों से मुलाकात कर बातचीत की और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

इस दौरान एसडीएम टंकेश्वर साहू, नगर पालिका सीएमओ नरेश वर्मा, तहसीलदार सहित अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। बाढ़ प्रभावित लोगों ने विधायक से बताया कि इतवारी बाजार के व्यापारी और स्थानीय निवासियों को लाखों रुपये के नुकसान की मुआवजा राशि नहीं दी गई है।

विधायक यशोदा वर्मा ने नाराजगी जताते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को फटकार लगाई और मुआवजा वितरण करने के निर्देश दिए।

177 प्रभावितों में सिर्फ48 को मिला मुआवजा, बाकी प्रकरण लंबित

मुआवजा वितरण में देरी के विधायक वर्मा के सवाल पर अधिकारियों ने बताया कि पिछले वर्ष के 177 बाढ़ पीड़ितों में से अब तक 48 को ही मुआवजा दिया गया है। शेष प्रकरण राज्य शासन स्तर पर लंबित हैं। विधायक वर्मा ने आश्वासन दिया कि इस साल जिन लोगों को बाढ़ से नुकसान हुआ है, उनका शीघ्र सर्वे कर राहत राशि प्रदान की जाएगी। वर्मा ने कहा कि पीड़ितों को किसी भी हाल में नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। विधायक यशोदा वर्मा बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात करने अम्बेडकर वार्ड पहुंची। उन्होंने बाढ़ के तेज बहाव में बहने से मृत युवक अमित यादव के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। परिजनों को शासन से मिलने वाली सहायता राशि प्रदान करने के लिये अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने कहा। उन्होंने परिवार को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, नपा नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, अरुण भारद्वाज, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, राधे पटेल, यतेंद्र सिंह छोटू, राहुल बंजारे, सूरज महिलकर, भूपेंद्र वर्मा, हरीदर्शन सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

रश्विदेवी महाविद्यालय की समस्याओं पर एनएसयूआई ने किया धरना प्रदर्शन

खैरागढ़/नवप्रदेश। रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय में व्याप्त समस्याओं का निराकरण न होने के मामले में एनएसयूआई ने महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर जमकर प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के एनएसयूआई अध्यक्ष वासु सिंह और ज़िला अध्यक्ष सुमित जैन के नेतृत्व में छात्र-छात्राएं अपनी मांगो को लेकर महाविद्यालय के प्राचार्य से मिलने जा रहे थे। महाविद्यालय के द्वार पर पुलिस द्वारा छात्र नेताओं को रोके जाने के कारण नाराज छात्रों ने मुख्य द्वार बंद कर दिया और गेट पर ही धरने पर बैठ गए।

कालेज प्रशासन द्वारा कोई प्रतिक्रिया न देने पर छात्र नेता उग्र हो गए और कालेज प्रशासन की लापरवाही को लेकर कलेक्टर कार्यालय के लिए रवाना हो गए। रास्ते में एसपी ऑफिस के पास पुलिस प्रशासन ने दोबारा छात्रों को रोक दिया। नाराज़ छात्रों ने कलेक्टर से मिलने की मांग की। पुलिस प्रशासन ने छात्रों के प्रतिनिधिमंडल को कलेक्टर से मुलाक़ात के लिए सहमति दी। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल से मिलकर मांगो को रखा। महाविद्यालय के हर संकाय में बढ़ती हुई फीस को कम करने, लाइब्रेरी में नई बुक की व्यवस्था करवाने, कॉलेज में शौचालयो की नियमित सफाई करवाने, सेनेटरी पैड मशीन को तुरंत चालू करवाने नई मशीन लगाने, छात्रों के लिए वाटर कूलर की हर महीने सफाई कराने, नया वाटर कूलर लगवाने, महाविद्यालय के कक्षाओं मे छत से टपक रहे पानी की तुरंत मरम्मत कराने की मांग की गई। कलेक्टर चंद्रवाल ने दो दिन में महाविद्यालय प्रशासन और छात्रों की बैठक कराने का आश्वासन दिया। छात्र नेताओं ने आगामी सात दिनों के भीतर माँग पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रदर्शन के दौरान सचिन साहू, नियति सिंह, प्रीति मेश्राम, प्रियंका, डाली , रोशनी, निवेदिता, अभिषेक, साहिल, सतीश साहू, प्रमोद वर्मा, राहुल वर्मा मौजूद थे।

पेज 1 का शेष

मुख्यमंत्री साय ने हेलीकॉप्टर .....

है। हजारों श्रद्धालु सैकड़ों किलोमीटर की पदयात्रा कर भगवान भोलेनाथ के दर्शन हेतु यहां पहुंचे हैं–यह हमारी आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत की जीवंत मिसाल है।

श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अमरकंटक से 151 किलोमीटर पदयात्रा कर भोरमदेव मंदिर में जलाभिषेक करने वाली पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा को भगवा वस्त्र और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ से अमरकंटक जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मध्यप्रदेश के अनूपपुर में 5 एकड़ भूमि आबंटन की प्रक्रिया जारी है, जहाँ एक भव्य श्रद्धालु भवन का निर्माण प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं को सावन मास की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हेलीकॉप्टर से की गई पुष्पवर्षा इस पुण्य अवसर की महत्ता को और भी अभूतपूर्व बना गई है।

भारत के सैनिक शेर हैं...

उन्होंने कहा, विपक्ष का सवाल यह होना चाहिए कि क्या भारत ने आतंकी ठिकानों को तबाह किया? तो उसका उत्तर है-हां। ऑपरेशन सिंदूर सफल रहा? तो इसका भी उत्तर है- हां। उन्होंने विपक्ष को सलाह देते हुए कहा, जब हमारे लक्ष्य बड़े होते हैं, तो हमें छोटे मुद्दों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। छोटे मुद्दों पर फोकस करने से बड़े मुद्दों से ध्यान हट जाता है। राजनाथ सिंह ने विपक्ष को आईना दिखाते हुए कहा कि जब भाजपा विपक्ष में थी तो संसद में और बाहर उसका व्यवहार सरकार से सार्थक सवाल पूछने का रहा है, यह रवैया विपक्ष का भी होना चाहिए था। उन्होंने कहा, हमने भी एक लंबा समय विपक्ष में बिताया है, लेकिन तब हमने सरकारों से सार्थक सवाल पूछे। वर्ष 1962 के भारत-चीन युद्ध का उदाहरण देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, ÷हमने तब पूछा कि हमारी धरती पर किसी और देश का कब्जा कैसे हो गया? हमारे सैनिकों की इतनी जानें कैसे गईं? हमने हथियारों या मशीनों की चिंता नहीं की, बल्कि सैनिकों की चिंता की। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का भी जिक्र करते हुए कहा, जब हमने पाकिस्तान को सबक सिखाया था, तब अटल जी ने सदन में सिर्फ सरकार की नहीं, बल्कि पूरे नेतृत्व की सराहना की थी, जिसमें विपक्ष भी शामिल था। राजनाथ सिंह ने विपक्ष के तर्कों पर कटाक्ष करते हुए कहा, किसी भी परीक्षा में परिणाम मायने रखता है। हमें इस बात की चिंता नहीं करनी चाहिए कि परीक्षा के दौरान छात्र की पेंसिल टूटी थी या नहीं। उन्होंने दोहराया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' एक सफल और निर्णायक अभियान था और विपक्ष को उसमें नकारात्मकता नहीं ढूंढनी चाहिए।

नागरिकों को मारेगा तो भारत चुप...

लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर हमारे सामर्थ का प्रतीक था, जिसमें हमने दिखाया कि अगर कोई हमारे नागरिकों को मारेगा तो भारत चुप नहीं बैठेगा। हमारा राजनैतिक तंत्र और नेतृत्व बिना किसी दबाव के काम करेगा। हमारी मिसाइलें भौतिक सीमाओं को पार करेंगी, वीर सैनिक दुश्मन की कमर तोड़ देंगे। हम आतंकवाद के हर रूप और स्वरूप को समाप्त करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

विदेश मंत्री-मोदी और..

बात करें। विदेश मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच 22 अप्रैल से 17 जून तक कोई फोन कॉल नहीं हुई। इस पर विपक्ष के हंगामे पर गृह मंत्री अमित शाह खड़े हुए और कहा कि भारत का विदेश मंत्री यहां बोल रहा है, इनको विदेश मंत्री पर भरोसा नहीं है। किसी और देश पर भरोसा है। इसीलिए ये वहां बैठे हैं, अगले 20 साल तक वहीं बैठने वाले हैं।

आतंकवादी पहलगाम में...

पहलगाम के दहशतगर्दों को क्यों नहीं पकड़ पाई? पहलगाम के आतंकियों को किसने पनाह दी, किसने जानकारी दी? पहलगाम के आतंकियों को फरार होने में किसने मदद की? 100 दिन बीत गए, लेकिन सरकार के पास इन सवालों का कोई जवाब नहीं है। सरकार के पास ड्रोन, पेगासस, सीआरपीएफ बीएसएफ सीआईएसएफ है, वहां गृहमंत्री कुछ दिन पहले ही गए थे, लेकिन फिर भी आप किसी को पकड़ नहीं पाए। ये कैसा बंदोबस्त था?

गौरव गोगोई ने राजनाथ सिंह के बयान पर सवाल उठाते हुए कहा, ÷राजनाथ सिंह ने बताया कि हमारा मकसद युद्ध नहीं था, और मैं पूछना चाहता हूं कि क्यों नहीं था? पीओके आज नहीं लेंगे तो कब लेंगे? हमें संदेश मिलता है कि दुनिया के सबसे बेहतरीन लड़ाकू विमान हमारे पास हैं। हालांकि सीडीएस को कहना पड़ा कि हमारे लड़ाकू जहाज रेंज में नहीं जा सकते। हमें सरकार से इन सब पर जानकारी चाहिए।÷

उन्होंने कहा गृह मंत्री कई बार कह चुके हैं कि हमने आतंकवाद की कमर तोड़ दी है, लेकिन इसके बावजूद उरी से लेकर बालाकोट और पुलवामा जैसी घटनाएं होती हैं। गृह मंत्री को पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी विदेश से आकर बिहार में भाषण दिया, जहां चुनाव होने जा रहे हैं। उनको बिहार के बदले पहलगाम जाना चाहिए था।

भारत ने पूरे विश्व को ...

को पिता द्वारा तंजावुर में बनवाये गये बृहदेश्वर मंदिर से नीचे रखा। उन्होंने कहा, चोल काल की आर्थिक और सामरिक प्रगति आधुनिक भारत के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है। राजराजा चोल ने एक शक्तिशाली नौसेना की स्थापना की, जिसे राजेंद्र चोल ने और मजबूत किया। चोल साम्राज्य ने नए भारत के निर्माण के लिए एक प्राचीन रोडमैप के रूप में कार्य किया। श्री मोदी ने कहा कि भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए राष्ट्रीय एकता को प्राथमिकता देनी होगी। इसके साथ ही अपनी नौसेना और रक्षा बलों को मजबूत करना होगा तथा नए अवसरों की तलाश करनी होगी। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि देश इसी दृष्टिकोण से प्रेरित होकर आगे बढ़ रहा है।

न्यूज गैलरी

अधिवक्ता संघ दुर्ग ने न्यायमूर्ति पार्थ प्रतीम साहू का सम्मान किया

दुर्ग। जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग के कार्यालय में उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के न्यायमूर्ति पार्थ प्रतीम साहू का शाल श्रीफल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग विनोद कुजूर, मंसूर अहमद रजिस्ट्रार सतर्कता उच्च न्यायालय छग, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पंकज दीक्षित, अध्यक्ष नीता जैन, प्रशांत जोशी, उमा भारती, रविशंकर सिंह, अनिल जायसवाल, राकेश यादव, रविशंकर मानिकपुरी, बजरंग श्रीवास्तव, पं. अजय मिश्रा सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

एक्सीडेंट के पुराने प्रकरण का जल्द निराकरण करें : एसएसपी

भिलाई। एसएसपी विजय अग्रवाल ने हिट एंड रन के मामलों का जल्द निराकरण करने निर्देश दिये हैं। एसएसपी ने पुलिस कंट्रोल रूम के सभागार में दुर्ग, भिलाई नगर, छावनी और पाटन, धमधा के रीडरों की बैठक ली, जिसमें एक वर्ष से अधिक अवधि के लंबित अपराध, चालान समेत अन्य प्रकरणों का निराकरण का निर्देश दिया। एसएसपी अग्रवाल ने एक्सीडेंट के अपराध में विवेचकों से आईआरएडी और ईडीएआर का कार्य एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने का भी टास्क दिया। हिट एंड रन के मामलों का भी शीघ्र निराकरण करने कहा, ताकि पीड़ितों को समय पर सहायता राशि मिल सके। अपराध और अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखने, जनसंपर्क बढ़ाने थाना क्षेत्रांतर्गत बीट प्रणाली तैयार कर सभी अफसर-कर्मियों की जिम्मेदारी तय करने हिदायत दी गई। बैठक में ट्रैफिक डीएसपी सदानंद विंध्याराज, निरीक्षक अम्बिका प्रसाद ध्रुव सहित सभी सब डिवीजन के रीडर उपस्थित रहे।

पं. नेहरू उत्कर्ष योजना: कक्षा 6 वीं में प्रवेश परीक्षा परिणाम जारी

दुर्ग। पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना वर्ष 2025-26 में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिये परीक्षा प्रयास आवासीय विद्यालय मालवीय नगर चौक दुर्ग में आयोजित किया गया था, जिसका परीक्षा परिणाम जारी किया जा चुका है। परीक्षा परिणाम कार्यालयीन समय में अवलोकन किया जा सकता है। परीक्षा परिणाम में यदि कोई दावा आपत्ति होने पर साक्ष्य अभिलेख 26 जुलाई तक प्रस्तुत किया जा सकता है।

खेत के बीचो बीच अचानक धंस गई मिट्टी, बना 12 फीट चौड़ा और 20 फीट गहरा सिंकहोल: प्रशासन ने बनाया सुरक्षा घेरा

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले के ग्राम पेंड्री में खेत की जमीन का करीब 20 फीट गहरा और 12 फीट चौड़ा हिस्सा अचानक धंस गया। धमधा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले इस गांव में अचानक इतना बड़ा गड्ढा होने से आसपास के इलाके में चर्चा और कौतूहल का विषय बन गया है। प्रशासन ने यहां सुरक्षा घेरा बना दिया है। किसान जगदीश साहू अपने खेत पर रोज की तरह घूम रहा था। उसने देखा कि खेत के बीच अचानक कुछ हलचल हो रही है। देखते ही देखते मिट्टी धंसने लगी और कुछ ही मिनटों में विशाल गड्ढा बन गया। भूगर्भ विशेषज्ञों का कहना है कि यह सिंकहोल है। धमधा एसडीएम सोनम डेविड ने बताया कि पेंड्री गोबरा गांव में किसान के खेत की जमीन धंसने की सूचना मिली है। सुरक्षा की दृष्टि से एरिया को घेर दिया गया है। गांव में मुनियादी भी कर दी गई है ताकि लोग सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से गड्ढे के पास न जाएं। ग्रामीणों का कहना है कि इस अप्रत्याशित नजारे को देखकर ग्रामवासी डर गए। अटकलें लगाई जा रह है कि जमीन के नीचे पानी की सतह में बदलाव या कोई पुरानी सुरंग की वजह से ऐसा हो सकता है। भू-वैज्ञानिकों के मुताबिक सिंकहोल होना एक सामान्य प्रक्रिया है। जब बरसात का पानी चट्टानों के नीचे मौजूद खाली जगहों में समा जाता है और मिट्टी व अन्य अवशेष भी बहकर चले जाते हैं, तब सतह पर अचानक बड़े गड्ढे बन जाते हैं। विशेषज्ञों ने लोगों से डरने की बजाय सतर्कता बरतने की सलाह दी है। ग्रामीणों को गड्ढे के आसपास जाने से मना किया गया है।

भाजपा मंडल की कार्यकारिणी घोषित

दुर्ग/नवप्रदेश। भाजपा दुर्ग जिला संगठन के अंतर्गत आने वाले पाटन विधानसभा के कुम्हारी मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के अनुमोदन से कुम्हारी मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिन्हा ने कर दी है। कार्यकारिणी घोषणा के बाद जिलाध्यक्ष कौशिक ने बताया कि कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष फिंगेश्वर साहू, इमरान रिजवी, द्वारिका साहू, इंदिरा कोसरिया, महामंत्री दीपक चतुर्वेदी, नारायण सोनकर, मंत्री योगिता वर्मा, गीता निर्मलकर, सुजीत यादव, सरस्वती डांडे, कोषाध्यक्ष जेपी बैस, सह कोषाध्यक्ष कैलाश डोडवानी, कार्यालय मंत्री विनोद वर्मा, सह कार्यालय मंत्री रामप्रकाश गुप्ता, मीडिया प्रभारी होमेन्द्र साहू, मीडिया सह प्रभारी गोविंद बघेल, सोशल मीडिया प्रभारी हीरा सिन्हा, सोशल मीडिया सह प्रभारी मुकेश कुमार पठारी, आईटी सेल प्रभारी उमाकांत साहू सह प्रभारी गौरव पटेल सहित 25 कार्य समिति के सदस्य बनाए गए हैं। जिलाध्यक्ष कौशिक ने कहा कि कार्यकारिणी की घोषणा के बाद संगठन के कामकाज में सक्रियता बढ़ेगी।

शिवनाथ का जल भरकर कावड़ यात्रियों ने 33 किमी की यात्रा कर भगवान भोलेनाथ का किया जलाभिषेक

दुर्ग/नवप्रदेश। सावन के पवित्र महीने में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में कांवड़ यात्रा निकाली जा रही है। शिवभक्तों ने शिवनाथ जल लेकर हर-हर भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए 33 किलोमीटर की यात्रा पूरी की और देवबलोदा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भगवान को जल अर्पित किया। कावड़ यात्रा के दौरान पुरुषों ने भगवा रंग के गमछे पहने थे। महिलाएं केसरिया और पीले रंग की साड़ी में नजर आईं। यात्रा के दौरान कई सामाजिक संस्थाओं और स्थानीय नागरिकों ने यात्रियों का पुष्पवर्षा और जलपान से स्वागत किया।

भिलाई में आयोजित कांवड़ यात्रा का नेतृत्व खुर्सीपार पार्षद विनोद सिंह ने किया। विनोद ने शिवालय खुर्सीपार से यात्रा आरंभ कर प्राचीन देवबलोदा स्थित शिव मंदिर तक भक्तों के साथ 20 किलोमीटर की पदयात्रा पूरी की। विनोद सिंह ने कहा कि हर साल की तरह इस साल भी हजारों भक्तों की उपस्थिति में शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया। यात्रा में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की भी उत्साहपूर्वक भागीदारी देखी गई, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया।

कुम्हारी के खारुन नदी से उपकार चंद्राकर के नेतृत्व में शिवनाथ कांवड़ यात्रा समिति द्वारा तीसरे साल की भव्य यात्रा का आयोजन किया गया। उपकार चंद्राकर ने बताया कि यह यात्रा केवल दुर्ग जिले तक सीमित नहीं रही, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ से श्रद्धालुओं ने इसमें भाग लेकर शिवभक्ति का परिचय दिया। यात्रा के समापन पर सभी भक्तों ने शिवनाथ नदी के तट पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

बीजेपी नेता नटवर ताम्रकार ने कहा कि सावन के महीने में भगवान शिव स्वयं धरती पर वास करते हैं और जलाभिषेक का इस माह में विशेष महत्व होता है। यह कांवड़ यात्रा श्रद्धा, अनुशासन और सांस्कृतिक एकता का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा सब पर बनी रहे। पूरे देश में इस तरह की भव्य कांवड़ यात्राएं सनातन संस्कृति की जीवंतता को दर्शाती हैं।

प्राण प्रतिष्ठा, भेलवा तालाब से विद्या विहार तक कलश यात्रा

भिलाई/नवप्रदेश। विद्या विहार नेहरू नगर पश्चिम भिलाई में पिनाकेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा के लिए विद्या विहार के निवासियों ने नेहरू नगर के भेलवा तालाब से विद्या विहार तक गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली। इसके बाद वेदी पूजा हुई। सदस्यों ने बताया कि 28 जुलाई को शिव परिवार की शोभायात्रा निकलेगी और 29 जुलाई को दोपहर शुभ मुहूर्त में प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसके बाद भंडारा होगा। शाम 7 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा। इस अवसर पर अध्यक्ष शैलेन्द्र मिश्रा, उपाध्यक्ष अनिल शुक्ला, योगेश अग्रवाल, राममूर्ति शर्मा आदि उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता मनोज राजपूत का पासपोर्ट रद्द

■ **आपराधिक मामलों को छिपाकर बनवाया था पासपोर्ट**

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर के चर्चित बिल्डर, जमीन कारोबारी और छत्तीसगढ़ी फिल्मों के अभिनेता मनोज राजपूत के खिलाफ सुपेला थाना में गंभीर धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपों के अनुसार मनोज राजपूत ने अपने आपराधिक मामलों को छिपाकर गलत जानकारी देते हुए शपथ पत्र तैयार कराया और पासपोर्ट बनवा लिया। इस मामले को लेकर मनोज राजपूत के खिलाफ सुपेला थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के मुताबिक मनोज राजपूत ने पासपोर्ट बनवाने के लिए आपराधिक इतिहास को छिपाया और झूठा शपथ पत्र देकर सुपेला थाने से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया। पुलिस जांच से पता चला है कि मनोज के खिलाफ अलग-अलग थानों में कुल 11 आपराधिक मामले दर्ज किये गए हैं। दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, धोखाधड़ी और मारपीट जैसे संगीन आरोपों में भी मामले दर्ज हैं। इस संबंध में फौरन एक पत्र पासपोर्ट कार्यालय को भेजा गया। इसके बाद मनोज राजपूत का का पासपोर्ट रद्द कर दिया गया।

पुलिस ने बताया कि मनोज राजपूत ने वास्तविक पता मोहन नगर थाना क्षेत्र की बजाय सुपेला थाना क्षेत्र के नेहरू नगर, वार्ड 3 का पता बताकर पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट हासिल कर लिया। आपराधिक इतिहास को छिपाने के लिये ऐसा किया गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज करते हुए पूरे घटनाक्रम को उजागर किया। सुपेला थाना में मनोज राजपूत पर अपराध दर्ज किया गया है। इसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और पासपोर्ट अधिनियम 1967 की धारा 12 के तहत कार्रवाई की गई है।

फोर्ज एवं स्टील स्ट्रक्चरल शॉप में सुरक्षा प्रोत्साहन सप्ताह का आयोजन

■ **ठेका श्रमिकों के साथ सुरक्षा संचार मंच, आपातकालीन तैयारी योजना पर चर्चा**

भिलाई/नवप्रदेश। इस्पात सयंत्र के फोर्ज एवं स्टील स्ट्रक्चरल शॉप में 21 से 26 जुलाई 2025 तक सुरक्षा प्रोत्साहन सप्ताह का आयोजन किया गया। सुरक्षा प्रोत्साहन सप्ताह के दौरान सुरक्षा पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम जैसे सुरक्षावार्ता, सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा स्लोगन, नियर मिस केस पर प्रतियोगिता, सुरक्षा कविता एवं ड्राइंग प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। विभिन्न सुरक्षा विषयक कार्यक्रमों में ठेका श्रमिकों के साथ सुरक्षा संचार मंच, नियर मिस केस, आपातकालीन तैयारी योजना पर चर्चा, अग्निशमन यंत्रों के उचित उपयोग एवं सावधानियां तथा प्राथमिक उपचार पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग के सहयोग से आयोजित सुरक्षा प्रोत्साहन सप्ताह के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी (सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग) एसके अग्रवाल एवं विशेष अतिथि कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक (शॉप्स) एचके सचदेव, महाप्रबंधक (सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग) एसआर शेंडे ने विभाग द्वारा किये गए आयोजन एवं प्रयासों की सराहना की तथा सुरक्षा सम्बन्धी गतिविधियों में व्यक्तिगत एवं सामूहिक भागीदारी हेतु आव्हान किया। साथ ही उन्होंने भविष्य में शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु अपनी शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर विभागप्रमुख व महाप्रबंधक (फोर्ज-एसएस शॉप) जितेन्द्र मोटवानी ने 360 डिग्री ऑब्ज़र्वेशन के महत्व और कार्यस्थल पर सुरक्षा से जुड़े बिंदुओं पर आवश्यक मार्गदर्शन एवं सुझाव दिए। विभागीय सुरक्षा अधिकारी व उप प्रबंधक समीर मोहरील ने विभाग का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। फोर्ज एवं स्टील स्ट्रक्चरल शॉप में सुरक्षा सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं बेस्ट सेफ्टी मैन, सेफ्टी स्लोगन, नियर मिस केस, कविता एवं पोस्टर आदि के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विभाग के सहायक महाप्रबंधक अधिकारी साहू, वरिष्ठ प्रबंधक एमएस बघेल, उप प्रबंधक जीतेन्द्र गुप्ता तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार विजेता प्रतिभागी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजेश सिंह ठाकुर ने तथा के विक्रम ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सुरक्षा सप्ताह के सफल आयोजन में के विक्रम, अखिलेश उपाध्याय, आरएस यादव, डीपी देवांगन, विनय साहू, ज्योतिनाथ, के लक्ष्मण, लोकेष एवं करण साहू का विशेष योगदान रहा।

गर्ल्स कॉलेज में बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर के नतीजे शत-प्रतिशत

दुर्ग/नवप्रदेश। शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या महाविद्यालय, दुर्ग के बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर के परिणामों ने एक बार फिर उत्कृष्टता का परचम लहराया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने इस उपलब्धि पर छात्राओं और शिक्षकों को बधाई दी।

विभागाध्यक्ष केएल राठी ने बताया कि सेमेस्टर में कुल 17 छात्राओं ने परीक्षा दी, जिसमें सभी ने शत-प्रतिशत सफलता हासिल की। विशेष रूप से, 6 छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए जबकि अन्य 6 छात्राओं ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए।

शासकीय हाईस्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया शाला प्रवेशोत्सव

कुम्हारी/नवप्रदेश। संकुल अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल बाजार चौक में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदे की तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना से की गई। कार्यक्रम में मुख्य आतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामाधार शर्मा ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में गिरीश सोनी सांसद प्रतिनिधि रहें। विशेष अतिथि पार्षद अश्वनी देशलहरें उमेश्वरी साहू, रामकुमार सोनी एवं डॉ आरके सिदार के आतिथ्य में हुआ। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में कक्षा पहली, छटवीं एवं नवमी में प्रवेश लेने वाले बच्चों को तिलक लगाकर साथ ही निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं निःशुल्क गणवेश प्रदाय कर सम्मान किया गया। असीमा मंडी प्रभारी प्राचार्य शा.हाई स्कूल द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य एवं विद्यालय की उपलब्धि, योजनाओं और सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम को सभी अतिथियों ने संबोधित कियें। मीना वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को देखकर अपने बचपन के स्कूली जीवन की याद आ जाती है। उन्होंने कहा कि बच्चों को ईमानदारी से पढ़ने एवं नियमित शाला आना चाहिए।

कारगिल विजय दिवस पर शंकराचार्य महाविद्यालय में नाट्य प्रस्तुति

भिलाई/नवप्रदेश। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य और गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनएसएस और एनसीसी इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार ने वीर सैनिकों के शौर्य एवं बलिदान को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के एनसीसी और एनएसएस विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति भाषण, कविता पाठ और नाट्य प्रस्तुति दी गई, जिसमें पुलवामा हमला और ऑपरेशन कारगिल की विजय यात्रा को दर्शाया गया।

मुख्य अतिथि कर्नल ई जे जयक्कन्नन सिग्नल्स वेटरन ने अपने सैन्य जीवन के अनुभव साझा किए और कारगिल युद्ध के समय की परिस्थितियों के बारे में बताया। उन्होंने सैनिकों के बलिदान और सीमाओं पर जीवन की कठिनाइयों को साझा करते हुए छात्रों को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। विशेष अतिथि देश दीपक सिंह (जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र के प्रांत सचिव ने जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र के कार्यों और देश की सुरक्षा से जुड़े पहलुओं पर प्रकाश डाला और युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। महाविद्यालय ने पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया। रोहित वर्मा (सेवानिवृत्ति सूबेदार) व आशा वर्मा के पुत्र कैप्टन अमन वर्मा जो वर्तमान में भारतीय सेना में सेवाएं दे रहे हैं। महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र हैं। इसी प्रकार बीजू प्रसाद (कैप्टन) व पूनम बराल की पुत्री प्रतिभा बराल महाविद्यालय की छात्रा हैं और एनसीसी में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। इन वीर परिवारों के योगदान और देशभक्ति को महाविद्यालय ने नमन करते हुए उन्हें सम्मानित किया। अतिथियों को शाल श्रीफल, स्मृति चिन्ह, पौधे और गाय के गोबर से बने विशेष मोबाइल स्टैंड भेंट किए गए। प्राचार्य डॉ अर्चना झा, डीन अकादमिक डॉ जे दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि हमें मातृभूमि की रक्षा करने वाले सैनिकों के साहस और समर्पण से प्रेरणा लेकर सदैव राष्ट्रहित में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में एन सी सी प्रभारी कैप्टन डॉ कृष्ण मंडल और राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ शिल्पा कुलकर्णी का विशेष योगदान रहा।

आयोजन | **हेपेटाइटिस की चिकित्सा, टीकाकरण और संक्रमण से सुरक्षा उपायों की महत्ता पर प्रकाश डाला**

जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे पर जन-जागरूकता

भिलाई/नवप्रदेश। इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, भिलाई के ओपीडी ब्लॉक में 28 जुलाई 2025 के विश्व हेपेटाइटिस दिवस 2025 के अवसर पर विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. एम. रविंद्रनाथ रहे व विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ. सौरभ मुखर्जी एवं डॉ. उदय कुमार की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर श्री शंकराचार्य नर्सिंग कॉलेज एवं पी.जी. नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किए गए जागरूकता पोस्टरों की प्रदर्शनी का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक डॉ. एम. रविंद्रनाथ ने किया। सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन किया और नर्सिंग छात्रों की रचनात्मकता की सराहना की। प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही स्वच्छता दूत के रूप में कार्य कर रहे बायोमेडिकल वेस्ट हैंडलर्स को उपहार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। अपने उद्बोधन में कार्यपालक निदेशक डॉ. रविंद्रनाथ ने चिकित्सालय में उपलब्ध हेपेटाइटिस से संबंधित चिकित्सकीय सेवाओं, टीकाकरण की प्रक्रिया एवं संक्रमण से सुरक्षा उपायों की महत्ता पर प्रकाश डाला।

गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ. जीवनलाल ने उपस्थित जनसमूह को हेपेटाइटिस के कारण, लक्षण, बचाव, उपचार तथा टीकाकरण के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में चिकित्सालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में कर्मचारियों हेतु हेपेटाइटिस पर केंद्रित एक ज्ञानवर्धक वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें तकनीकी विषयों को सरल भाषा में साझा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ गैस्ट्रो एंटरोलॉजिस्ट डॉ. जीवनलाल, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अरुण निकोसे, डॉ. नोहर सिंह ठाकुर, डॉ. आकांक्षा शर्मा, एवं महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं सेवाएं) शाहिद अहमद सहित अन्य चिकित्सकगण, नर्सिंग स्टाफ नर्सिंग छात्र-छात्राएं, सफाईकर्मी, अटेंडेंट, रोगी और उनके परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अर्चना पांडे ने किया व आभार प्रदर्शन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार द्वारा किया गया।

गौठान और निर्माणाधीन नाला का आयुक्त पांडेय ने किया निरीक्षण

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर निगम भिलाई के नेहरू नगर जोन अंतर्गत कोसा नाला स्थित गौठान का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने किया। सड़कों में बैठकर आवागमन को बाधित करने वाले आवारा पशुओ को पकड़कर गौठान में रखा गया है, जहां उनके खान-पान, चिकित्सकीय व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार के लिये निर्देशित किया गया। इच्छुक गौ सेवकों से संपर्क कर गौठान परिसर में रेलिंग लगाकर वृक्षारोपण करने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किया। आयुक्त ने सुपेला मुख्य मार्ग से लगे निर्माणाधीन नाला का अवलोकन किया। निर्माण कार्य अविलंब और गुणवत्ता युक्त कराने कार्यपालन अभियंता अखिल चंद्राकर निर्देशित किया गया। नेहरू नगर स्थित बाल उद्यान में अटल परिसर का निर्माण किया जाना है, जिसके लिये मूर्तिकार वीवीएन विन्सेंट नेल्सन से मिलकर नमूना प्रतिमा का अवलोकन कर अविलम्ब निर्माण के लिये चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, सहायक अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना उपस्थित रहे।

बच्चों और स्काउट गाइड की टीम ने सैनिक भाइयों के लिए तैयार की राखियां

बालोद/नवप्रदेश। डौंडीलोहारा ब्लॉक के ग्राम भंडेरा में संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्काउट गाइड की टीम और स्कूली बच्चों द्वारा मिलकर अपने हाथों से ही 100 राखियां तैयार की गई है। इस राखी को सैनिकों के लिए भेजा जाएगा। ÷एक राखी सैनिक भाई के नाम÷ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बालोद, स्थानीय संघ डौंडीलोहारा,यूनिट कल्पना चावला, रेंजर टीम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंडेरा द्वारा भारत स्काउट एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल एवं राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव,राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशन एवं मुख्य आयुक्त राकेश यादव,जिला आयुक्त पी सी मरकले ,सहायक आयुक्त हिमांशु मिश्रा,जिला

सचिव,जिला संगठन आयुक्त,गाइड एवं स्काउट के मार्गदर्शन में यह पहल की।

इस विशेष और अनोखे काम में कल्पना चावला रेंजर, टीम यूनिट लीडर,ग्रुप लीडर जीआर ठाकुर,प्रीति नाइक,शालिनी साहू,सीनियर रेंजर मेट योगेश्वरी बंजारे,जोगेंद्र राते ,हेमप्रिया,सुहानी,बरखा,ममता,पल्लवी,उपुल,टिकेश,कर्तव्य,मनीष,कुणाल सहित सभी कक्षा के बच्चों के सहयोग द्वारा यह राखी बनाई गई है। कैशरीन बेग ने बताया कि उत्साह के साथ सभी ने मिलकर स्कूल में ही राखियां तैयार की। ज्ञात हो कि भारत स्काउटस गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य सचिव द्वारा सभी संयुक्त संचालक संभागीय कार्यालय शिक्षा विभाग रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, सरगुजा, बस्तर और समस्त जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर स्काउट गाइड को रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में "एक राखी सैनिक भाई के नाम" से अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया गया था।

बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर तैयार की 100 राखियां

इसी निर्देश के तहत ही प्रत्येक भारतीय के लिए राष्ट्रीय गौरव हमारे सैनिकों के सम्मान के लिए भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ द्वारा रक्षाबंधन पर हमारे भारत के बॉर्डर में तैनात सैनिक भाइयों की सम्मान में यह अभियान चलाते हुए डौंडीलोहारा के भंडेरा स्कूल के गाइड, रेंजर बहनों ने भी अपनी हस्त निर्मित राखियां रक्षाबंधन पर्व के लिए तैयार की। यह बनाई हुई राखियां सभी स्कूलों से 30 जुलाई तक राज्य मुख्यालय रायपुर में भेजा जाना है फिर आगे उसे सेना मुख्यालय नई दिल्ली तक भेजा जाएगा। इस अभियान के तहत प्रत्येक विकासखंड से 200 राखियां भेजना अनिवार्य किया गया है। उत्साह और इस अभियान में ज्यादा से ज्यादा सहभागिता दिखाते हुए अकेले भंडेरा के ही बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर 100 राखियां तैयार कर ली है।

बाबा कुलेश्वरनाथ का अलौकिक श्रृंगार

राजिम/नवप्रदेश। पवित्र सावन मास में त्रिवेणी संगम स्थित बाबा कुलेश्वरनाथ का फूल और पत्तियों से अलौकिक श्रृंगार प्रतिदिन किया जा रहा है। पूरे सावन माह में श्रद्धालु बड़े ही भक्ति भाव से भगवान का दर्शन, पूजन और अभिषेक करने बड़ी संख्या में पहुंचते है।

मितानिन दीदीयों को बीपी मशीन का वितरण

नगरी /नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी के उपाध्यक्ष विकास बोहरा के द्वारा मितानिन दिदियों को ब्लड प्रेशर मापने वाली मशीनों का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य नगर में हृदय रोगों और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों की समय रहते पहचान करना और प्राथमिक इलाज सुनिश्चित करना है। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा तीज महोत्सव के उपलक्ष में नगर के फॉरेस्ट विश्राम गृह में आयोजन रखा था जहां पर मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष महेश गोटा नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा नगर पंचायत उपाध्यक्ष विकास बोहरा पार्षद अंबिका ध्रुव राजा पवारशंकरदेव देवचरण ध्रुव पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा जनपद सभापति प्रेमलता नागवंशी पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम महिला मोर्चा अध्यक्ष सुलोचना साहू की उपस्थिति में यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उफनती नदियों और मूसलाधार बारिश में डोंगरिया महादेव एवं भोरमदेव मंदिर में जलाभिषेक

शिव भक्ति में लीन आस्था और विश्वास की 151 किलोमीटर कांवड़ यात्रा पूरी

■ **विधायक भावना बोहरा एवं कांवड़ यात्रियों ने भोरमदेव मंदिर में किया भोलेनाथ का जलाभिषेक,भगवामय हुआ जिला कबीरधाम**

कवर्धा/नवप्रदेश। 21 जुलाई को पंडरिया विधायक भावना बोहरा और उनके साथ 300 से अधिक कांवड़ियों ने माँ नर्मदा मंदिर अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक 151 किलोमीटर की यात्रा शुरू की जो 27 जुलाई को भोरमदेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ जी की पूजा-अर्चना और जलाभिषेक के साथ पूर्ण हुई। छत्तीसगढ़ वासियों की सुख-समृद्धि एवं प्रदेश की खुशहाली की कामना हेतु यह कांवड़ यात्रा पंडरिया विधायक भावना बोहरा के नेतृत्व में शुरू की गई और 7 दिनों में घने जंगलों, पर्वतों, बीहड़ रास्तों, उफनती नदियों और घनघोर बारिश को पार करते हुए डोंगरिया महादेव एवं भोरमदेव मंदिर में शिवजी के जलाभिषेक के साथ पूरी हुई। सभी अवरोधों को पंडरिया विधायक भावना बोहरा और उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे कांवड़ियों ने पार किया और मन में एक पवित्र संकल्प एवं भगवान भोलेनाथ के प्रति अपार आस्था के साथ निकली इस यात्रा में हर दिन एक नई उर्जा,उल्लास एवं उत्साह दिखाई दिया। 151 किलोमीटर की यात्रा पूर्ण कर भावना बोहरा और उनके साथ सभी कांवड़ियों ने यह जरुर साबित किया है कि यदि दृढ़ संकल्प और इच्छा शक्ति के साथ मन में भक्ति और आस्था से आप अपने हर लक्ष्य और संकल्पों को पूरा कर सकते हैं। यह यात्रा छत्तीसगढ़ में अपने आप में एक मिसाल होगी यह पहला अवसर है कि एक महिला जनप्रतिनिधि ने प्रदेश व प्रदेशवासियों की मंगलकामना के लिए 151 किलोमीटर की कठिन यात्रा की और नारी शक्ति का एक सन्देश भी दिया है। यह कांवड़ यात्रा माँ नर्मदा मंदिर अमरकंटक से प्रारम्भ होकर लम्हनी, वन ग्राम महामाई, खुड़िया,गौरकांपा, पंडरिया, मोहतरा, पांडातराई, डोंगरिया महादेव,बोड़ला होते हुए भोरमदेव मंदिर में पूर्ण हुई। इस दौरान भोरमदेव मंदिर में भंडारा एवं महाप्रसादी वितरण का भी आयोजन किया गया जिसमें 15000 से अधिक शिवभक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने भी भोरमदेव मंदिर में दर्शन करने हेतु पधारे श्रद्धालुओं और कांवड़ यात्रियों का अभिनंदन किया और प्रसाद वितरण किया।

हर हर महादेव के साथ कवर्धा शिवमय हुआ

यात्रा के अंतिम दिन पंडरिया विधायक भावना बोहरा और कांवड़ यात्रियों ने सुबह 7 बजे बोड़ला से अपनी यात्रा प्रारंभ की और दोपहर 12 बजे भोरमदेव मंदिर पहुंची। इस दौरान बोड़ला, में हजारों की संख्या में शिवभक्तों, सामाजिक व हिन्दू संगठनों, भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने पुष्पवर्षा करके उनका भव्य स्वागत किया। हर हर महादेव और बोल बम के नारों के साथ पूरा कवर्धा शिवभक्ति में लीन और भगवामय हो गया। इस दौरान भोरमदेव मंदिर में लगभग 15000 से अधिक शिवभक्तों ने मंदिर आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया ढोल-बाजो और भक्तिमय गीतों, पुष्पवर्षा से भावना बोहरा और उनके साथ पधारे कांवड़ यात्रियों का सभी ने अभिनंदन किया। यह पहला अवसर होगा जब भोरमदेव मंदिर में श्रद्धालुओं की इतनी भीड़ पहुंची जहाँ लोगों ने खुले दिल से भावना बोहरा और उनके साथ कदम मिलाकर चलने वाले कांवड़ियों की अमरकंटक से भोरमदेव तक कांवड़ यात्रा की प्रशंसा की।

ग्रामीण सड़कों की जान ले रहे ओवर लोड वाहन

■ **ग्रामीणों की जान को भी बना रहता है खतरा**

धरसीवां/नवप्रदेश। औद्योगिक इकाइयों के ओवर लोड वाहन धरसीवा विधानसभा क्षेत्र की ग्रामीण सड़को की जान ले रहे हैं साथ ग्रामीणों की जान को भी ये खतरा बने हुए हैं जानकारी के मुताबिक चरोदा से टाडा मोहदी दौंदे प्रधानमंत्री सड़क सांकरा से पठारीडीह पीएम सड़क एवं सिलयारी क्षेत्र की पीएम सड़को की क्षमता बारह टन है साथ ही पीडब्ल्यूडी की सड़को की क्षमता इससे थोड़ी अधिक है लेकिन उन पर तीस से चालीस टन वजनी मालवाहक औद्योगिक इकाइयों का माल लेकर निरंतर गुजरते हैं इस कारण इन सड़को की बहुत कम समय में जान निकल रही है

सूत्रों की माने तो औद्योगिक इकाइयां ट्रांसपोर्टरों को टन के हिसाब से पेमेंट करती है इसलिए वह अपने मालवाक वाहनों में तीन चार चक्कर का माल एक ही बार में लोड करके फैक्ट्रियों में पहुंचाते

क्षेत्र में सबसे अधिक ग्रामीण सड़को की दयनीय स्थिति सिलयारी कुरूद किरणा हालात कुथरेल आदि गांवों के आसपास है जिसका कारण है धरसीवां से तिल्दा तक सड़क किनारे स्थित कुछ बड़ी औद्योगिक इकाईयां हैं जिनका माल मालगाड़ियों से उतरकर इन फैक्ट्रियां तक जाता है ट्रांसपोर्टर चाहें तो अंडर लोड वाहन भी चला सकते हैं लेकिन इससे उन्हें एक दो की जगह कई चक्कर लगाना पड़ेंगे इसीलिए वह सड़क की क्षमता से कई गुना अधिक माल लोड कर औद्योगिक इकाइयों में ले जाते है

सिलयारी से कुथरेल व तिल्दा मार्ग पर स्थित उद्योगों में ओवर लोड माल ले जाते ट्रेलरों से कई बार लोहे के भारी भरकर बंडल सड़को पर गिरने से बड़े हादसे होते होते टल चुके है एवं ओवर लोड मालवाहक भी अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे उतर चुके हैं बाबजूद इसके ओवर लोडिंग का सिलसिला जारी है यदि सड़क के क्षमता के अनुरूप लोनिवि सड़क पर करीब बीस टन ओर पीएम सड़क पर सिर्फ बारह टन वजनी मालवाहक निकले तो न तो कोई दुर्घटना होगी न ही सड़को की समय से पहले जान निकलेगी।

कुपोषण मुक्त करने जिला प्रशासन सदैव तत्पर : कलेक्टर उइके

■ **छुरा के सांस्कृतिक भवन में कुपोषित बच्चों के लिए मेगा हेल्थ कैम्प लगाया गया**

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर बी.एस. उइके के निर्देशानुसार जिले में बच्चों के बेहतर सुपोषण, स्वास्थ्य एवं देखभाल तथा कुपोषण मुक्त करने के उद्देश्य से कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य जांच एवं ईलाज के लिए आज छुरा के सांस्कृतिक भवन में मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि इसकी शुरुआत शुक्रवार 25 जुलाई को जिला मुख्यालय से किया गया था। इसी तरह 03 अगस्त को मैनपुर में मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया जायेगा। इस विशेष स्वास्थ्य शिविर में राजधानी रायपुर के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक भट्टर एवं उनकी टीम द्वारा जिले के कुपोषित बच्चों का गंभीरतापूर्वक स्वास्थ्य जांच एवं ईलाज किया जा रहा है। साथ ही बच्चों के पालकों को बच्चों के बेहतर देखभाल एवं कुपोषण को दूर करने खानपान से संबंधित आवश्यक सलाह भी दिया जा रहा है। शिविर में बच्चों का सामान्य

विकास, मनोभाव, बोलचाल, हाथ-पैर की एक्टीविटी, मानसिक विकास, बोलने-सुनने, पिछड़ापन, शारीरिक विकास, जन्मजात बीमारी, चर्मरोग, हृदय रोग, बौद्धिक विकास सहित अन्य शारीरिक कमजोरियों की जानकारी लेकर उनका निःशुल्क उपचार एवं दवाईयां वितरित की गई। छुरा विकासखण्ड के लगभग 200 से अधिक बच्चों का वजन माप, वृद्धि चार्ट एवं आवश्यक मापदण्डों में पंजीयन किया गया। इसके आधार पर डॉ भट्टर ने बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति की जांच कर आवश्यक ईलाज एवं देखभाल के लिए सुझाव देते हुए उनके आहार एवं खान-पान के बारे में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य टीम द्वारा निःशुल्क दवाईयों का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अशोक पाण्डेय सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं चिकित्सकीय दल मौजूद रहे। इस दौरान कलेक्टर उइके ने कहा कि जिले को कुपोषण मुक्त करने जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग सदैव तत्पर एवं सजग है। गंभीर कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें विशेष पूरक पोषण आहार दिया जा रहा है।

कबड्डी स्पर्धा में भोथली अव्वल

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम उमरगांव के हर्रापारा में हरेली त्योहार के उपलक्ष्य में मनोरंजन के लिए 20 वर्षीय लड़कों का दो दिवसीय कबड्डी स्पर्धा का आयोजन रखा गया था। जिसमें प्रथम स्थान कबड्डी दल भोथली, द्वितीय स्थान कबड्डी दल छुरा, तृतीय स्थान तरसींवा, चतुर्थ स्थान गरियाबंद ने बाजी मारी। इस कबड्डी स्पर्धा में पुरुस्कार क्रमशः 5025, 3025, 2025, 1025 रखा गया था। जिसमे समापन समारोह के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य क्षमा साहू, अध्यक्षता सरपंच अंजना ध्रुव, विशेष अतिथि के रूप में उपसरपंच फलेंद्र साहू, केआर ठाकुर, पी आर साहू शिक्षक के आतिथ्य में संपन्न हुआ।इस स्पर्धा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष गणेश मरकाम, उपाध्यक्ष उनकरन ठाकुर, कोषाध्यक्ष रुपेश नेताम, सचिव देवराज मरकाम एवं सदस्यों और ग्रामवासी का सहयोग रहा।

पुलिस ने जुआ फड़ में दबिश देकर 6 जुआरियों को पकड़ा

■ **जुआ, सट्टा, अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई**

खरोरा/नवप्रदेश। पुलिस ने अवैध कारोबार सट्टा, जुआ के खिलाफ अभियान चलाकर आरोपियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की। खरोरा में लगातार जुआ की शिकायत पर जुआरियों के फड़ में दबिश देकर जुआरियों को गिरफ्तार किया। जुआरियों के संयुक्त कब्जे से पत्ती ताश एवं 33570/-रुपए जब्त किया। ग्राम केवराडीह पानी टंकी के पास से जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपी लोकनाथ पिता बाबूलाल चेलक उम्र 40 साल साकिन चकवे थाना खरोरा जिला रायपुर 2.रवि पिता लक्की रात्रे उम्र 60 साल साकिन छेरकाडीह

थाना पलारी जिला बलौदाबाजार 3.रोहित पिता सुकालू राम मांडले उम्र 48 साकिन मजिठा थाना खरोरा जिला रायपुर 4.शिवकुमार पिता लखन लाल मांडले उम्र 60 साल साकिन लांजा (परसवानी) थाना खरोरा जिला रायपुर 5.बप्पी साव पिता कृष्णा साव उम्र 35 साल साकिन भैंसा थाना खरोरा जिला रायपुर 6.कृष्ण कुमार पिता समारू राम रात्रे उम्र 46 साल साकिन केवराडीह थाना खरोरा जिला रायपुर जप्त मशरूका 52 पत्ती ताश मोमबत्ती एवं 33570/-नगदी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डां. लाल उमेंद सिंह के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) वीरेन्द्र चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में में थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में जुआरियो को गिरफ्तार किया गया है।

मन की बात के 124 वें संस्करण का श्रवण किया गया

नगरी/नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 4 में गोविंद साहू जी के निवास में मन की बात का कार्यक्रम को देखा गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के 124वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित करते हुए भारत की नई उपलब्धियों, खेल नीति और सांस्कृतिक जागरूकता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज भारत सिर्फ विकास की बात नहीं कर रहा, बल्कि वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर हो रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'खेलो भारत नीति 2025' की घोषणा करते हुए कहा कि अब गांव, गरीब और बेटियों को खेलों में प्राथमिकता दी जाएगी। इस नीति के तहत स्कूल-कॉलेज में खेलों को अनिवार्य किया जाएगा और स्थानीय प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

मोदी ने हाल ही में अंतरिक्ष में भारत की सफलता का ज़िक्र करते हुए कहा कि "भारत अब अंतरिक्ष में भी आत्मनिर्भर हो चुका है।" उन्होंने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की सफल वापसी को विज्ञान और नवाचार की जीत बताया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा पार्षद चेलेश्वरी साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम पूर्व सरपंच महेंद्र नेताम एवं वार्ड वासी उपस्थित थे।

टेंगना में हरेली पर्व पर्यावरण संरक्षण संदेश व वृक्षारोपण कर मनाया

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला, टेंगना में हरेली पर्व पर्यावरण संरक्षण संदेश व वृक्षारोपण कर मनाया गया । कक्षा चौथी के विद्यार्थी गोपेश कश्यप ने अपने जन्मदिन को यादगार बनातें हुए नारियल पेड़ का वृक्षारोपण कर उनके परिवार के द्वारा शाला परिवार को न्यौता भोजन भी प्रदान किया गया एवं गेड़ी चढ़कर सभी बच्चे हरेली पर्व मनाए । शिक्षक संतोष कुमार बांधव ने बताया नवाचार के साथ ही संस्कृति एवं संस्कारों के प्रति हमारे उच्च मूल्यों के धरोहरों के प्रति हमारी नई पीढ़ी को जागृत करने एवं उनसे जुड़े रखने में सहायक है हमारे बच्चों को त्योहार सांस्कृतिक मूल्यों के साथ-साथ हमें व्यक्तित्व में अनेक श्रेष्ठ पलों को आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित करते हैं छत्तीसगढ़ के हर त्योहार में कोई ना कोई विशिष्ट गुणों को आगे बढ़ाने और परंपराओं से सीखने की जरूरत होता है ।

सुंगेरा सरपंच भेजे गये जेल

धरसीवां/नवप्रदेश। थाना धरसींवा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सुंगेरा में महेन्द्रा स्पंज के द्वारा लखना एनिकट जो खारून नदी पर है पाईप लाईन बिछाने का कार्य चलने से ड्युटी पर तैनात पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों एवं कार्य कर रहे कर्मचारियों को पाईप लाईन नही बिछाने देंगे कहकर सुंगेरा के सरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा मारपीट किये जाने से सरपंच एवं अन्य के विरूद्ध अपराध क्रमांक 346/2024 धारा 342, 294, 323, 506, 186, 332, 353, 147, 148 भादवि. कायम किया गया था। लंबे समय से फरार चल रहे सुंगेरा गांव के सरपंच एवं छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना से ताल्लुक रखने वाले तारणदास साहू पिता स्व. टीकाराम साहू एवं ताकेश्वर उर्फतारकेश्वर साहू पिता परस राम साहू और बिसंभर यादव पिता स्व. लतेल यादव (तीनों) को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

सावन सोमवार...

विधायक रोहित साहू ने कहा कि गरियाबंद जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं

चिंगरापगार जलप्रपात और भूतेश्वरनाथ पहुंचे विधायक रोहित साहू

■ **पर्यटन व धार्मिक स्थल के विकास को लेकर दोहराई प्रतिबद्धता**

राजिम/नवप्रदेश। राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू शनिवार को गरियाबंद के समीप स्थित प्रसिद्ध भूतेश्वर नाथ महादेव पहुंचे तथा प्रशासन की टीम को भूतेश्वर नाथ प्रांगण में सुविधाओं के विस्तार के लिए निर्देशित किया एवं मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। श्रद्धालुओं से भी मिलकर उनकी समस्याओं को जाना। इसके बाद वे वन अमले के साथ ग्राम बारुका के निकट स्थित चिंगरापगार जलप्रपात पहुँचे। उन्होंने इसकी खूबसूरती को निहारा और वन विभाग के अधिकारियों से इस पर्यटन स्थल में आवश्यक संसाधनों के विकास व अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा कर निर्देश प्रदान किया। विधायक रोहित साहू ने कहा कि हमारे गरियाबंद जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, इन संभावनाओं को तरास कर इनके समुचित विकास हेतु हम प्रतिबद्ध हैं। भगवान भूतेश्वर नाथ महादेव के दर्शन के लिए पूरे प्रदेश के लोग पहुंचते हैं उनकी सुविधाओं का ख्याल रखना हमारा दायित्व है। इसी प्रकार चिंगरापगार जल प्रपात में भी जिले सहित पूरे प्रदेश के अन्य जिलों से भी पर्यटक यहां आते हैं जिन्हे कोई समस्या न हो तथा इसके सौंदर्य का आनंद पर्यटक ले सकें इसके लिए भी उन्होंने सभी आवश्यक संसाधनों को दुरुस्त करने की बात कही। साथ ही विधायक रोहित साहू ने पर्यटकों से भी आग्रह है कि इस सुंदर प्राकृतिक स्थान का भरपूर आनंद लें किंतु पूरी सावधानी भी बरतें। विदित हो भूतेश्वर नाथ महादेव सबसे बड़ा प्राकृतिक शिवलिंग माना जाता है जहाँ दूर दूर के दर्शनार्थियों का सावन महीने भर मेला लगा रहता है। यह प्रसिद्ध भूतेश्वर नाथ महादेव जिले की पहचान बन चुकी है।

न्यूज़ गैलरी

कचहरी चौक में एनएसयूआई ने किया भंडारे का आयोजन

महासमुंद/नवप्रदेश। स्थानीय कचहरी चौक में एनएसयूआई द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें आम नागरिकों को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा स्वल्पाहार प्रदान किया गया। नपाध्यक्ष श्री साहू ने स्वयं उपस्थित होकर लोगों को स्वल्पाहार परोसा। इस अवसर पर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शाहबाज राजवानी, रत्नेश साहू, शुभम चंद्राकर, होरी साहू, दामु साहू, मासूम पांडेय, रतन पाल, नीतीश साहू, रमेश राव, टेकेंद्र यादव, बिला साहू, आयुष भोसले, आर्यन गिलहरे, कुणाल सेन, नागेश साहू, पुष्कर साहू, जीत चंद्राकर, राज चंद्राकर, अरविंद साहू, राकेश यादव, केशव मानकीपुरी, फ्लेश साहू आदि उपस्थित थे।

पंच कोशीय यात्रियों का नपाध्यक्ष साहू ने किया स्वागत

यात्रा में शामिल सभी यात्रियों के लिए नपाध्यक्ष की ओर से की गई भोजन प्रसादी की व्यवस्था

महासमुंद/नवप्रदेश। शिव भक्त पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू अंचल वासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना को लेकर प्रतिवर्ष अपने हजारों समर्थकों व श्रद्धालुओं के साथ पंचकोशी यात्रा पर निकलते हैं। उनकी धार्मिक यात्रा आज बम्हनी पहुंची। इस दौरान महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू व उनके समर्थकों ने पंचकोशीय यात्रा का स्वागत किया, तथा सभी यात्रियों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था कराई। पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू सहित समस्त यात्रियों ने भगवान बम्हनेश्वर नाथ की पूजा कर नपाध्यक्ष द्वारा आयोजित भंडारा प्रसादी में प्रसाद ग्रहण किया। स्वागत पश्चात यात्रा आगे बढ़ी। नपाध्यक्ष साहू ने बताया कि प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि की कामना को लेकर पूर्व मंत्री साहू पंचकोशीय यात्रा पर निकलते हैं। इस धार्मिक पंचकोशी यात्रा के दौरान वे तीन प्रमुख जिले रायपुर, महासमुंद एवं गरियाबंद में विराजमान सात प्राचीन शिवलिंग का विधि विधान से पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक करते हैं। साहू कई वर्षों से हजारों समर्थकों एवं शिव भक्तों के साथ हर साल श्रावण के महीने में सोमवार को अपने बुलेट मोटरसाइकिल से स्वयं चलाते हुए यात्रा पर निकलते हैं एवं परिक्रमा पूरी करते है। स्वागत के दौरान मुख्य रूप से पूर्व नपा उपाध्यक्ष मनोजकांत साहू, कपिल साहू, मिंदर चावला, भरत सिंह ठाकुर, महेंद्र साहू, शुकदेव साहू , लहरी सिंह ठाकुर, पोखन ठाकुर, नरेश गोयल, राजेंद्र साहू, सुल्तान बागडी, रवि साहू, फ्लेंद्र निषाद, शाहबाज राजवानी, रत्नेश साहू, शुभम चंद्राकर, होरी साहू, दामु साहू, मासूम पांडेय, रतन पाल, नीतीश साहू, रमेश राव, टेकेंद्र यादव, बिला साहू, आयुष भोसले, आर्यन गिलहरे, कुणाल सेन, नागेश साहू, पुष्कर साहू, जीत चंद्राकर, राज चंद्राकर, अरविंद साहू, राकेश यादव, केशव मानकीपुरी, फ्लेश साहू आदि उपस्थित थे।

जिले में अब तक 509.7 मिमी औसत बारिश

महासमुंद। जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2025 से अब तक 509.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा पिथौरा तहसील में 708.6 मिलीमीटर, सरायपाली में 540.8 मिलीमीटर, बसना में 527.7 मिलीमीटर, महासमुंद में 447.3 मिलीमीटर, बागबाहरा में 445.2 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 388.7 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। आज 27 जुलाई को 19.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में पिथौरा तहसील में 38.7 मिलीमीटर, सरायपाली में 19.3 मिलीमीटर, बागबाहरा में 19.2 मिलीमीटर, कोमाखान में 17.7 मिलीमीटर, बसना में 16.6 मिलीमीटर एवं महासमुंद तहसील में 5.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

सरयूपारिण ब्राह्मण समाज नारी प्रकोष्ठ ने किया रुद्राभिषेक

भाटापारा/नवप्रदेश। छ.ग.सरयूपारिण ब्रा.समाज नारी प्रकोष्ठ द्वारा सरयू सदन में पं घनश्याम के दिशा निर्देश में प्रशांत धर दीवान एवं पूजा दीवान एवं सभी बहनों द्वारा रुद्राभिषेक पूजन कर सावन उत्सव मनाया गया,एवं समाज की एकता और उन्नति के लिए विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि सीमा शिवरतन शर्मा का सम्मान प्रतीक चिन्ह देकर किया गया,सचिव उषा मिश्रा एवं भावना शुक्ला के कुशल मंच संचालन एवं अध्यक्ष निशा शर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ,अध्यक्ष सुनील दुबे ,सचिव मनीष शुक्ला,सहसचिव मनोज पांडेय एवं रुपेश मिश्रा का विशेष योगदान रहा। शिव एवं पार्वती जी की वेशभूषा में आये मिहिका दुबे एवं राशि तिवारी एवं नृत्य में अनीता दुबे,शालिनी तिवारी,रश्मि तिवारी ने सबका मन मोह लिया. उक्त कार्यक्रम में समाज की खगेश शर्मा,उषा मिश्रा,सीमा तिवारी,सुषमा मिश्रा,भावना शुक्ला,श्रद्धा शर्मा,विजया पांडेय,ममता दीवान,प्रमिला दुबे,आशा तिवारी,सरिता शर्मा,सुनीला पांडेय,पूजा दीवान,शालिनी तिवारी,निकिता शर्मा,प्रियंका तिवारी,रश्मि तिवारी,अनीता दुबे,रितु तिवारी,ज्योति तिवारी,संध्या गौरहा,संध्या तिवारी,अरुणा शुक्ला,रितु आशीष,आरती पांडेय,कल्पना शर्मा,पूजा शर्मा,पिंकी शर्मा आदि उपस्थित थी।

कांवड़ यात्रा धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति से जुड़ी एक महत्वपूर्ण रीति भी है : शिवरतन शर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने सावन माह के तृतीय सोमवार को माँ मावली माता मंदिर, सिंगारपुर में माँ मावली देवी और महादेव जी की पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि की कामना की और सिंगारपुर से धूमनाथ महादेव मंदिर, रामपुर तक कांवड़ यात्रा के लिए प्रस्थान किया।

शिवरतन शर्मा के साथ लगभग 700 से अधिक कांवड़ यात्री उनकी इस यात्रा में सहभागी बनें हैं। सभी ने बड़े ही उत्साह और उर्जा के साथ बोल बम और हर हर महादेव के नारे के साथ यात्रा की शुरुआत करते हुए, प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली के संकल्प के साथ यात्रा की।

यह यात्रा सिंगारपुर, सेम्हराडीह, निपनिया, भोथीडीह, खपरी, सिलवा,पथरिया, पासीद होकर रामपुर पहुंची.. जहा मार्ग पर ग्रामवासीयों ने यात्रा का पुष्प वर्षा एवं पूजा पाठ कर स्वागत किया। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि हमारे प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के संकल्प यात्रा में सहभागी बनें सभी कांवड़ यात्रियों, भक्तजनों और विधानसभा के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का मैं आभार व्यक्त करता हूं। इस यात्रा में शामिल सभी का उत्साह एवं भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था और विश्वास एक नई उर्जा देने वाला है। कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आस्था, अनुशासन, पर्यावरण प्रेम और हमारी संस्कृति से जुड़ी एक महत्वपूर्ण रीति भी है।

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि सबके जीवन में सुख-समृद्धि का वास हो,हमारा छत्तीसगढ़ निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हो इसी कामना के साथ और हमारी आने वाली पीढ़ियों को सनातन संस्कृति, हमारी धार्मिक आस्था,परंपरा एवं रीति-रिवाजों से अवगत कराना हमारा उद्देश्य है।

इस अवसर पर जिलापंचायत सभापति श्रीकांत जायसवाल, मथुरा यदु, धनीराम साहू, राजेश पटेल, देवक साहू, पवन वर्मा, खुमान वर्मा, सुरेश वर्मा, ठाकुर राम साहू, संकेत अग्रवाल, चेतन वर्मा, संतोष यदु, दिनेश वर्मा, संतोष साहू, कनक मनहरे, लक्ष्मी नारायण शर्मा, अभिषेक शर्मा,अखू, टिकी वर्मा, बृजेश निषाद, सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्त्ता, जनप्रतिनिधिगण एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

राजपूत महिलाओं द्वारा मनाया गया सावन महोत्सव

कुरूद - ग्राम हीरा गाड़ाडीह के महाराणा प्रताप भवन में महिला मंडल उप समिति मंदरौद के तत्वाधान में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजपूत क्षत्रिय समाज की महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सर्वप्रथम वीरता के प्रतीक महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राजपूत महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इस अवसर पर महाराणा प्रताप की वीर गाथा का बखान किया गया और सभी महिलाओं ने अपने बच्चों और समाज को राजपूताना आन बान शान को बनाए रखते हुवे सामाजिक एकता का संकल्प लिया। इस अवसर उप समिति मंदरौद के महिला कार्यकारिणी का विस्तार कर सभी पदाधिकारियों को बधाई दिया गया द्य इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला कार्यकारिणी अध्यक्ष पदमा पवार, नीलू पवार, मंजू ठाकुर, मधु ठाकुर, रेखा ठाकुर, सुरेखा पवार, सीमा प वार, संध्या ठाकुर, भावना पवार, सती पवार, तोशिबा परमार, सपना पवार, सूची पवार, पीहू पवार, प्रियांशी परमार, अंशिता परमार, तृषा पवार, मौली पवार, माही पवार सहित अन्य राजपूत महिलाएं सम्मिलित हुए।

किसान के बेटे का सीआरपीएफ में चयन

हरीश बर्तन बेचने के साथ करता था फौज की तैयारी

भटगांव/नवप्रदेश। सारंगढ़ जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत धाराशिव में एक किसान के बेटे का सीआरपीएफ में चयन हुआ। चयन के बाद आज वापस गांव लौटे जहां ग्रामवासियों में सीआरपीएफ में चयनित हरीश कुमार पटेल का डीजे बाजा व आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। जहां सैकड़ों की संख्या में लोग हरीश के साथ डीजे में देश भक्ति गाना बजाते हुए गांव में रैली निकाल कर लोगो का आशीर्वाद लिया । हरीश ने बताया वर्दी पहनना उनका एक सपना था जो कड़ी मेहनत और सच्ची लगन से आज पूरा हुआ । हरीश सीआरपीएफ में चयन होने से पूरे गांव सहित समाज खुशी का माहौल है।सीआरपीएफ में चयनित हरीश कुमार पटेल का गांव लौटने की खबर मिलते ही पिथौरा क्षेत्र से पटेल समाज के ग्रामीण अध्यक्ष राकेश , पत्रकार संदीप पटेल पहुंचे जहां गुलदस्ता भेंट कर बधाई शुभकामनाएं दिए । वही हरीश के वापस लौटते ही उनके माता पिता बड़े ही भावुक होकर आरती कर हरीश को घर प्रवेश कराया । इस बीच गांव के आमजन सहित पटेल समाज के ग्रामीण अध्यक्ष नन्द कुमार पटेल , बादल पटेल, सूर्या पटेल,सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

कार ने बाइक सवार को मारी ठोकर, दो घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। लहरौद पड़ाव के पास बीते 5 जुलाई को कार की टक्कर से बाइक सवार दो घायल हो गए। इलाज कराने के बाद प्रार्थी ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफपिथौरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। लहरौद निवासी सतीश निषाद ने थाने में शिकायत की है कि 5 जुलाई की दोपहर वह बाइक क्रमांक सीजी 06 पी 0218 से अपने दोस्त कमलेश ठाकुर के साथ पेट्रोल टंकी पिथौरा से डीजल लेकर लहरौद जा रहा था। दोपहर लगभग 2 बजे लहरौद पड़ाव ओवरब्रिज के नीचे झलप की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 04 एलएल 9955 के चालक ने बाइक को ठोकर मार दिया। जिससे वे दोनों सड़क पर गिर गए। दुर्घटना में उनके सिर, कंधे व दोनों पैरों और शरीर के अन्य जगह व कमलेश ठाकुर के नाक, मुंह तथा बांये हाथ की कलाई में चोट आई है।

श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों को प्रसादी वितरण

कुरूद/नवप्रदेश। सावन महोत्सव 2025 में सावन के तृतीय सोमवार को जनहित संस्था, कुरूद के सौजन्य से भंडारा प्रसादी एवं संगीत भजन का आयोजन श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 28 जुलाई को 2025 (सोमवार) शाम 05 बजे से अमृतेश्वर महादेव मंदिर परिसर, कुरूद में किया गया। जिसमें श्रद्धालुजनों ने सपरिवार पहुंचकर भजन संध्या में सम्मिलित हुए एवं प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर आयोजन समिति अध्यक्षः गिरीश शर्मा, उपाध्यक्षः दीपक शर्मा , योगेश चंद्राकर, कोषाध्यक्षः हरीश केला, संरक्षक मंडल अनिल चंद्राकर, विजय केला सदस्य सौरभ चंद्राकर, मनोज चंद्राकर, बालू केला,टिंकू अग्रवाल,लक्कू केला सौरभ केला ,बलराम साहू,कमलेश गांधी,गुड्डू केला,राहुल चंद्राकर प्रतीक लालू केला ,महेश केला दीपक अग्रवाल एवं समस्त सदस्यगण, अमृतेश्वर महादेव मंदिर कुरूद उपस्थित रहे।

एम एम फिश कंपनी के प्रदूषण-बदबू से ग्रामीण व राहगीर परेशान

बहुजन आंदोलन पार्टी ने एसडीएम सिमगा को सौपा ज्ञापन

सिमगा/नवप्रदेश। ग्राम बैकोनी स्थित फिश कंपनी के प्रदूषण और बदबू से ग्रामीणों को निजात दिलाने बहुजन आंदोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौपा ज्ञापन। ब्लाक मुख्यालय से छह किलोमीटर दूर ग्राम बैकोनी में एम एम फिश मंडल एक्वाटेक कंपनी स्थित हैं। जहा मछली दाना बनाया जाता है। उक्त फैक्ट्री की चिमनी से प्रतिदिन निकलने वाले काले रंग की प्रदूषित धुंआ एवं मछली दाना के बदबू से ग्रामीण काफ़ी परेशान है। जिसे लेकर बहुजन आंदोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने आज सोमवार को कलेक्टर बलौदाबाजार के नाम एसडीएम अंशुल वर्मा को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही पांच अगस्त को धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। प्रदेश अध्यक्ष अली ने बताया कि इस प्रदूषित धुंआ के कारण ग्राम बैकोनी बनसांकरा चंदेरी दुलदुला हरिनभट्ठा सिमगा के किसानों के खेतों में धुंआ के कण की परतें खेतों व तालाबों में जमा देखा जा सकता है। उक्त फैक्ट्री में मछली दाना बनाया जाता है। जिसमे बहुत ही दर्गंध बदबू निकलता है जिससे ग्रामीणों व राहगीरों को सांस लेने में बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ता है। जो हवाओं के चलने से गांव तक आती है। वही नेशनल हाइवे में आने जाने वाले लोगों को बदबू के कारण वाहन तेज चलाना पड़ता है जिसके कारण अनेकों बार दुर्घटनाएं घट चुकी है व लोग हादसे के शिकार हो चुके है। काले धुएँ के साथ रख उड़ने से लोगों के आँखों में जलन व चुभन महसूस होती है। जिसकी शिकायत अधिकारियों से अनेकों बार ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि द्वारा की गयी। लेकिन फिश कंपनी के उपर किसी भी प्रकार की अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। अनेकों बार फैक्ट्री संचालक से भी इस संबंध में बात कर समस्याएं रखी गई किन्तु किसी प्रकार का सुधार नहीं किया गया है।

हाईवा से बैटरी की चोरी

महासमुंद/नवप्रदेश। ब्यारा में खड़े हाईवा की बैटरी अज्ञात ने पार कर दी। कौशिक कॉलोनी निवासी रोहित चंद्राकर ने थाने में शिकायत की है कि उसने अपना दोनों हाईवा बरसात में काम न होने के कारण बड़े भाई पत्राल्लाल के ब्यारा में खड़ा किया था। जब वह 26 जुलाई की सुबह करीब 7 बजे गया तो हाईवा क्रमांक सीजी 04 एचएक्स 5111 की दो नग बैटरी गायब थी। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

विधायक से मिला रसोईया संघ का प्रतिनिधिमंडल

'मोदी गारंटी वादा पत्र' में रसोइयों के लिए घोषित 50% वेतन वृद्धि को शीघ्र लागू करने की मांग

महासमुंद। प्रदेश स्कूल रसोईया संघ मध्याह्न भोजन की 100 से अधिक महिला रसोइयों ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से मुलाकात की। मुलाकात में रसोईया संघ ने भाजपा के 'मोदी गारंटी वादा पत्र' में रसोइयों के लिए घोषित 50% वेतन वृद्धि के वादे को शीघ्र लागू करने की मांग पुरजोर ढंग से रखी। विधायक श्री सिन्हा ने इस मांग पर गंभीरता दिखाते हुए रसोइया प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री से शीघ्र भेंट सुनिश्चित करवाएंगे, ताकि यह मांग सीधे प्रदेश के मुखिया तक पहुंचाई जा सके। रसोईया संघ की प्रदेश प्रमुख श्रीमती नीलू ओगरे ने विधायक का आभार जताते हुए कहा कि उनके इस सहयोगात्मक रवैये से प्रदेशभर की 87 हजार से अधिक रसोइयों में सरकार के प्रति विश्वास और भी मजबूत हुआ है। जिससे प्रदेशभर में मध्यान्ह भोजन योजना से जुड़ी महिलाओं को अब जल्द ही राहत की उम्मीद बंधी है।

जिला स्तरीय शिक्षण उत्सव का आयोजन 30 को राजिम में

राजिम/नवप्रदेश। शासकीय स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए "शिक्षण उत्सव" का जिला स्तरीय आयोजन 30 जुलाई को राजिम में आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य शिक्षकों और प्रशासनिक अधिकारियों के योगदान को सम्मानित करना है। यह आयोजन बच्चों को बेहतर, समावेशी और प्रेरणादायी शिक्षा दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला स्तरीय कार्यक्रम 30 जुलाई 2025 को प्रेम रतन मैरिज पैलेस, राजिम में होगा। इसमें जिले के लगभग 70 शिक्षक भाग लेंगे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों और प्रशासन के बीच समन्वय को सुदृढ़ करना है। जिससे शिक्षा प्रणाली को और अधिक प्रभावी और सहभागी बनाया जा सके। इस कार्यक्रम का संचालन गरियाबंद के शिक्षकों द्वारा किया जाएगा, जिसमें ओपन लिंक्स फाउंडेशन की अहम भूमिका रहेगी। इस कार्यक्रम में कलेक्टर बी.एस. उइके, जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंग धीर, जिला मिशन समन्वयक शिवेश कुमार शुक्ला, श्याम कुमार चंद्राकर, मनोज केला, विल्सन पी थॉमस, अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण तथा ओपन लिंक्स फाउंडेशन के मुख्य परिचालन अधिकारी विश्वजीत पवार और विनोबा टीम विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस दौरान विभिन्न विद्यालय, संकुल, ब्लॉक और जिला स्तर पर उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही संवाद को बढ़ावा देने हेतु टीम एक्टिविटीज, समूह चर्चा एवं रचनात्मक गतिविधियाँ भी आयोजित की जाएंगी। सेल्फी पॉइंट्स, शिक्षक विचार मंच तथा उपहार वितरण जैसे तत्व इस आयोजन को और भी जीवंत बनाएंगे।

दंडवत प्रणाम ... बम्हनी के पवित्र कुण्ड से जल लेकर 8 हजार से अधिक कांवरियों ने चढ़ाया जल

जलाभिषेक के लिए मंदिर में भक्तों की लंबी कतार

महासमुंद/नवप्रदेश। सिरपुर स्थित गंधेश्वर महादेव के जलाभिषेक व पूजा -अर्चना के लिए सावन के तीसरे सोमवार को मंदिर परिसर भगवान भोलेनाथ के भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर ट्रस्ट को कांवरियों की कतार लगानी पड़ी।

जो सिरपुर बस स्टैंड तक लंबी कतार लगी रही। मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों का अनुमान है कि आज तीसरे सोमवार को 12 हजार से अधिक कांवरिए जिले के विभिन्न स्थानों से जल लेकर यहां महादेव का जलाभिषेक करने पहुंचे थे। इनमें सभी आयु वर्ग के लोग शामिल थे, पर युवाओं की संख्या अधिक थी। बता दें कि 11 जुलाई से शुरू सावन माह के बाद पहले और दूसरे सोमवार को सिरपुर के गंधेश्वर महादेव में जलाभिषेक करने सीमित संख्या में कांवरिए यहाँ पहुंचे थे। तीसरे सावन सोमवार को जलाभिषेक के लिए जिले के अनेक स्थानों से कांवरिए जल लेकर शनिवार को सिरपुर के लिए प्रस्थित हुए । जिला मुख्यालय से लगे बम्हनी के पवित्र कुण्ड से शनिवार को लगभग 8 हजार से अधिक कांवरिए जल लेकर सिरपुर के लिए प्रस्थित हुए । कांवरियों के लिए रास्ते के कई स्थानों में समितियों की ओर से भोजन प्रसादी की व्यवस्था और भजन संध्या का आयोजन भी किया गया था। इसी तरह तुमगांव का एक कांवरिया दंडवत प्रणाम करते हुए सिरपुर के लिए यात्रा की शुरुआत की ।

उन्होंने मौन व्रत रखा है, उनके साथ चल रह कांवरियों ने बताया कि भोलेनाथ को रिझाने वे दंडवत प्रणाम करते हुए कांवर यात्रा कर रहे हैं। रविवार दोपहर बाद से ही सिरपुर में कांवरियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था । मंदिर ट्रस्ट द्वारा कांवरियों के रुकने की व्यवस्था थी। वहीं गंगा आरती के बाद रविवार रात भंडारे में भोजन ग्रहण कर आराम करने के बाद आज अल सुबह महानदी में स्नान के बाद कांवड़ में जल लिए हजारों कांवरिए जलाभिषेक के लिए अपनी बारी का इंतजार करने लगे। बताया जाता है कि सिरपुर में आज पूरा परिसर खचाखच भरा था करीब 12 हजार से अधिक कांवरिए यहाँ पहुंचे और मंदिर परिसर से सिरपुर बस स्टैण्ड तक कतार लगी रही।

सवा लाख पार्थिवलिंग का अभिषेक आज

बागबाहरा/नवप्रदेश। श्री लालपुरेश्वर शिव मंदिर लालपुर में सवा लाख पार्थिवलिंग रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन रखा गया है। पार्थिव शिवलिंग का निर्माण विगत सप्ताह भर से चल रहा था। महा रुद्राभिषेक मंगलवार (नागपंचमी) के दिन सुबह 9 बजे शुरू होगा। मुख्य आयोजक पं. बसंत महाराज, पं. हरीश महाराज, पं. हेमंत महाराज (राका महाराज) एवं समस्त नगरवासी है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नागपंचमी पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

❍ **नागपंचमी पर्व प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व और करुणा का प्रतीक: मुख्यमंत्री**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को नागपंचमी (29 जुलाई 2025) के पावन अवसर पर शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह पर्व हमारी सनातन संस्कृति की गहराई, लोक आस्था की ऊर्जा और प्रकृति के साथ समरसता का जीवंत प्रतीक है। यह हमारे पूर्वजों द्वारा रचित वह परंपरा है, जो जीव-जगत के साथ सम्मानपूर्ण सह-अस्तित्व का संदेश देती है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि नागपंचमी का पर्व पर्यावरण संतुलन और जैव विविधता के प्रति हमारी जिम्मेदारी की याद दिलाता है। मुख्यमंत्री साय ने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे इस पर्व के माध्यम से न केवल सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजें, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता और सामाजिक सौहार्द को जीवन में अपनाएँ।

ग्रीन स्टील और माइनिंग समिट में शामिल हुए सीएम

❍ **पीएम मोदी का सपना है भारत को स्टील हब बनाना, छत्तीसगढ़ निभाएगा अहम भूमिका**

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने '2047 तक विकसित भारत' के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को साकार करने की दिशा में अंजोर छत्तीसगढ़ की स्पष्ट और दूरदर्शी रूपरेखा प्रस्तुत की है। इस दिशा में कनफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री द्वारा रायपुर में आयोजित ग्रीन स्टील और माइनिंग समिट 2025 एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ। समिट के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने छत्तीसगढ़ को देश का स्टील हब बनाने के लिए राज्य सरकार के ठोस प्रयासों और रणनीतियों को साझा किया। इस दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी भी मौजूद रहे।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन के दौरान भारतीय उद्योग परिसंघ को धन्यवाद देते हुए कहा कि 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ के विजन को साकार करने की दिशा में अंजोर छत्तीसगढ़ का खाका प्रस्तुत किया है। विशेष रूप से स्टील और पावर सेक्टर पर जो केंद्रित दृष्टिकोण अपनाया गया है। सीएमसाय ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि भारत को स्टील हब बनाया जाए। इस दिशा में छत्तीसगढ़ एक प्रमुख भागीदार के रूप में उभर रहा है। राज्य सरकार ने स्टील उत्पादन को बढ़ाने के लिए नई औद्योगिक नीति में विशेष प्रावधान किए हैं, जिसमें अनुदान, लॉजिस्टिक सुविधाएं और भूमि नीति शामिल हैं। तेजी से बढ़ती रेल अधोसंरचना के माध्यम से अब प्रदेश के हर कोने को जोड़ने का कार्य प्रगति पर है। इससे कच्चे माल की ढुलाई कम लागत पर हो सकेगी और उद्योगों को मजबूती मिलेगी। आज जलवायु परिवर्तन पूरी दुनिया के सामने एक गंभीर चुनौती है। इसी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने ग्रीन एनर्जी और शून्य कार्बन उत्सर्जन को लक्ष्य बनाया है। कुछ माह पूर्व आयोजित एनर्जी समिट में 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव आए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि ग्रीन स्टील समिट का यह दो दिवसीय आयोजन हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सीआईआई छत्तीसगढ़ के चेयरमैन संजय जैन एवं उनकी टीम इस आयोजन को पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ सफल बना रही है।

इस आयोजन में देश-विदेश से आए विशेषज्ञ और प्रतिनिधि ग्रीन स्टील की संभावनाओं व रणनीतियों पर मंथन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हम एससीआर(स्टेट कैपिटल रीजन) का भी विकास कर रहे हैं, जिसके लिए अलग प्राधिकरण गठित किया गया है।

छठ महापव

छठ महापर्व आयोजन समिति प्रमुख राजेश सिंह ने की राज्यपाल से भेंट

रायपुर/ नवप्रदेश। छठ महापर्व आयोजन समिति महादेव घाट रायपुर के आयोजक प्रमुख राजेश सिंह ने राजभवन में बिहार के राज्यपाल महामहिम श्री आरिफ मुहम्मद खान से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद श्री रवि शंकर प्रसाद भी उपस्थित रहे।इस भेंट में राजेश सिंह ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर विशेष चर्चा की। उन्होंने महामहिम राज्यपाल को अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ में बिहार राज्य से बड़ी संख्या में लोग निवासरत हैं, जो चुनाव के समय अपने मताधिकार का प्रयोग करने बिहार जाते हैं। उन्होंने बताया कि छठ महापर्व आयोजन समिति तथा समस्त भोजपुरी समाज की ओर से इन प्रवासी बिहारी मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।राजेश सिंह, जो स्वयं बिहार राज्य से संबंध रखते हैं, ने समस्त बिहारवासियों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में जाकर मतदान अवश्य करें तथा एक साफ-सुथरी, उत्तरदायी और मजबूत सरकार के गठन में अपनी भूमिका निभाएं इसकी जानकारी राज्यपाल को दी। यह मुलाकात एक सामाजिक-सांस्कृतिक पहल के साथ-साथ लोकतांत्रिक चेतना के विस्तार का भी प्रतीक मानी जा रही हैं।

देशभर में करोड़ों की ठगी 5 ठग यूपी से गिरफ्तार

रायपुर की महिला से की थी 2.83 करोड़ की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। देशभर में साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम देने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 5 सदस्यों को छत्तीसगढ़ पुलिस ने उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों ने रायपुर की आमासिवनी निवासी सोनिया हंसपाल को डिजिटल अरेस्ट कर 2.83 करोड़ रुपए की ठगी की थी। आरोपियों के कब्जे से कई बैंक खाते, चेक बुक, सिम कार्ड और मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। साथ ही 43 लाख रुपए की ठगी की रकम खातों में होल्ड कराई गई है।

आरोपियों ने खुद को दिल्ली साइबर सेल का अधिकारी बताते हुए महिला को डराया कि उसके नाम से कई बैंक खाते खोले गए हैं, जिनमें मनी लॉन्ड्रिंग की जा रही है। इसके बाद उसे व्हाट्सएप में वीडियो कॉल पर बनाए रखा और लगातार धमकाकर करोड़ों

40 से ज्यादा फर्जी कंपनियों का बिछाया है जाल

आरोपी अनुप, नवीन और आनंद सिंह श्रीनारायणी इंफ्रा डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड, श्री गणेशा डेवलपर्स, अर्बन एज इंफ्रा बिल्डकॉम प्राइवेट लिमिटेड, पावन धरा इंफ्रा बिल्डकॉम, स्नो हाइट्स कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड एवं आनंद ट्रेडर्स नामक फर्जी कंपनी बनाकर अलग-अलग बैंकों में खाता खुलवाकर ठगी से प्राप्त रकम को इधर-उधर करने और नगद आहरण करने का काम करते थे। आरोपी आनंद सिंह देवरिया उत्तर प्रदेश में पंजाब नेशनल बैंक ग्राहक सेवा केंद्र का संचालन करता था। जांच में पता चला है कि आरोपियों ने देशभर में 40 से अधिक फर्जी कंपनियां बनाकर अलग-अलग राज्यों में ठगी की वारदातों को अंजाम दिया है। पुलिस अब आरोपियों की संपत्ति की जानकारी जुटाकर उसे जब्त करने की तैयारी में है। इस मामले से जुड़े अन्य आरोपी अभी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है और जल्द गिरफ्तारी के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

ठगी की वारदात कबूल

पीड़िता की शिकायत पर घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन में रेंज साइबर थाना, एंटी क्राइम और थाना विधानसभा की टीम बनाई गई। तकनीकी विश्लेषण और बैंक खातों की जानकारी के आधार पर पुलिस की 4 सदस्यीय टीम उत्तरप्रदेश भेजी गई। रायपुर पुलिस की टीम ने गोरखपुर से आकाश साहू और शेर बहादुर सिंह उर्फ मोनू को और लखनऊ से अनूप मिश्रा, नवीन मिश्रा और आनंद कुमार सिंह को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सभी ने ठगी की वारदात कबूल की।

ये हैं गिरफ्तार आरोपी

आकाश साहू (24), उंचेर, गोरखपुर
शेर बहादुर सिंह उर्फ मोनू (29), उंचेर, गोरखपुर
अनूप मिश्रा (48), आलमबाग, लखनऊ
नवीन मिश्रा (41), नीलमत्था, लखनऊ
आनंद कुमार सिंह (35), रुद्रपुर, देवरिया उत्तरप्रदेश

लता गाथा कार्यक्रम का भव्य आयोजन लता मंगेशकर के सुरों को दी श्रद्धांजलि

रायपुर /नवप्रदेश । स्वर्णिम लता फाउंडेशन, रायपुर द्वारा कमलादेवी संगीमहाविद्यालय के सभागार में सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर को समर्पित एक विशेष कार्यक्रम ÷लता गाथा÷ का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्वर कोकिला लतामंगेशकर के जीवन मूल्यों, संगीत साधना और प्रेरणादायी यात्रा को नई पीढ़ी तक पहुँचाना था।यह कार्यक्रम लता जी के जीवन और कृतित्व पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें विजेताओं को सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में शीतल भोई, दीपराज वर्मा, त्रिलोचन सोना, आकांक्षा दूबे, अनीता छाब्लानी, दीपक वेडकर और रोशनी गुप्ता शामिल रहे।

कार्यक्रम का मंच संचालन शिरीन सिद्दीकी ने प्रभावशाली ढंग से किया। मुख्य अतिथियों के रूप में विविध भारती मुंबई के गोल्डन वॉइस कमल शर्मा और रिटायर्ड बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश्वर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कमलादेवी संगीत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आरती सिंह ने की। स्वर्णिम लता फाउंडेशन के संरक्षक मनोज शर्मा, सीमा हर्देल, सुप्रसिद्ध बाँसुरी वादक विवेक टांक, दीपक हडवार, सुमन शर्मा सहित अनेक शिक्षक, संगीत प्रेमी और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

यह आयोजन संगीत और स्मृति का एक ऐसा संगम बना जिसने लता मंगेशकर के अविस्मरणीय योगदान को एक बार फिर जीवंत कर दिया।

भोजपुरी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष ने औद्योगिक क्षेत्र में किया पौधारोपण

रायपुर। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज बिरगांव के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने आज उरला औद्योगिक क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर भोजपुरी समाज के अन्य सदस्य भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अजय सिंह ने फैक्ट्री परिसर में काम करने वाले कर्मचारियों से सीधे संवाद कर पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ÷औद्योगिक विकास के साथ-साथ हमें पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। आज का समय हमें चेतावनी दे रहा है कि यदि हम अब भी नहीं जागे, तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।उन्होंने स्थानीय लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का आग्रह किया, साथ ही स्वच्छता और हरियाली को अपनाने का भी संदेश दिया।यह पहल न सिर्फपर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास है, बल्कि सामाजिक संगठनों की भागीदारी से औद्योगिक क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव की एक मिसाल भी है। उपस्थित सदस्य, रणजीत सिंह, कृष्ण मोहन चौबे, पप्पू मिश्रा, अमलेश सिंह, श्रवण मिश्रा,वीर बहादुर सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

दुर्ग में ननों की गिरफ्तारी, मारपीट सरकार का अतिवादी चरित्र : कांग्रेस

रायपुर / नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के राज में प्रदेश में हर वर्ग परेशान है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा और आरएसएस के लोग अल्पसंख्यकों को टार्गेट कर रहे तथा सरकार अपनी ताकत का दुरुपयोग कर अल्पसंख्यकों को प्रताड़ित कर रही है। दुर्ग में दो ननों के साथ आरएसएस भाजपा के लोगों ने मारपीट किया, बाद में उन्हीं ननों को जेल में डाल दिया। यह चिंताजनक स्थिति है। धर्मांतरण का हौव्वा खड़ा कर गुंडागर्दी किया जाना गलत है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल एवं यू.डी.एफ. के सांसदों ने भी इस संदर्भ में संसद में भी चिंता किया, प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि ननों के मामले में निष्पक्ष जांच होनी चाहिए तथा उनकी रिहाई की जानी चाहिए। ननों के साथ जाने वाली महिलाएं रोजी-रोटी के लिए स्वेच्छा से जा रही थी।

नगपुरा के मुख्य मुख्यमार्ग में गोकने नाला का पानी पुल के ऊपर

रायपुर / नवप्रदेश। बिल्हा प्रदेश मे पिछले दिनों हुए भारी बरसात के कारण जन जीवन अस्त - व्यस्त हो गया है, इसी कड़ी मे बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नगपुरा के मुख्यमार्ग मे गोकने नाला के ऊपर बने पुल जो धमनी, कड़ार, सेंवार कया, बुंदेला होते हुए बलौदाबाजार जिले को सिरगिट्टी बिलासपुर से जोड़ती है के पुल मे पानी का बहाव तेज व ऊपरी सतह तक चलने के कारण पुल पुरी तरह से डूब चुकी है।

शासन - प्रशासन की अधिकारियों की उदासीन रवैया के कारण जान जोखिम मे डालकर लोग आवगमन कर रहे है, स्कूली बच्चे हफ्तों से स्कूल नही गये, काम पर आने - जाने वाले आमजन भी इस लचर व्यवस्था के शिकार हो गये।ग्रामवासियो से पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र शुक्ला ने भेंट कर आज मौके का मुआयना कर बाढ़ पीड़ितों को राहत दिलाने हेतु इस मार्ग पर गोकने नाला के ऊपर बड़ी पुल निर्माण हेतु पी, डब्ल्यू, डी अधिकारियो को लागत दर (बजट) बनाकर शासन तक पंहुचाने हेतु चर्चा किया, जिससे आने वाले समय मे यह व्यवस्था सुधर सके व आमजन को कठिनाई भरे रास्ते से गुजरने हेतु राहत मिले।

भाजपा ध्रुवीकरण करने के लिए अल्पसंख्यकों को निशाना बनाती है: भूपेश बघेल

❍ **आदिवासी युवतियों के साथ दो ननों को गिरफ्तार करने के मामले में जांच करनी चाहिए थी**

रायपुर/ नवप्रदेश। दुर्ग में दो ननों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर मानव तस्करी व धर्मांतरण का आरोप लगाने के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के राज में पूरे देश में अल्पसंख्यक असुरक्षित हैं। उन्होंने कहा है कि बहुसंख्यकों का ध्रुवीकरण करने के लिए भाजपा ऐसा षडयंत्र करती है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने कहा है कि कानून यह कहता है कि किसी मामले में शिकायत दर्ज हो तो पहले जांच की जानी चाहिए फिर एफआईआर दर्ज करके कार्रवाई करना चाहिए, लेकिन भाजपा सरकारों के अंतर्गत पूरे देश में हो रहा है कि जैसे ही अल्पसंख्यकों का मामला आता है, पुलिस बिना कानूनी औपचारिकता पूरी किए कार्रवाई करती है. चाहे वो ईसाइयों का मामला हो, मुसलमानों का या फिर सिख या किसी अन्य अल्पसंख्यक का।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बहुसंख्यक समुदाय के राजनीतिक ध्रुवीकरण के लिए ऐसा करती है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने कहा है कि ननों पर भी इसीलिए कार्रवाई की गई कि तीनों आदिवासी महिलाओं को उनकी सहमति से रोजगार के लिए साथ ले जाया जा रहा था और इसमें उनके परिजनों की स्वीकृति भी थी। नौकरी करना हर किसी का नागरिक अधिकार है और इसके लिए कोई भी व्यक्ति देश के किसी भी हिस्से में जाकर काम कर सकता है।पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने कहा है कि पुलिस की अनुचित कार्रवाई पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का यह बयान भी दुर्भाग्यपूर्ण है कि यह महिलाओं की सुरक्षा का मामला है। उन्होंने कहा है कि बयान देने से पहले मुख्यमंत्री तथ्यों की जांच करवा लेते तो बेहतर होता। इस मामले पर विरोध दर्द करवाने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव (संगठन) के. सी. वेणुगोपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है।

दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए स्पेशल एजुकेटर की सीधी भर्ती

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राज्य में पहली बार दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए नियमित विशेष शिक्षकों (स्पेशल एजुकेटर) की सीधी भर्ती की जा रही है। इस पहल के तहत कुल 100 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिससे समावेशी शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। उप संचालक लोक शिक्षण द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्राथमिक शालाओं के लिए 50 पद उच्च प्राथमिक शालाओं के लिए 30 पद तथा उच्चतर माध्यमिक शालाओं के लिए 20 पद द्विव्यांगजनों के लिए आरक्षित किए गए हैं। इस संबंध में संक्षिप्त विज्ञापन स्कूल शिक्षा विभाग की अधिकृत वेबसाइट पर जारी किया गया है। विस्तृत विज्ञापन तथा ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी भी शीघ्र ही वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। इस भर्ती

धरदेही में प्रदेश का पांचवां 400 केवी ग्रिड उपकेंद्र ऊर्जीकृत

- **उपकेन्द्र व लाइन की लागत 176 करोड़ रू.**
- **समग्र बिजली प्रणाली की सुदृढ़ता में बड़ा योगदान**

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा धरदेही में प्रदेश के पांचवे 400 केवी विद्युत उपकेंद्र की स्थापना का कार्य पूर्ण कर, प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला के हाथों ऊर्जीकृत कर दिया गया। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिये मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, प्रमुख सचिव तथा पारेषण कंपनी के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह तथा ऊर्जा सचिव डॉ. रोहित यादव ने ट्रांसमिशन कंपनी को बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि राज्य गठन के समय 400 केवी का सिर्फ एक उपकेंद्र था, अब इनकी संख्या 5 हो गई है ।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा 400 केवी क्षमता के अत्याधुनिक एवं उच्च तकनीक से सुसज्जित स्वचालित उपकेंद्र संचालन प्रणाली पर आधारित ग्रिड सबस्टेशन, धरदेही (बिलासपुर) जिला मुंगेली, में 26 जुलाई 2025 को ऊर्जीकृत किया गया। इस उपकेंद्र में स्थापित 400/220 केवी ट्रांसफॉर्मर की क्षमता 2M315 (630) एमवीए, 220/132 केवी ट्रांसफॉर्मर की क्षमता 2M160 (320) एमवीए तथा वोल्टेज नियंत्रक 400 केवी लाइन रिएक्टर की क्षमता 2M50 एमवीएआर है। प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि यह परियोजना छत्तीसगढ़ राज्य की विद्युत क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और सशक्तीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगी।

यह उपकेंद्र प्रदेश के बिजली ढांचे को और अधिक सुदृढ़ एवं विश्वसनीय बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसके चार्ज होने से बिलासपुर, भाटापारा, मुंगेली, कोरबा, जांजगीर-चांपा, अंबिकापुर, बलौदा बाज़ार एवं आसपास के क्षेत्रों को उच्च गुणवत्ता एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। साथ ही औद्योगिक इकाइयों, कृषि क्षेत्र एवं घरेलू उपभोक्ताओं को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा।

धरदेही ग्रिड सबस्टेशन का संचालन न केवल क्षेत्रीय ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करेगा, बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड की 2M660 मेगावाट क्षमता वाली सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट परियोजना से उत्पादित विद्युत के सुरक्षित और कुशल ट्रांसमिशन हेतु एक केंद्रीय कड़ी के रूप में भी कार्य करेगा, साथ ही इस उपकेंद्र की सीधी कनेक्टिविटी पावरग्रिड के बिलासपुर स्थित 765 केवी सबस्टेशन से भी हो जाएगी। 400 केवी सबस्टेशन धरदेही राज्य के भविष्य की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु केंद्रीय प्रणाली से आयातित करने की क्षमता (इम्पोर्ट एटीसी) में पर्याप्त वृद्धि सुनिश्चित करेगा। इस सबस्टेशन के माध्यम से विद्युत उत्पादन को प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में सुचारु रूप से प्रवाहित किया जाएगा, जिससे ग्रिड स्थिरता और ऊर्जा उपलब्धता दोनों को मजबूती मिलेगी।

इस उपकेंद्र का निर्माण निविदा प्रक्रिया से चयनित मेसर्स टेक्नो इलेक्ट्रिक कंपनी लिमिटेड कोलकाता के माध्यम से कराया गया।

भाजपा की बालोद, गरियाबंद और दंतेवाड़ा में नई कार्यकारिणी

रायपुर / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में भाजपा ने प्रदेश के 3 जिलों- बालोद, गरियाबंद और दंतेवाड़ा में नई कार्यकारिणी का ऐलान किया है। यह नियुक्तियां प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय और संबंधित जिलाध्यक्षों के अनुमोदन के पश्चात की गई हैं। इन नियुक्तियों का उद्देश्य जिला स्तर पर संगठन को अधिक सक्रिय, उत्तरदायी और जनसेवी स्वरूप में सशक्त करना है।

गौरतलब है कि बीजेपी छत्तीसगढ़ ने इससे पहले गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर की थी, जिसमें 16 कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है।

न्यूज गैलरी

आज भी शेयर बाजार की निगेटिव ओपनिंग, सेंसेक्स 163 अंक लुढ़का, निफ्टी 24,782 पर

मुंबई। कारोबारी सप्ताह के पहले दिन शेयर बाजार रेड जोन में खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 163 अंकों की गिरावट के साथ 81,299.97 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.22 फीसदी की गिरावट के साथ 24,782.45 पर खुला। कारोबरी सप्ताह के आखिरी दिन शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ. बीएसई पर सेंसेक्स 721 अंकों की गिरावट के साथ 81,463.09 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.90 फीसदी की गिरावट के साथ 24,837.00 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी पर सिप्ला, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, अपोलो हॉस्पिटल्स, डॉ रेड्डीज लैब्स और एचडीएफसी लाइफ के शेयर टॉप गेनर के लिस्ट में शामिल रहे. जबकि बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, श्रीराम फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, बजाज ऑटो के शेयर टॉप लूजर की लिस्ट में शामिल रहे। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में 1-1 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

जीएसटी परिषद सितंबर से पहले इस प्रस्ताव पर चर्चा कर सकती है

कपड़ा उद्योग में एक समान 12 प्रतिशत जीएसटी पर विचार कर रही सरकार

नईदिल्ली। केंद्र सरकार कपड़ा उद्योग के लिए एक समान 12 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू करने पर विचार कर रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, जीएसटी परिषद सितंबर से पहले इस प्रस्ताव पर चर्चा कर सकती है। केंद्र सरकार इस योजना का समर्थन कर रही है, जो जीओएम की कर-युक्तिकरण रिपोर्ट का हिस्सा हो सकती है। इसका उद्देश्य उलटे शुल्क ढांचे को सुधारना है, जो लंबे समय से कपड़ा उद्योग की रफ्तार में रुकावट बना हुआ है। वर्तमान में कपास पर 5 प्रतिशत, सूत पर 12 प्रतिशत और सिंथेटिक रेशों व रसायनों पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है। इसके अलावा, 2,000 रुपये तक के कपड़ों पर 5 प्रतिशत और उससे महंगे कपड़ों पर 12 प्रतिशत कर लगाया जाता है। अब प्रस्ताव है कि कपास

से लेकर अंतिम परिधान तक, पूरी मूल्य श्रृंखला पर 12 प्रतिशत जीएसटी लागू किया जाए। यह खरीदारों पर कर होगा, जिससे कर ढांचे में समानता आ सकेगी। कपास पर कम जीएसटी और अन्य स्तरों पर ऊंचे कर ने उलटा शुल्क ढांचा खड़ा कर दिया है, जिससे पूंजी अटक जाती है और रिफंड की जरूरत बार-बार पड़ती है। इससे निवेश में रुकावट आती है और कीमतें भी लगातार बढ़ती हैं। प्रस्तावित बदलाव से कार्यशील पूंजी का बहाव सुधरेगा, रिफंड की आवश्यकता घटेगी और उद्योग को कर ढांचे में अधिक स्पष्टता मिलेगी। इससे दर विकृति दूर हो सकती है और प्रतिस्पर्धा में सुधार आ सकता है।सिंथेटिक कपड़े, जो आम उपभोक्ताओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं, उन पर फिलहाल 18 प्रतिशत तक का भारी टैक्स है। सरकार मानती है कि कर ढांचे में बदलाव से इन उत्पादों की लागत घटेगी और उद्योग को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मदद मिलेगी। अगर पूरी श्रृंखला को 12 प्रतिशत स्लैब में लाया गया, तो छिपी लागतें खत्म होंगी, पूंजी नहीं फंसेगी और कपड़ा क्षेत्र में नए निवेश आकर्षित हो सकेंगे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. ------- अ/2 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राहुल आर्य पिता प्रकाशचंद आर्य निवासी मातादेवालय वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा जिला-बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम सूराजपुरा प.ह.नं. 04 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 499/25, 499/26 रकबा 0.052, 0.088 हेक्टेयर कुल रकबा 0.1400 लगान 0.18 रुपए भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुनर्निर्धारण किए जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, खसरा, नक्शा, बी-1 प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो प्रकरण नियत 29/07/2025 तक आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भाटापारा (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID- rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 23027 दिनांक 28.07.2025
वार्ड का नाम-25- संत रामदास वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 25 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR819A00063 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती KUMARI JASVEER KAUR/ SARDAR CHARAN SINGH पिता/पति/ श्री/ श्रीमती CHARAN SINGH BHAMRA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. मनदीप सिंह 2. गुरदीप सिंह, 3. तेजेन्द्र सिंह** पिता/पति/ श्री/श्रीमती **स्व. जसविंदर सिंह भामरा** ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सह पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री के विलेख अनुसार/ **अंतिम इच्छा-पत्र (वसीयतनामा)**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री राकेश शर्मा
जोन कमिश्नर
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र., ब/121 वर्ष 2024-2025
ग्राम का नाम- कोनी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्ण कुमार यदु पिता श्री मोहितराम यदु जाति ठेठवार निवासी ग्राम कोनी प.ह.नं. 23 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के द्वारा अपने पुत्र देवेन्द्र पिता श्री कृष्ण कुमार माता का नाम श्रीमती द्रोपती का जन्म दिनांक 07.09.2009 (स्थान) ग्राम कोनी का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत कोनी तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, सरपंच प्रमाण पत्र, सरपंच प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 11.08.2025 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो तारीख 11/08/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 25.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया।

सील

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
निपनिया (छत्तीसगढ़)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID- rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 21874 दिनांक 28.07.2025
वार्ड का नाम-25- संत रामदास वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 25 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR818F00843 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती Surdhara पिता/पति/ श्री/ श्रीमती Lakhan Nayak के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **शीतल कटझोरी** पिता/पति/ श्री/श्रीमती **राकेश कटझोरी** ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सह पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री के विलेख अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री राकेश शर्मा
जोन कमिश्नर
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

सरकारी प्रतिभूतियों में निवेशकों का भरोसा कायम

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक दो सरकारी प्रतिभूतियों की सफल नीलामी की। इन नीलामियों के जरिए कुल 36,000 करोड़ रुपये जुटाए गए। यह सरकारी बॉन्ड के प्रति निवेशकों की मजबूत मांग को दर्शाता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 36,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी सफलतापूर्वक संपन्न की। आरबीआई ने 5.91 फीसदी पर 2028 में परिपक्व होने वाली प्रतिभूति के लिए 6,000 करोड़ रुपये और 6.33 फीसदी पर 2035 में परिपक्व होने वाली प्रतिभूति के लिए 30,000 करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि तय की थी। दोनों नीलामियां पूरी तरह सब्सक्राइब हो गईं। यह सरकारी बॉन्ड के प्रति निवेशकों की मजबूत मांग को दर्शाता है। आंकड़ों के अनुसार 5.91 प्रतिशत जीएस 2028 के लिए 98 प्रतिभागियों से कुल 24,453 करोड़ रुपये के प्रतिस्पर्धी बोली प्रस्ताव मिले। वहीं, 6.33 प्रतिशत जीएस 2035 के लिए 402 बोलियों के जरिए 74,694 करोड़ रुपये की बोलियां प्राप्त हुईं।

ज्ञान आदर्श स्कूल गुढ़ियारी में कलर बेल्ट परीक्षा का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिला ताइक्कांडो संघ द्वारा ज्ञान आदर्श स्कूल, गुढ़ियारी में कलर बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा संघ के सचिव प्रकाश भारती के मार्गदर्शन तथा कोच श्री कैलाश सिका के सहयोग से संपन्न हुई, जिसमें कुल 52 महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इस संबंध में प्रकाश भारती ने बताया कि ताइक्कांडो में बेल्ट ग्रेडिंग का क्रम व्हाइट से शुरू होकर येलो, ग्रीन, ग्रीन लाइन, ब्लू, ब्लू लाइन और अंत में रेड बेल्ट तक हुआ।

कार्यालय नगर पंचायत फिंगेश्वर , जिला गरियाबंद (छ.ग.)
Email Id- cmofingeshwar@gmail.com
क्र./1128/न.प./Women for tree/2025-26 फिंगेश्वर, दिनांक 28/07/2025

''रूचि की अभिव्यक्ति'' (EOI)

नगर पंचायत फिंगेश्वर द्वारा ''अमृत मित्र'' योजना अंतर्गत समूह चयन हेतु स्व सहायता समूहों से रूचि की अभिव्यक्ति (EOI)-(project Code: AMT-CG-FINGESHWAR-5475-5520) दिनांक 05/08/2025 को दोपहर 3:00 बजे तक स्पीड पोस्ट/ पंजीकृत डाक से आमंत्रित की जाती है, कार्य का विस्तृत विवरण एवं नियम तथा शर्तें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से राशि रु. 100.00 भुगतान कर अथवा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत फिंगेश्वर

कार्यालय नगर पंचायत आमदी, जिला-धमतरी (छ.ग.)
क्र./645/लोनिवि/न.प./2025-26/ आमदी, दिनांक 28/07/2025

''रूचि की अभिव्यक्ति'' (EOI)

नगर पंचायत आमदी द्वारा ''Amrut Mitra'' योजनांतर्गत समूह चयन के स्व सहायता समूहों से रूचि के अभिव्यक्ति (EOI) (Project Code: AMT-CG-AAMDI-7032 दिनांक 05/08/2025 को सायं 5:30 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक द्वारा आमंत्रित की जाती है, कार्य का विस्तृत विवरण एवं नियम तथा शर्तें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से रुपये 100.00 का भुगतान कर अथवा विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in/ से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत आमदी
जिला-धमतरी (छ.ग.)

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई- निविदा सूचना

ई-टेंडर नोटिस, एल.आई.टी./14/25/29, तिथि:- 22-जुलाई-2025

1. Tender No.: 03253188, Description: [illegible], Tender closing/Opening date & time: 08.08.2025 At 10:30 hrs., Qty.: 1052 सेट. 2. Tender No.: 03251009, Description: [illegible], Tender closing/Opening date & time: 18.08.2025 At 10:30 hrs., Qty.: 9533 नग. 3. Tender No.: 03251010, Description: [illegible] Tender closing/Opening date & time: 18.08.2025 At 10:30 hrs., Qty.: 5318 नग. [illegible] www.ireps.gov.in. पर देख सकते हैं।

CPR/10/PR/194 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष 2024-2025
ग्राम का नाम- कोनी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामफल यादव पिता श्री शत्रुहन यादव जाति ठेठवार निवासी ग्राम कोनी प.ह.नं. 23 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के द्वारा अपने पुत्र गौरीशंकर यादव पिता श्री रामफल यादव माता का नाम श्रीमती जामबाई यादव का जन्म दिनांक 14.10.2019 (स्थान) ग्राम कोनी का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत कोनी तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़) की जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, सरपंच प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 11/08/2025 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 11/08/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 25/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर या न्यायालय के मुहर सहित जारी किया।

सील

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
निपनिया (छत्तीसगढ़)

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष 2024-2025
ग्राम का नाम- कोनी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामफल यादव पिता श्री शत्रुहन यादव जाति ठेठवार निवासी ग्राम कोनी प.ह.नं. 23 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के द्वारा अपने पुत्र रबीशंकर यादव पिता श्री रामफल यादव माता का नाम श्रीमती जामबाई यादव का जन्म दिनांक 03.06.2018 (स्थान) ग्राम कोनी का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत कोनी तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, सरपंच प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 11/08/2015 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी दिनांक 11/08/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 25/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया।

सील

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
निपनिया (छत्तीसगढ़)

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष 2024-2025
ग्राम का नाम कोनी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्ण कुमार यदु पिता श्री मोहितराम यदु जाति ठेठवार निवासी ग्राम कोनी प.ह.नं. 23 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के द्वारा अपने पुत्र अमर यदु पिता श्री कृष्ण कुमार यदु माता का नाम श्रीमती द्रोपती यदु का जन्म दिनांक 01.01.2013 (स्थान) ग्राम कोनी का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत कोनी तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, सरपंच प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 11.08.2025 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी दिनांक 11/08/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 25/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया।

सील

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
निपनिया (छत्तीसगढ़)

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्युशन कं. लिमि.
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.मं. की एक उत्तरवर्ती कंपनी)

// बिजली बंद की सूचना //

(सं./सं.) संभाग छ.ग. स्टे.पा.डिस्ट्री. **कं.** लिमि. कसडोल संभाग के बिलाईगढ़ उपसंभाग के सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि, नगर पंचायत बिलाईगढ़ के अंतर्गत रोड चौड़ीकरण का कार्य किया जाना है, जिसमें 11 के.व्ही. एवं एल.टी. लाईन को रोड किनारे शिफ्टिंग कार्य हेतु निम्नांकित दिनांक को नीचे दर्शाये गए समय एवं क्षेत्रानुसार विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

क्र.	दिनांक	उपकेन्द्र का नाम	प्रस्तावित फीडर का नाम	समय	प्रभावित क्षेत्र के समस्त उपभोक्ता
1	30.07.2025	पचरी	11 के.व्ही. बिलाईगढ़ फीडर	सुबह 10:00 से 02:00 बजे तक	दुम्हानी, गोविन्दवन, बिलाईगढ़
2	31.07.2025	पचरी	11 के.व्ही. बिलाईगढ़ फीडर	सुबह 10:00 से 12:00 बजे तक	बांसउरकुली, टाडापारा,
3.	01.08.2025	पचरी	11 के.व्ही. बिलाईगढ़ फीडर	सुबह 10:00 से 12:00 बजे तक	पण्ड्रीपानी, छपोरा, नवापारा,
4.	02.08.2025	पचरी	11 के.व्ही. बिलाईगढ़ फीडर	सुबह 10:00 से 02:00 बजे तक	चंदलीडीह, पथरिया।

आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन संभव है।
''स्वहित एवं राष्ट्रहीत में ऊर्जा का संरक्षण करें''

बी.के.वर्मा 91549939
कार्यपालन यंत्री (सं./सं.) संभाग
छ.ग.स्टे.पा.डि.कं. लिमि.-कसडोल

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)
रजबंधा मैदान, रायपुर फोन 0771-2222990 (GST-22JBPS02579D1D2)
क्रमांक 3117/जीडीसी/क्रय/2025 रायपुर, दिनांक 23/07/2025

// तृतीय निविदा सूचना //

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के विभागों एवं शाखाओं से निकलने वाले कपड़े इत्यादि की धुलाई एवं प्रेस कार्य हेतु मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र महाविद्यालय की वेबसाईट www.govtdentalcollegeraipur.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं। इसके लिए राशि रुपये 500/- का बैंक ड्राफ्ट जो प्राचार्य शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के नाम से देय हो संलग्न करना अनिवार्य है अथवा दिनांक 04/08/2025, सायं 5.30 बजे तक राशि रु. 500/- नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट जमा कर महाविद्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं, जो वापसी योग्य नहीं होगी। विवरण निम्नानुसार है:-

क्रमांक	कार्य का संक्षिप्त विवरण	अनुमानित लागत (रु.)	धरोहर राशि (रु.)
1	कपड़े इत्यादि की धुलाई एवं प्रेस कार्य	04 लाख	4000.00

निविदा बिक्री की अंतिम तिथि - 04/08/2025 समय 5.30 बजे सायंकाल तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 06/08/2025 समय 5.30 बजे सायंकाल तक
निविदा खोले जाने की तिथि - 07/08/2025 समय दोपहर 12.00 बजे
निविदा जमा करने का स्थान - शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर छ.ग.
निविदा खोले जाने स्थान - शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर छ.ग.

प्राचार्य
जी-252602398/1 **शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर**

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID- rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 22898 दिनांक 28.07.2025
वार्ड का नाम-23- शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 23 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR812E00642 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती SARSWATI DEDI SON पिता/पति/ श्री/ श्रीमती RAJ KUMAR के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती ADITYA REAL ESTATES AND DEVELOPERS PRIVATE LIMITED पिता/पति/ श्री/श्रीमती DIRECTORS SHRI SANJESH GUPTA S/O SHRI SAJJAN KUMAR GUPTA AND SHRI VIKAS GUPTA S/O SHRI GULJHARI LAL GUPTA ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सह पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री के विलेख अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री राकेश शर्मा
जोन कमिश्नर
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि :- 05/08/2025

स. क्र.	नि.आ.सू.क्र./ नि.आ.सू. दिनांक	सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में)
01	02	03	04	05
	129/2025-26 दिनांक 25/07/2025	172671 (तृतीय आमंत्रण)	जिला बीजापुर, ब्लाक-उसूर के बीजापुर-आवापल्ली-बासागुड़ा-जगरगुण्डा कि.मी. 1/2 से 1/8, 16/2 से 16/8, 17/8 से 18/8, 22/4 से 22/10, 25/6 से 26/4, 30/2 से 30/10, 34/4 से 35/4, 38/2 से 38/8, 41/4 से 41/10, 43/2 से 43/6 = 43.50 कि.मी. में बी.टी. पेच एवं डब्ल्यू.एम.एम. का कार्य।	70.00

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

जी-252602416/1

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बस्तर मंडल जगदलपुर

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति गरियाबंद जिला गरियाबंद (छ.ग.)
क्र./मंडी/निर्माण/2025-26/606 गरियाबंद, दिनांक 23-07-2025

-:: द्वितीय मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना ::-

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति गरियबंद जिला गरियाबंद (छ.ग.) के अंतर्गत निम्न दर्शित निर्माण कार्य/ स्थल एवं कार्य के सम्मुख दर्शित लागत अनुसार कार्य कराये जाने हेतु छ.ग. लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में द एवं उच्च वर्ग के पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं केवल पंजीकृत डाक से 04 लिफाफा पद्धति से दिनांक 13.08.2025 को सायं 5:30 बजे तक छ.ग. शासन लोक निर्माण विभाग भवन/सड़क कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 से एवं विद्युत कार्य हेतु दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. एवं इस निविदा के जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसूची के आधार पर निविदा प्रपत्र -अ (प्रतिशत दर) में कार्यालय सचिव कृषि उपज मंडी गरियाबंद जिला गरियाबंद छ.ग. आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं इस कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों/ प्रतिनिधियों के समक्ष दिनांक 14.08.2025 को दोपहर 02:00 बजे खोली जायेगी।

1- निविदा प्रपत्र प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि :- 04.08.2025 को सायं 05:30 बजे तक ।
2- निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि :- 08.08.2025 को सायं 05:30 बजे तक ।
3- निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि :- 13.08.2025 को सायं 05:30 बजे तक ।
4- निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि :- 14.08.2025 को दोपहर 02:00 बजे से।

निर्माण कार्यों का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	निर्माण कार्यों का नाम	अनुमानित लागत (रु.लाख में)	अमानत की राशि रु. में	समयावधि (वर्षा ऋतु सहित)	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1	जिला गरियाबंद वि.खं. छुरा ग्राम फुलझर में मुख्य मार्ग से रेखराज साहू के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	9.58	7200/-	03 माह	1000
2	जिला गरियाबंद वि.खं. छुरा ग्राम भरूवामुड़ा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य।	8.20	6200/-	06 माह	1000
3.	जिला गरियाबंद वि.खं. गरियाबंद ग्राम घुटकूनावापारा में निषाद पारा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य।	8.20	6200/-	06 माह	1000

6. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए वैद्य पंजीयन, श्रम कल्याण मंडल (ई.पी.एफ.) का पंजीयन प्रमाण पत्र (निविदा जारी होने माह के पिछले लगातार तीन माह के जमा किए गए चालान की प्रति), बैंक साल्वेंसी (एक साल से पुराना न हो एवं अनुमानित लागत का 15 प्रति. की मूल्य का) जी.एस.टी. पंजीयन, पैन कार्ड की मूल प्रति अवलोकनार्थ तथा आवेदन सहित समस्त दस्तावेजों की नोटरी से सत्यापित छायाप्रति प्रस्तुत करने के उपरांत दिनांक 08/08/2025 तक कार्यालयीन समय में निर्धारित शुल्क रूपये 1000/- की नगद राशि जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं।
7. अमानत की राशि राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी एफ.डी.आर./टी.डी.आर. या डाक विभाग द्वारा जारी एन.एस. सी. के रूप में ''सचिव कृषि उपड मंडी समिति गरियाबंद'' जिला गरियाबंद के नाम से देय ही स्वीकार्य होगी।
8. अन्य शर्तें एवं निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी कार्यालय में कार्यालयीन समय में दिनांक 20.01.2025 तक देखे/प्राप्त किये जा सकते हैं जो कि निविदा अनुबंध का अनिवार्य भाग है।
9. उपरोक्त कार्य हेतु यदि निविदाकार द्वारा लागू दर/दर अनुसूची में 10 प्रतिशत से कम दर कोट किया जाता है तो निविदा हेतु स्पेशल शर्तें लागू होगी। तदानुसार अंतर की राशि ''सचिव कृषि उपज मंडी समिति गरियाबंद'' के नाम एफ.डी.आर. के रूप में अनुबंध निष्पादन के पूर्व जमा करना होगा। शर्तें की प्रति निविदाओं के साथ प्रदाय की जावेगी।
10. लिफाफा ''अ'' में ई.एम.डी. एवं शपथ पत्र लिफाफा ब में समस्त दस्तावेजों (वैद्य पंजीयन, श्रम कल्याण मंडल (ई.पी.एफ) का पंजीयन प्रमाण पत्र, बैंक साल्वेंसी, जी.एस.टी., पंजीयन पेन कार्ड) की मूल प्रति की छायाप्रति, लिफाफा ''स'' में निविदा प्रपत्र एवं लिफाफा ''द'' में लिफाफा ''अ'', ''ब'', एवं ''स'' को भरकर प्रस्तुत किया जावेगा तथा लिफाफा ''द'' में कार्य क्रमांक एवं कार्य का नाम का स्पष्ट उल्लेख करें।

संवाद-44706/1

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति
गरियाबंद, जिला गरियाबंद (छ.ग.)

भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति
गरियाबंद, जिला गरियाबंद (छ.ग.)

फुटबॉल...सात दिन में 16 मुकाबले लगातार पांचवां ड्रा खेला गया

वाराणसी। वाराणसी के विभिन्न स्थानों पर होने वाली खेल प्रतिभाओं में खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। जिले के बाहर भी जाकर यहां के खिलाड़ी खेलों में हिस्सा ले रहे हैं। उन्हें सम्मान के साथ प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। जिला फुटबॉल लीग मोहम्मद रजाउद्दीन स्मृति प्रतियोगिता का मैच बीएचयू के एंफीथियेटर मैदान पर खेला गया। लीग का लगातार पांचवां मैच भी ड्रॉ हो गया। इससे पहले अब तक कुल सात मैच ड्रॉ हो चुके हैं। कार्यक्रम संयोजक राना अनवर ने बताया कि सात दिनों में कुल 16 मुकाबले खेले गए हैं।

कार्यालय नगर पालिका परिषद सरायपाली, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
Email ID- cmonppsaraipali@gmail.com
क्र./372/न.पा.प./लो.नि.वि./2025-26 सरायपाली, दिनांक 28/07/2025

// रूचि की अभिव्यक्ति'' (EOI)//

नगर पालिका परिषद सरायपाली द्वारा ''Amrut Mitra'' योजना अंतर्गत समूह चयन के स्व सहायता समूहों से रूचि की अभिव्यक्ति (EOI)- (AMT-CG-SARAIPALI-6025-6079, 6105 दिनांक 04/08/2025 को सायं 5:30 बजे तक स्पीड पोस्ट/ पंजीकृत डाक द्वारा आमंत्रित की जाती है कार्य का विस्तृत विवरण एवं नियम तथा शर्तें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से राशि रु. 100.00 भुगतान कर प्राप्त कर सकते हैं।

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://uad.cg.gov.in/ से एवं कार्यालय के सूचना पटल पर कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सरायपाली

छत्तीसगढ़ के नक्सल क्षेत्रों में लगेंगे 400 नए बीएसएनएल टावर

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित और दूरस्थ इलाकों में डिजिटल संचार को सशक्त बनाने के लिये 400 नए बीएसएनएल टावर लगाने की योजना पर कार्य कर रही है। ग्रामीण विकास और दूरसंचार राज्यमंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर ने रायपुर में कहा कि इन टावरों की स्थापना के लिए सुरक्षा बलों और वन विभाग से आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद चरणबद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया, बीएसएनएल आज देश में उच्च गुणवत्ता की 4जी सेवाएं दे रहा है और इस विस्तार के साथ हम देश के अंतिम गांव तक डिजिटल कनेक्टिविटी पहुँचाने के मिशन को साकार कर रहे हैं।

योजनाओं के क्रियान्वयन पर संतोष

डॉ. शेखर ने रायपुर में आयोजित एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें ग्रामीण विकास विभाग, डाक विभाग, दूरसंचार विभाग और भारत संचार निगम लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान मंत्री ने राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी योजनाओं के तेज़ और प्रभावशाली क्रियान्वयन पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं ग्रामीण आधारभूत संरचना और आवास क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन ला रही हैं।

राज्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में 'पिंक ऑटो' जैसे नवोन्मेषी प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके तहत महिलाओं को स्वामित्व वाले पिंक ऑटो प्रदान किए जा रहे हैं।

यह पहल अन्य राज्यों के लिए भी एक अनुकरणीय उदाहरण बन सकती है। उन्होंने कहा की स्वसहायता समूहों को विभिन्न योजनाओं से जोड़कर उन्हें वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और विपणन अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और स्वरोजगार के अवसरों में वृद्धि हो रही है। डॉ. शेखर ने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों को 'मिशन मोडमें लागू किया जा रहा है। इन क्षेत्रों में सेवाएं घर-घर तक पहुँचाने की रणनीति अपनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में विद्यालयों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है, जिससे छात्रों को अब जेईई, नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद मिल रही है। इसके साथ ही, दिव्यांग छात्रों के लिए विशेष सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं, जो एक संवेदनशील और समावेशी पहल है।

अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रही हैं सरकारी योजनाएं

डॉ. शेखर ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं अब समाज के अंतिम पंक्ति के नागरिक तक पहुँच रही हैं। वंचित, आदिवासी और दुर्गम क्षेत्रों में भी अब तेज़ विकास और परिवर्तन देखा जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि डिजिटल, भौतिक और सामाजिक बुनियादी ढांचे को एकीकृत रूप से मजबूत कर 'सबका साथ, सबका विकास' को धरातल पर उतारा जाए।

छत्तीसगढ़ में 2 नन की गिरफ्तारी, संसद के बाहर प्रदर्शन

राहुल गांधी बोले-ये भाजपा-आरएसएस का भीड़तंत्र

अल्पसंख्यकों को बदनाम कर रहे, आरोप झूठे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के दुर्ग में केरल की 2 कैथोलिक ननों की गिरफ्तारी को लेकर दिल्ली में संसद के बाहर प्रदर्शन हुआ है। मिशनरी सिस्टर्स को धर्मांतरण और मानव तस्करी के आरोप में पकड़ा गया है। गिरफ्तारी के विरोध में सोमवार को केरल से विपक्ष के सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर लिखा- छत्तीसगढ़ में 2 कैथोलिक ननों को उनकी आस्था के कारण निशाना बनाकर जेल भेज दिया गया। यह न्याय नहीं, बल्कि भाजपा-आरएसएस का भीड़तंत्र है। यह एक खतरनाक पैटर्न को दर्शाता है। ये बीजेपी के शासन

में अल्पसंख्यकों का सिस्टेमैटिक उत्पीडऩ है। ष्ठस्न सांसदों ने संसद में विरोध प्रदर्शन किया। हम चुप नहीं बैठेंगे। धार्मिक स्वतंत्रता एक संवैधानिक अधिकार है। हम ननों की तत्काल रिहाई और इस अन्याय के लिए जवाबदेही की मांग करते हैं।

संसद के बाहर सांसदों का प्रदर्शन-

2 मिशनरी सिस्टर को भिलाई थाना-3 के दुर्ग जीआरपी चौकी लाया गया है, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। वहीं कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा, 'हमने ननों की हिरासत के मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। वे केरल की रहने वाली हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि 'वे नियमों के तहत 3 युवतियों को नौकरी के लिए ले जा रही थीं, लेकिन वहां की (छत्तीसगढ़) सरकार और बजरंग दल ने आरोप लगाया कि यह तस्करी का मामला है और वे युवतियों को धर्मांतरण के लिए ले जा रही थीं। यह पूरी तरह से झूठ था।

कार्रवाई को सार्वजनिक करे सरकारः बैज

छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने इस मामले में कहा कि भाजपा की सरकार धर्मांतरण के नाम पर केवल राजनीति कर रही है। जिस तरह से ये मामला सामने आया है, सरकार को निष्पक्ष ढंग से जांच करनी चाहिए। पूरी कार्रवाई को सार्वजनिक करना चाहिए। सरकार इसे राजनीतिक एजेंडा बनाकर काम कर रही है।

दुर्ग रेलवे स्टेशन में हुई थी गिरफ्तारी

25 जुलाई को दुर्ग रेलवे स्टेशन में धर्मांतरण और ह्यूमन ट्रैफिकिंग को लेकर जमकर बवाल हुआ था। 2 मिशनरी सिस्टर (नन) और एक युवक पर 3 आदिवासी युवतियों को क्क के आगरा में काम दिलाने के बहाने बेचने ले जाने का आरोप है। मामला भिलाई थाना-3 के दुर्ग जीआरपी चौकी का है।

उद्यानिकी फसलों के लिए फसल बीमा आवेदन 31 तक

जगदलपुर /नवप्रदेश। खरीफ फसल सीजन वर्ष 2025-26 हेतु उद्यानिकी फसलों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत बीमा करवाने हेतु इच्छुक कृषक 31 जुलाई तक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। जिसके टमाटर, बैंगन, मिर्च, अदरक, केला, पपीता तथा अमरूद हेतु किसानों को न्यूनतम 5 प्रतिशत प्रीमियम राशि का भुगतान करना होगा और शेष प्रीमियम राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा दिया जाएगा। टमाटर के लिए प्रति हेक्टेयर एक लाख 20 हजार रुपए की बीमित राशि है, जिसके लिए किसानों को मात्र 06 हजार रुपए का प्रीमियम देना होगा। बैंगन के लिए प्रति हेक्टेयर 77 हजार रुपए की बीमा राशि निर्धारित की गई है, जिसके लिए किसानों को प्रीमियम के तौर पर मात्र तीन हजार 850 रुपए का भुगतान करना होगा।

मारे गये चार इनामी नक्सलियों की हुई पहचान

दो महिला नक्सली सहित 17 लाख के चार इनामी माओवादी ढेर

बीजापुर/ नवप्रदेश। शनिवार को जिले के दक्षिण-पश्चिमी जंगल क्षेत्र में चलाए गए एक विशेष सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों व नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में चार इनामी नक्सली मारे गए हैं। मारे गए नक्सलियों में दो महिलाएं भी शामिल हैं।

इन सभी पर 17 लाख का इनाम घोषित था। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि बासागुड़ा और गंगलूर थाना क्षेत्र के सीमावर्ती घने जंगलों में नक्सली गतिविधियों की विश्वसनीय सूचना पर डीआरजी बीजापुर द्वारा सर्च ऑपरेशन चुलाया गया।

2025 में अब तक 425 हार्डकोर नक्सली मारे

यह मुठभेड़ 26 जुलाई की शाम से शुरू होकर रुक-रुक कर देर रात तक जारी रही। इस मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की पहचान 5 लाख का इनामी एसीएम प्लाटून 10 दक्षिण सब जोनल ब्यूरो हुंगा, 5 लाख की इनामी एसीएम प्लाटून 30 दक्षिण सब जोनल ब्यूरो लक्खे, 5 लाख की इनामी एसीएम दक्षिण सब जोनल ब्यूरो भीमे व 2 लाख के इनामी पार्टी सदस्य ब्यूरो कम्युनिकेशन हेड का गार्ड निहाल उर्फ राहुल के रूप में हुई है।

इस कार्रवाई को सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. ने बताया कि पिछले 19 महीनों जनवरी 2024 से जुलाई 2025 के भीतर अब तक 425 हार्डकोर नक्सली मारे जा चुके हैं।

यह सुरक्षा बलों की सटीक रणनीति, साहसिकता और जनसहयोग का परिणाम है। आईजी ने यह भी कहा कि मानसून की विकट परिस्थितियाँ—घने जंगल, दुर्गम पहाड़ी इलाकों और निरंतर बारिश के बावजूद सुरक्षा बलों के मनोबल को प्रभावित नहीं कर पाईं। बल पूरी तत्परता और समर्पण के साथ अभियान को सफल बना रहे हैं।

भारी मात्रा में वस्फोटक सामग्री बरामद

मुठभेड़ स्थल से 01 एसएलआर रायफल, 03 मैग्जीन, 15 जिंदा राउंड 01 इंसास रायफल, 03 मैग्जीन, 40 जिंदा राउंड, 01 .303 रायफल, 01 मैग्जीन, 16 जिंदा राउंड, 01 बीजीएल लांचर, 03 सेल, 01 सिंगल शॉट 315 बोर रायफल, 01 12 बोर बंदूक, 12 जिंदा सेल, 08 जिंदा राउंड एके-47, छोटे बीजीएल सेल – 03 नग, ग्रेनेड 01 नग सहित नक्सल साहित्य, दैनिक उपयोग की सामग्री व अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद की गई हैं।

लाखों का पैकेज छोड़ इंजीनियर ने चुनी खेती

बस्तर में इजराइली मेथड से उगा रहे धान-आम-चीकू और अमरूद

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले को अब भी नक्सल प्रभावित इलाके के रूप में पहचाना जाता है। यहां के युवा इंजीनियरिंग, एमबीए जैसी डिग्रियां लेने के बाद बड़ी कंपनियों में रोजगार के लिए पलायन कर रहे थे लेकिन अब कई युवा मल्टीनेशनल कंपनियों के पैकेज छोड़कर बस्तर लौट रहे हैं। यहां खेती-किसानी के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रहे हैं। जगदलपुर निवासी 28 साल के विवेक भारत ऐसे ही युवा हैं, जो इंजीनियर के बजाय अब किसान के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं। खेती में सफलता के पायदान चढ़कर और कई लोगों को रोजगार देकर अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बन रहे हैं।

ऑटोमोबाइल कंपनी में 8 लाख का पैकेज

विवेक ने बताया- चार साल पहले मैंने भिलाई से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की थी। फिर परिवार के कहने पर बड़े शहर की ओर रुख किया। गोवा में एक ऑटोमोबाइल कंपनी में मुझे 8 लाख रुपए से अधिक का सालाना पैकेज भी मिला। लेकिन मेरी इच्छा नौकरी करने की नहीं थी। बचपन से ही खेती के प्रति मेरी रुचि रही थी। मेरी दादी रोजाना मुझे खेत में ले जाती और खेती के बारे में बताती थी। खेती के फायदे भी बताती थी। मेरे अधिकतर दोस्त भी किसान परिवारों से हैं। इसीलिए इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बावजूद मैं खेती करने के बारे में सोचता था।

धान की फसल में लगी बीमारियां

आखिर ऑटोमोबाइल कंपनी का पैकेज छोड़कर मैंने खेती करने की इच्छा जताई तो परिवार ने भी हौसला बढ़ाया। हालांकि शुरुआत में मुझे काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। अनुभव नहीं होने से फसल का नुकसान हुआ। धान की फसल में तना छेदक, बंकी और झुलसा जैसी बीमारियां लग गई थी। अमरूद में एंथ्रेक्नोज, उकठा रोग और छाल भक्षक कीट लग गए थे। चीकू में पत्ती धब्बा रोग, चपटा अंग रोग और सूटी मोल्ड रोग लग गए थे। इस पर कृषि विशेषज्ञों, अनुभवी किसानों से मिला। उनसे जानकारी लेकर कीटनाशकों का उपयोग किया।

इजराइली पद्धति से खेती से बढ़ा मुनाफा

शुरुआती दौर में भिंडी, करेले जैसी सब्जियों की खेती की, लेकिन बाद में जवाफुल, तुलसी मंजरी जैसी सुगंधित धान की खेती शुरू की। साथ ही आम, चीकू, अमरूद, शहतूत आदि फलदार पौधे लगाए। आखिर मुनाफा बढऩे लगा। धान को छोड़कर बाकी फसलों की खेती मल्चिंग विधि से कर रहा हूं। इस इजराइली पद्धति से खेती करने में काफी फायदा मिलता है।

'इंटेलिजेंस आरक्षक' से 20,00,000 का साइबर फ्राड

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पुलिस में आरक्षक के पद पर कार्यरत पृथ्वीराज सिंह (36) के साथ टेलीग्राम के माध्यम से 20,04,285 रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने खम्हारडीह थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें सिस्टम बिजनेस डाट काम के मालिक राजेश विश्वकर्मा, आयूशी , यशवंत राय और चेतन प्रकाश पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है। उक्त आरक्षक एसआईबी पीएचक्यू में पदस्थ है। 22 जून से 26 जून 2025 के बीच टेलीग्राम चैनल सिस्टम ग्रुप-6188' के जरिए उन्हें निवेश पर अधिक लाभ का लालच दिया गया। आरोपियों ने सिस्टम बिजनेस डाट काम पर क्लाइंट आईडी बनवाकर और सिस्टम एजेंट सपोर्ट व सेयस केस ऑउट डिपार्टमेंट के माध्यम से विभिन्न बैंक खातों में 17,51,371 रुपये आरटीजीएस/एनईएफटी और 2,52,914 रुपये फोन-पे के जरिए जमा करवाए।

भारत स्काउट गाइड की छात्राओं ने भेजा एक राखी सैनिक भाइयों के नाम पर

जीपीएम/नवप्रदेश। देश की सरहद पर चौबीस घंटे सेवाएं दे रहे भारतीय सैनिकों के सम्मान में भारत स्काउट गाइड की छात्राओं की ओर से 'एक राखी सैनिक भाइयों के नाम' भेजा गया है। राखियों से भरे कार्टून को कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने अपनी शुभकामनाओं के साथ सैनिकों को रक्षा सूत्र के नाम से भेजा। जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी, आयुक्त स्काउट गाइड अर्चना सामुएल, जिला खेल अधिकारी सीमा डेविड एवं शिक्षा विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पद पर भर्ती

जगदलपुर/नवप्रदेश। कार्यालय संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जगदलपुर के द्वारा बस्तर जिले के अंतर्गत पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों के रिक्त पदों पर एकमुश्त मासिक मानदेय के आधार पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र मूल प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति सहित पंजीकृत डाक के माध्यम से आगामी 11 अगस्त 2025 तक आमंत्रित किए गए हैं।

उक्त पद के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता के तहत मान्यता प्राप्त संस्था से बायोलॉजी विषय में 12 वीं उत्तीर्ण एवं वेटनरी पॉलीटेक्निक डिप्लोमा होना चाहिए। इन पदों पर एक वर्ष के लिए मासिक मानदेय पर भर्ती किया जाएगा। कृत्रिम गर्भाधान कार्य में दक्षता एवं बस्तर जिले के मूल निवासी को प्राथमिकता दी जाएगी। शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के आधार पर आवेदकों का चयन किया जाएगा।

यहां दशर्न मात्र से पूरी होती है शिवभक्तों की मनोकामना, स्वयंभू हैं नरहरेश्वर महादेव

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ जिस तरह से अपनी आदिवासी संस्कृति के लिये विख्यात है। उसी तरह धार्मिक महत्ता के लिए भी फेमस है। 600 साल से भी अधिक पुराने रायपुर के नरहरेश्वर महादेव का धार्मिक महत्व काफी दिलचस्प है। मान्यता है कि यह स्वयंभू महादेव मंदिर है। यहां महादेव के दशर्न मात्र से भक्त की सारी मनोकामनायें पूरी होती हैं। श्रद्धालु जिस भी श्रद्धा भाव से यहां आता है, वह खाली हाथ नहीं जाता। सिद्धार्थ चौक के पास दो तालाबों के बीच स्थित नरहरेश्वर महादेव की धार्मिक महत्ता निराली है। वेद-पुराणों के अनुसार, जब भोलेनाथ यहां प्रकट हुए तो ये पूरा इलाका घना जंगल था। इतिहासकारों के मुताबिक, 200 साल पहले तक यहां कम ही श्रद्धालु दर्शन के लिए आते थे। इसके बाद मंदिर की ख्याति इतनी दूर-दूर तक फैली। आज दूर-दराज से भक्त यहां महादेव का दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। कई भक्त अपनी बीमारी ठीक करने के लिए महादेव से गुहार लगाने पहुंचते हैं। करीब 150 साल पहले इस मंदिर का निर्माण कराया गया था। मंदिर परिसर में स्वयंभू शिवलिंग के साथ, भगवान गणेश, सूर्यनारायण, बीरभद्र और माता पार्वती की मूर्ति भी विराजित है। शिवरात्रि के दिन मन्दिर में नरहरेश्वर महादेव की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। दूध और जल से अभिषेक किया जाता है। कई प्रकार के फूलों, पत्तों से चांदी से श्रृंगार किया जाता है। हर सावन में गुरु पूर्णिमा से लेकर रक्षाबंधन के दूसरे दिन तक एक महीना लगातार अखंड रामायण का पाठ चलता है, हर सावन सोमवार में चांदी से विशेष श्रृंगार किया जाता है।

मंदिर प्रांगण में छह मंदिर है स्थापितः मंदिर के पुजारी पंडित देवचरण शर्मा ने बताया कि मन्दिर में बड़ी संख्या में भक्त मनोकामना लेकर आते हैं। नरहरेश्व महादेव जी का मंदिर जागृत मंदिर है। जितने भी श्रद्धालु यहां आते हैं, उनकी मनोकामना पूरी होती है। नरहरेश्व महादेव के नाम पर ही इस तालाब का नाम नरैया तालाब पड़ा। मंदिर परिसर में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के साथ अन्य देवी-देवताओं की भी पूजा होती है। मंदिर परिसर में छह मंदिर मौजूद है, इनमें भगवान गणेश, राम दरबार भगवान राम, लक्ष्मण माता जानकी मंदिर है। परिसर में राधाकृष्ण मंदिर, हनुमान मंदिर, मां काली मंदिर, संतोषी माता और दुर्गा माता का मंदिर स्थापित है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक - यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com